रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित
पायनियर
हमेशा सच के साथ
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 08 जनवरी 2025 पृष्ठ-12 वर्ष-09, अंक-138 मूल्य 3.00 ₹

क्विक न्यूज़

वीआईपी संस्कृति एक विकृति हैः धनखड़

नयी दिल्ली। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने वीआईपी संस्कृति को विकृति करार देते हुए कहा है कि राजनीति कटुता के लिए नहीं, बल्कि समाज की सेवा के लिए होनी चाहिए। धनखड़ ने कर्नाटक के दक्षिण कन्नड़ जिले में क्षेत्र धर्मस्थल में आगुंतक प्रतीक्षा परिसर और 'ज्ञानदीप कार्यक्रम' का उद्घाटन करते हुए कहा कि वीआईपी संस्कृति एक विकृति है। जब इसे समानता की कसौटी पर परखा जाता है तो यह किसी के अधिकारों का एक अतिक्रमण है।

जल जीवन मिशन के तहत सामुदायिक अंशदान को वहन करेगी सरकार

लखनऊ। योगी सरकार ने उत्तर प्रदेश के ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी है। 'जल जीवन मिशन' के तहत हर घर नल योजना में सामुदायिक अंशदान का वहन अब योगी सरकार करेगी। हर घर तक नल पहुंचाने में पूंजी लागत का 10 फीसदी भाग सामुदायिक अंशदान के रूप में ग्रामीणों से लिए जाने की योजना थी, लेकिन योगी सरकार ने तय किया है कि इस राशि का बोझ आमजन पर न पड़े। इसके लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। गौरतलब है कि यूपी में जल जीवन मिशन के तहत 40951 योजनाएं स्वीकृत हैं। कुल कार्य की लागत 1,52,521.82 करोड़ है। इसमें केंद्रांश 71714.68 व राज्यांश 71714.68 करोड़ रुपये है। लागत के सापेक्ष यूपी का सामुदायिक अंशदान 9092.42 करोड़ रुपये होता है।

ई-श्रम पोर्टल सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में उपलब्ध

नयी दिल्ली। श्रमिकों की केंद्र सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं और कार्यक्रमों तक सुगम पहुंच बनाने के लिए 'ई श्रम पोर्टल' अब सभी 22 अनूसूचित भाषाओं में उपलब्ध होगा। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने एक कार्यक्रम के दौरान ई-श्रम पोर्टल पर बहुभाषी कार्यक्षमता की शुरुआत की। ई-श्रम को 'वन-स्टॉप-सॉल्यूशन' बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप, यह पोर्टल अब सभी 22 अनुसूचित भाषाओं में उपलब्ध होगा। इस कार्यक्रम में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के सचिव और कई वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। केंद्र सरकार की भाषिणी परियोजना का लाभ उठाकर ई-श्रम पोर्टल को 22 भाषाओं में तैयार किया गया है।

नक्सलियों के खात्मे के लिए अभियान निरंतर रहेगा जारी : साय

मुख्यमंत्री ने शहीद जवानों को पुष्पचक्र अर्पित कर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

शहीद जवान को कंधा देते हुए सीएम और डिप्टी सीएम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दंतेवाड़ा के कारली पुलिस लाइन में सोमवार को बीजापुर जिले के कुटरू-बेदरे मार्ग पर ग्राम अंबेली में आईडी ब्लास्ट में शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने शहीद जवानों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर कदम पर राज्य सरकार उनके साथ है। उप मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा, वन मंत्री एवं प्रभारी मंत्री केदार कश्यप, बस्तर सांसद महेश कश्यप, विधायक दंतेवाड़ा चौतराम अटामी, विधायक बीजापुर विक्रम मण्डावी, पूर्व सांसद दीपक बैज, पूर्व विधायक देवती कर्मा सहित डीजीपी अशोक जुनेजा, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, एडीजीपी विवेकानंद सिन्हा, कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी, डीआईजी द्वय कमलोचन कश्यप एवं अमित काम्बले, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, पुलिस अधीक्षक गौरव राय सहित पुलिस एवं सीआरपीएफ के अधिकारी तथा अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शव पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मुख्यमंत्री साय सहित उपमुख्यमंत्री एवं वन मंत्री ने शहीद जवान बामन सोढ़ी के पार्थिव शरीर को कंधा देकर उनके गृह ग्राम के लिए रवाना किया। साथ ही अन्य शहीद जवानों एवं वाहन चालक के पार्थिव शव को उनके गृह ग्राम रवाना किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि बीजापुर के कुटरू क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किया गया कायराना हमला न केवल हमारे जवानों पर, बल्कि लोकतंत्र और शांति के मूल्यों पर प्रहार है। जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलियों के खात्मे के लिए अभियान निरंतर जारी रहेंगे। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि किसी भी हाल में हिंसा और आतंक को सहन नहीं किया जाएगा। हमारी सरकार बस्तर संभाग में शांति स्थापित करने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और मार्च 2026 तक प्रदेश में नक्सलवाद समाप्त होकर ही रहेगा। उल्लेखनीय है कि बीजापुर जिले के कुटरू क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट के चपेट में आने से डीआरजी के 8 जवान सहित एक वाहन चालक शहीद हो गए।

पत्रकार हत्या कांडः ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर का पंजीयन निलंबित, फांसी देने पर अड़े राज्य के पत्रकार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर

लोक निर्माण विभाग ने बीजापुर के ठेकेदार सुरेश चन्द्राकर का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए उसे दिए गए सभी कार्य निरस्त कर दिए हैं। बस्तर परिक्षेत्र जगदलपुर के विभागीय मुख्य अभियंता की अनुशंसा पर प्रमुख अभियंता कार्यालय द्वारा सुरेश चंद्राकर का पंजीयन निलंबित किया गया है। मुख्य अभियंता द्वारा लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सुरेश चंद्राकर अ वर्ग ठेकेदार, बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड के मुख्य आरोपी के रूप में समाचार पत्रों में प्रकाशित किए जाने तथा गिरफ्तार किए जाने के कारण उसके पंजीयन को निलंबित किए जाने की अनुशंसा की गई थी। मुख्य अभियंता की अनुशंसा को दृष्टिगत रखते हुए विभाग ने सुरेश चंद्राकर का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। वहीं सुरेश चंद्राकर को दिए गए सड़क निर्माण के कार्यों को लंबे समय तक बंद पाए जाने तथा कार्यों की धीमी गति के कारण उसे दिए गए सभी कार्यों को निरस्त कर दिया गया है।

राज्य के पत्रकार इस मामले को लेकर लगातार ज्ञापन सौंप रहे है। बीजापुर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर के हत्यारों को फांसी देने की मांग की जा रही है। वहीं अविलंब पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की जा रही है। ज्ञात हो की बिना किसी सुरक्षा के पत्रकार बस्तर जैसे जगहों पर अपनी जान को जोखिम में डालकर पत्रकारिता करते हुए चौथे स्तंभ के दायित्व को निभाते है। इनके जोखिम को देखते हुए राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून की जरूरत महशूस हुई, लेकिन आज तक यह कानून मूर्त रूप नहीं ले सका। पत्रकारों के ऊपर हो रहे हमले के बाद एक बार फिर पत्रकार सुरक्षा कानून जल्द लागू करने की मांग की जा रही है। हालांकि गरियाबंद में एक कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जल्द ही इस कानून को लागू करने की बात कही है।

दिल्ली विधानसभा चुनावः मतदान 5 फरवरी, मतगणना 8 को

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिये चुनावी कार्यक्रम घोषित कर दिए हैं। अधिसूचना - 10 जनवरी (शुक्रवार), नामांकन की अंतिम तिथि 17 जनवरी (शुक्रवार), नामांकन पत्रों की जांच 18 जनवरी (शनिवार), नामांकन पत्रों की वापसी 20 जनवरी (सोमवार), वही मतदान 05 फरवरी (बुधवार) को होगा। तथा 08 फरवरी (शनिवार) को मतगणना की जाएगी।

बजट में महंगाई कम करने की योजना बताएँ मोदी : खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि महंगाई चरम पर है और इससे लोगों का जीवन कठिन हो गया है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बताना चाहिए कि बजट में जनता की बचत बढ़ाने के क्या प्रावधान किए जा रहे हैं। खरगे ने लगातार बढ़ रही महंगाई को लेकर प्रधानमंत्री से सवाल किया और कहा, नरेंद्र मोदी जी, क्या बजट में जनता की बचत बढ़ाने का है कोई प्लान या कमरतोड़ महँगाई से जनता को करते रहेंगे परेशान। उन्होंने कहा, पिछले 6 महीनों में रोज़मर्रा की चीज़ों में गगनचुंबी उछाल, जरूरी दवाइयाँ, तेल, चाय, कॉफ़ी, बिस्कुट, साबुन, आदि...सबकी क़ीमतों बनी जनता के जी का जंजाल। खरगे ने कहा, जीएसटी के बेसमझ रेट और टैक्स के बोझ से पिसता हर इंसान, ख़पत गिरा, आर्थिक सुस्ती से चिंतित पूरा हिंदुस्तान। नौ-नौ 9 प्री-बजट कंसल्टेशन की कोई नहीं है।

डिजिटल डेटा संरक्षण नियम नागरिक केंद्रित शासन के प्रति प्रतिबद्धता : मोदी

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि मसौदा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम 2025 नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्राथमिकता देता है। मोदी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के सोशल मीडिया पर एक पोस्ट पर लिखा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव बताते हैं कि मसौदा डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियम, 2025 नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को कैसे प्राथमिकता देता है। नियमों का उद्देश्य विकास और समावेशिता को बढ़ावा देते हुए व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा करना है। उल्लेखनीय है कि सरकार ने बहुप्रतिक्षीत डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नियमों का मसौदा जारी किया है। इसका उद्देश्य डिजिटल प्लेटफार्म पर लोगों की निजी जानकारी की सुरक्षा करना है।

चीन में विनाशकारी भूकंप से 95 लोगों की मौत, 130 घायल

वार्ता < बीजिंग
www.dailypioneer.com

चीन में शिजांग स्वायत्त क्षेत्र के डिंगरी काउंटी में विनाशकारी भूकंप से 95 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हुए हैं। भूकंप सुबह 9:05 बजे (बीजिंग समयानुसार) आया, जिसका केंद्र डिंगरी काउंटी के त्सोगो टाउनशिप में 28.5 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 87.45 डिग्री पूर्वी देशांतर में सतह से 10 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। भूकंप के केंद्र के 20 किलोमीटर के दायरे में 27 गांव हैं और लगभग 6,900 लोग रहते हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, डिंगरी काउंटी की आबादी 61, 000 से ज्यादा है। भूकंप पर आयोजित किए गए एक संवाददाता सम्मेलन के अनुसार, 3,400 से अधिक बचावकर्मियों और 340 से अधिक चिकित्सा कर्मचारियों को भूकंप प्रभावित क्षेत्र में भेजा गया है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, डिंगरी में अगले तीन दिनों में ज्यादातर धूप खिली रहेगी। इस दौरान न्यूनतम तापमान शून्य से 18 डिग्री सेल्सियस कम से शून्य से 14 डिग्री सेल्सियस नीचे के बीच रहेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को मेडिकल आधार पर 31 मार्च तक दी अंतरिम जमानत

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने 2013 के दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 86 साल के आसाराम को एक मामले में मंगलवार को मेडिकल आधार पर 31 मार्च तक के लिए सशर्त अंतरिम जमानत दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने मानवीय आधार पर उनकी गंभीर बीमारियों की चिकित्सा के लिए यह राहत दी। पीठ ने आसाराम पर जमानत पर जेल से बाहर रहने के दौरान सबूतों से छेड़छाड़ न करने के अलावा अपने अनुयायियों से नहीं मिलने जैसी शर्तें लगाई हैं। पीठ ने 31 मार्च 2025 तक अंतरिम जमानत देते हुए इस दौरान लगाई गई शर्तों का अनुपालन करने का निर्देश देते हुए संकेत दिया कि जमानत अवधि समाप्त होने की तारीख के आसपास आसाराम की चिकित्सा स्थिति का पुनर्मूल्यांकन किया जा सकता है। गौरतलब है कि आसाराम बापू दुष्कर्म के दो मामलों में दोषी ठहराए जाने के बाद 11 साल से अधिक समय से आजीवन कारावास की सजा काट रहे हैं।

रायपुर निगम महिला सामान्य के लिए आरक्षित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों में आम निर्वाचन के लिए नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के महापौर तथा अध्यक्ष पदों के आरक्षण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इसके तहत रायपुर नगर निगम को महिला सामान्य के लिए आरक्षित किया गया है, जबकि रायगढ़ और रिसाली सीटें अनुसूचित जाति के लिए और अंबिकापुर सीट अनुसूचित जनजाति के लिए जनसंख्या के आधार पर आरक्षित की गई हैं। अन्य नगर निगमों में आरक्षण के तहत कोरबा, राजनांदगांव और धमतरी में ओबीसी वर्ग के महापौर पद हैं। इसी प्रक्रिया के तहत नगर निगमों की सीटों का आरक्षण किया गया है, जिसमें महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित की गई हैं। 11 नगर निगमों में से सात सीटें अनारक्षित रहेंगी और चार ओबीसी के लिए आरक्षित होंगी। आरक्षण के बाद, ओबीसी और अन्य अनारक्षित सीटों में से कुछ सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। रायपुर महिला सामान्य, बीरगांव महिला सामान्य, दुर्ग ओबीसी महिला, भिलाई ओबीसी, भिलाई चरौदा ओबीसी, बिलासपुर ओबीसी, कोरबा महिला सामान्य, धमतरी सामान्य, रायगढ़ अनुसूचित जाति, अंबिकापुर अनुसूचित जनजाति, रिसाली अनुसूचित जाति महिला, चिरमिरी सामान्य, जगदलपुर सामान्य, राजनांदगांव सामान्य।

'भारतपोल' से अंतर्राष्ट्रीय जांच के मामले में देश में नये युग की शुरूआत : शाह

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतपोल पोर्टल से अंतर्राष्ट्रीय जांच के मामले में भारत में एक नए युग की शुरूआत हो रही है और यह पोर्टल तथा तीनों नये आपराधिक कानून विदेश भागने वाले अपराधियों को पकड़ने का मजबूत माध्यम बनेंगे। शाह ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल का शुभारंभ किया। उन्होंने सीबीआई के 35 पुरस्कार विजेता अधिकारियों को पुलिस पदक भी प्रदान किए, जिन्हें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और जांच में उत्कृष्टता के लिए केन्द्रीय गृह मंत्री पदक से सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर केन्द्रीय गृह सचिव और सीबीआई निदेशक सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि इस पोर्टल की शुरूआत के साथ अंतर्राष्ट्रीय जांच के मामले में भारत एक नए युग में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतपोल के माध्यम से भारत की हर एजेंसी और पुलिस बली बहुत सरलता के साथ इंटरपोल के साथ समन्व्य कर जांच को गति दे सकेगी। शाह ने कहा कि सरकार की नीतियों से साइंटिफिक रोडमैप और समयबद्ध कार्यक्रम के तहत रीजनल लीडर से ग्लोबल लीडर बनने की भारत की यात्रा को आकार मिला है और इस रास्ते पर हम आगे भी बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि इस दिशा में आगे बढ़ते और वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए हमें अपनी व्यवस्थाओं को अपग्रेड करना होगा और भारतपोल इसी दिशा में एक कदम है। केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि भारतपोल के पांच प्रमुख मॉड्यूल्स के माध्यम से सभी कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सहायता का एक तकनीकी मंच मिला है।

आईपीएस अमित कुमार को मिला राष्ट्रपति पुलिस पदक

नई दिल्ली। छत्तीसगढ़ के खुफिया प्रमुख और एडीजी इंटेलिजेंस अमित कुमार को उत्कृष्ट सेवा और सराहनीय कार्य के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से नवाजा गया। नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। 1998 बैच के आईपीएस अधिकारी अमित कुमार को यह पदक सीबीआई में उनकी सेवाओं के दौरान किए गए उत्कृष्ट और उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिया गया है। उनकी सराहनीय भूमिका ने न केवल सीबीआई बल्कि छत्तीसगढ़ पुलिस को भी गौरवान्वित किया है।

न्यायालय ने कहा- निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का दायित्व सौहाद्र बनाना है ना कि बिगाड़ना

भाजपा विधायक रायमुनी के खिलाफ कोर्ट में अपराध दर्ज

पायनियर संवाददाता < जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

ईसा मसीह पर की गई विवादित बयान के मामले में जिला न्यायलय में दर्ज परिवाद की सुनवाई करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार चौहान ने जशपुर की भाजपा विधायक रायमुनि भगत के विरुद्ध बीएनएस की धारा 196,299 और 302 के अंतर्गत अपराध दर्ज कर लिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने मामले के सबूतों को देखते हुए यह टिप्पणी किया है कि निर्वाचित जनप्रतिनिधि होने के नाते उनका काम सभी समुदाय वर्ग के भावनाओं का ध्यान रखते हुए सौहाद्र बनाने का काम है। जबकि उनके द्वारा दिया गया बयान नींदनीय है। इस पर अपराध दर्ज कर इसकी न्यायिक सुनवाई जरूरी है।

यह है मामला

घटना बीते साल 1 सितंबर को आस्ता थाना क्षेत्र के ढेगनी गांव में हुई थी। इस गांव में भुईहर समाज के सामाजिक भवन के लोकार्पण के दौरान विवादित टिप्पणी करने का आरोप विधायक रायमुनि पर ईसाई समुदायह के लोग लगा रहे हैं। उनका आरोप है कि इस कार्यक्रम में सम्बोधन के दौरान विधायक ने ईसा मसीह पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि अगर ईसा मसीह अगर मरने के बाद जीवित हो सकते हैं तो मसीहियों को कब्रिस्तान की जरूरत क्यों पड़ती है? इस बयान को ईसा मसीह का अपमान बताते हुए ईसाई ने जिले के सभी थाना और चौकी में विधायक रायमुनि भगत के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था। लेकिन पुलिस ने मामले की जांच के बाद, विधायक के भाषण में कोई विवादित ना पाए जाने के आधार पर फैना काट कर आवेदको को न्यायलय जाने की सलाह दी थी।

इन्होंने दायर किया परिवाद

इस पर ढेगनी निवासी हेरमोन कुजूर पिता मार्टिन कुजूर ने 10 दिसंबर 2024 को जिला न्यायलय में परिवाद दायर किया था। सुनवाई के दौरान परिवादी के अधिवक्ता विष्णु कुलदीप ने 6 प्रत्यक्षदर्शियो का बयान दर्ज कराने के साथ वीडियो की सीडी न्यायलय के सामने प्रस्तुत किया था। सुनवाई के बाद न्यायाधीश अनिल चौहान ने परिवादी हैरमोन के आरोप को सुनवाई योग्य मानते विधायक रायमुनि भगत के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुए 10 जनवरी को न्यायलय में पेश होने के लिए नोटिस जारी किया है।

पुलिस पर की टिप्पणी

न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मामले में ईसाई समुदाय के द्वारा पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत किया गया था मगर कोई भी कार्यवाही करना दर्शित नही है तथा पुलिस द्वारा पेश जाँच प्रतिवेदन से भी ऐसा दर्शित है कि आगे भी कोई कार्यवाही के पक्ष में नही है जिसे प्रकरण की परिस्थिति को देखते हुए परिवादी द्वारा पेश परिवाद पत्र अंतर्गत धारा 223 बी.एन.एस.एस. स्वीकार किया जाकर प्रस्तावित आरोपिया रायमुनी भगत के विरूद्ध प्रथम दृया धारा 196, 299, 302 भा.न्या.सं 2023 के अन्तर्त अपराध पंजीकृत किये जाने के लिए पर्याप्त आधार का होना पाया गया है। अतः प्रस्तावित आरोपिया रायमुनी भगत के विरूद्ध अपराध अन्तर्गत धारा 196, 299, 302 भा.न्या.सं. 2023 का आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया जाता है।

विधायक पर की गई टिप्पणी

पुलिस के जाँच प्रतिवेदन और फैना प्रतिवेदन में यह बात तो स्पष्ट है कि उक्त प्रस्तावित आरोपिया रायमुनी भगत भुइहर समाज के कार्यक्रम में गई थी तथा उसके द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होने के कारण भाषण भी दिया गया है जिसमें धर्म संबंधी भाषण भी था जिससे परिवादी एवं उसके साक्षियों द्वारा अभिकथित तथ्य सत्य एवं सहीं प्रतीत होता है। प्रस्तावित आरोपिया रायमुनी भगत एक निर्वचित जनप्रतिनिधि है उसके ऊपर सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का दायित्व है मगर उसके द्वारा ही किसी धर्म, समुदाय के विरुद्ध विमर्शित और विद्वेषपूर्ण आशय से सार्वजनिक रूप से अपमानित करने वाली बात करना निंदनीय है।

श्री बालाजी
मेडिकल कॉलेज एवं सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डिपार्टमेंट ऑफ डर्मेटोलॉजी

परामर्श एवं उपचार
गोंदा, रायपुर, फोन : 9340019842, 0771- 4241000/01/02

रेलवे ने टिकट चेकिंग अभियान चलाकर अर्जित किया 6.32 लाख से अधिक राशि का राजस्व

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

रेलवे ने पश्चिम मध्य रेलवे (पमरे) के 9 रेलवे स्टशनों पर टिकट चेकिंग अभियान चलाकर अनियमित और बिना टिकट यात्रा करने वाले 1195 यात्रियों को पकड़ा और उनसे 6 लाख 32 हजार रुपये से अधिक राशि का राजस्व अर्जित किया है। पमरे के भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता ने बताया कि पमरे के भोपाल, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, गुना, बीना, इटारसी, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम स्टेशनों पर आज सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक वाणिज्य विभाग के 10 पर्यवेक्षक एवं 107 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबंदी टिकट अभियान चलाया गया। इस चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशनों पर आने-जाने वाली कुल 135 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। इस अभियान में अनियमित और बिना टिकट यात्रा करते 1195 यात्रियों को पकड़ गया, जिनसे रेलवे ने 6 लाख 32 हजार 980 रुपए का राजस्व मिला है उन्होंने बताया कि टिकटों की जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले 566 यात्री पकड़े गए, इन यात्रियों से 3 लाख 32 हजार 555 रुपए का जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 600 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 2 लाख 94 हजार 025 रुपए का जुर्माना वसूल किया गया।

बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे और स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 29 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 6 हजार 400 रुपए का जुर्माना वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने और गंदगी नहीं करने की समझाईश दी गई। उन्होंने बताया कि भोपाल स्टेशन पर 21 गाड़ियों के यात्रियों के टिकटों की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 273 मामलों से एक लाख 53 हजार 885 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इटारसी स्टेशन पर 25 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए 306 मामलों से एक लाख 82 हजार 030 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। रानी कमलापति स्टेशन पर 8 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान पकड़े गए 44 मामलों से 17 हजार 850 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर 7 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान अवैध तरीके से यात्रा करने के 75 मामलों से 31 हजार 450 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इसी तरह गुना स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 10 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए 74 मामलों से 32 हजार 515 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। बीना स्टेशन पर 30 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए 108 मामलों से 53 हजार 280 का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। हरदा स्टेशन पर 12 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए 174 मामलों से 87 हजार 520 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ है। इसीतरह विदिशा स्टेशन पर 9 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए 62 मामलों से 32 हजार 180 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। नर्मदापुरम स्टेशन पर 13 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए 79 मामलों से 42 हजार 270 रुपए का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। इस संबंध में वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया नें बताया कि टिकट चेकिंग अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ यात्रा करें। अनियमित यात्राओं को रोकने से जहां रेल राजस्व में वृद्धि होती है, वहीं यह यात्रियों के लिए सुगम, सुरक्षित और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करता है।

नीतीश की प्रगति यात्रा के नाम पर मचाया जा रहा पुलिसिया आतंक : सचिव कुणाल

एजेंसी ➤ पटना
www.dailypioneer.com

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी -लेनिनवादी (भाकपा माले) के राज्य सचिव कुणाल ने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के नाम पर राज्यभर में पुलिसिया आतंक फैलाया जा रहा है। भाकपा-माले की राज्य स्थायी समिति और जिला सचिवों की एक दिवसीय बैठक राज्य कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेता स्वेदश भट्टाचार्य, कुणाल,धीरेन्द्र झा,अमर सांसद राजाराम सिंह, मीना तिवारी, मंजू प्रकाश, आरएन ठाकुर सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने भाग लिया। इस बैठक में नौ मार्च को पटना में आयोजित होने वाली बदलो बिहार महाजुटान रैली और उससे पहले विभिन्न प्रमंडल मुख्यालयों पर आयोजित होने वाले समागम की तैयारियों पर चर्चा की गई। इस मौके पर कुणाल ने कुमार की प्रगति यात्रा को लेकर कहा कि इसके नाम पर राज्यभर में पुलिसिया आतंक फैलाया जा रहा है। कुमार पूरी तरह से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के नक्शे कदम पर चल रहे हैं। राजनीतिक कार्यकर्ताओं को दबाने के लिए उन्होंने राज्य में एक ऐसा माहौल बना दिया है, जिसमें किसी भी विरोध को अपराध माना जाने लगा है। उन्होंने विशेष रूप से गोपालगंज और सीवान जिलों का जिक्र किया, जहां प्रगति यात्रा के दौरान दमन किया गया। उन्होंने बताया कि सीवान में आशा नेत्री मालती राम, विद्यालय रसोइया की नेता सोहिला गुप्ता, कुंती यादव और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विकास यादव जैसे प्रमुख कार्यकर्ताओं सहित 100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इनका केवल इतना अपराध था कि वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठा रहे थे। माले के कई कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया गया। छात्र-युवाओं ने दमनकारी मुख्यमंत्री वापस जाओ के नारे के साथ मैरवा में मार्च निकाला। बैठक में राज्य में बढ़ते अपराध और कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। विशेष रूप से कैमूर जिले के सोनहन थाना क्षेत्र के इटाढ़ी गांव में माले नेता .ाद राम की हत्या को लेकर पार्टी ने विरोध जताया। माले ने मांग की है कि उनके हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाये और मामले की निष्पक्ष जांच की जाए। यह भी आरोप लगाया कि बिहार में एक तरफ पुलिस का आतंक राज चल रहा है, जबकि दूसरी तरफ अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ चुका है कि वे बिना किसी डर के अपराधों को अंजाम दे रहे हैं।

चुनावी वर्ष में हथकंडे अपना कर राजनीति रोटी सेंक रहे विपक्षी दलों के नेता : लेशी

एजेंसी ➤ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार की खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की नेता लेशी सिंह ने आरोप लगाया कि चुनावी वर्ष में तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर विपक्षी दलों के नेता राजनीति रोटी सेंक रहे हैं। जदयू कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में सिंह ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निष्पादन के लिये आवश्यक पहल की। इस मौके पर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए की सरकार छात्रों की सबसे बड़ी हितैषी है। चूंकि चुनावी वर्ष है, इसलिए विपक्ष के तमाम नेतागण तरह-तरह के हथकंडे अपना कर अपनी राजनीति रोटी सेंक रहे हैं, लेकिन उन्हें कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। असल में विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं है। मंत्री ने कहा कि विपक्षी नेताओं की अनर्गल बयानबाजी से एनडीए की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। हमारे नेता पर प्रदेश की आम जनता का भरोसा पहले की तरह आज भी अटूट है। कुमार सरकार की कल्याणकारी योजनाएं महिलाओं के लिए परिवर्तनकारी साबित हुयी है। वहीं, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने अपने 15 वर्षों के शासनकाल में कभी आधी आबादी की सुधि नहीं ली।इस मौके पर विधानपार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ 'गांधी जी' एवं वरीय नेता प्रो.नवीन आर्य चंद्रवंशी मौजूद रहे।

ईडी ने मुंबई में न्यू रोशन टॉकीज को किया जब्त

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दक्षिण मुंबई स्थित लगभग 847 करोड़ रुपये कीमती ऐतिहासिक सिनेमा हॉल 'न्यू रोशन टॉकीज' को जब्त कर लिया है, जो अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम के प्रमुख सहयोगी इकबाल मिर्ची से जुड़ा है। पट्ठे बापूराव मार्ग पर रेड लाइट एरिया में स्थित यह संपत्ति, जिसे पहले 'प्ले हाउस' के नाम से जाना जाता था, को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जब्त कर लिया गया। ईडी ने दिसंबर 2024 में पीएमएलए की धारा के तहत संपत्ति को अपने कब्जे में ले लिया। यह कार्रवाई अपीलीय न्यायाधिकरण के आदेश के बाद की गई, जब खुफिया जानकारी में पता चला कि संपत्ति को किसी तीसरे पक्ष को बेचने का प्रयास किया जा रहा है। अधिकारियों ने सुनिश्चित किया कि संपत्ति को खाली करा लिया जाए और आगे अवैध अतिक्रमण या लेन-देन को रोकने के लिए इसे सुरक्षित कर लिया जाए। सिनेमा हॉल को इकबाल मिर्ची ने नशीली दवाओं की तस्करी और मनी लॉन्ड्रिंग सहित अवैध गतिविधियों से प्राप्त आय का उपयोग करके खरीदा था।

विकास के लिए सैंकड़ो करोड़ों की सौगात से सीवान का होगा कायाकल्प : अंजुम

एजेंसी ➤ पटना
www.dailypioneer.com

बिहार जनता दल यूनाईटेड (जदयू) प्रवक्ता अंजुम आरा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की 'प्रगति यात्रा' के दौरान सीवान को विकास के लिए मिली सैंकड़ों करोड़ों रुपए की सौगात से जिले का कायाकल्प होगा। अंजुम ने फेसबुक लाइव पर राज्य के विकास की चर्चा करते हुए कहा कि कुमार की 'प्रगति यात्रा' के दौरान सीवान को विकास के लिए मिली सैंकड़ों करोड़ों रुपए की योजनाओं से जिले में विकास को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने कहा कि 700 करोड़ की लागत से कई योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण से जिले में चल रहे विकास कामों को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि 550 बिस्तरों वाले मैरवा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल परिसर में जीएनएम कॉलेज एवं बीएससी नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कराया गया है, जिससे मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सकेगी। अंजुम ने कहा,मैरवा में आईटीआई कॉलेज का निर्माण, सिवान में इंजीनियरिंग कॉलेज का निर्माण कराया गया है, जहां छात्र अपने ही जिले में रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर रहे हैं। छात्रों की हितों का ध्यान रखते हुए कुमार की सरकार ने महाराजगंज में पारा मेडिकल कॉलेज के निर्माण के साथ-साथ फार्मेसी कॉलेज का निर्माण कराया है। उन्होंने कहा कि समाज के हर तबके के विकास और उसकी समृद्धि के कृत संकल्पित कुमार की सरकार में जिले के भैसाखाल में अति पिछड़ा वर्ग छात्रावास का निर्माण कराया गया है।

मुंबई आग दुर्घटना में एक की मौत

मुंबई। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई के अंधेरी इलाके में स्थित ऊंची इमारत स्काईपैन में आग लगने से एक वरिष्ठ व्यक्ति की जलकर मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति झुलस गया। मुंबई दमकल कर्मियों के सूत्रों के अनुसार, घटना 13 मंजिला स्काई पैन की 11वीं मंजिल पर स्थित एक आवास पर सोमवार रात करीब 10 बजे हुयी। आग के कारण बिजली के तार, प्रतिष्ठान और घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गये। इसमें एक बुजुर्ग की जलकर मौत हो गयी जबकि एक अन्य व्यक्ति झुलस गया। इससे पहले, मृतक राहुल मिश्रा (75) को कोलिकाबेन अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया जबकि एक अन्य घायल रौनक मिश्रा की हालत स्थिर है। सूत्रों के मुताबिक, करीब चार घंटे बाद कल देर रात करीब 01:49 बजे आग पर काबू पा लिया गया।

एसएसबी ने बाल विवाह से नाबालिग को कराया मुक्त

सुपौल। बिहार के सुपौल जिले में सशस्त्र सीमा बल ने एक नाबालिग को बाल विवाह होने से पहले मुक्त करा लिया। एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट, गौरव सिंह ने यहां बताया कि सीमा चौकी शैलेशपुर के जिम्मेवारी क्षेत्र में सीमा स्तंभ संख्या 206/1 के समीप चेकपोस्ट पर ड्यूटी के दौरान तैनात एसएसबी जवानों ने भारत प्रभाग से जा रहे शादीशुदा जोड़े को संदेहजनक परिस्थिति में रोक कर पूछताछ की पूछताछ के क्रम में यह पाया गया कि अररिया जिला निवासी मोहम्मद शाहनवाज 13 वर्षीय गुड़िया (काल्पनिक नाम) के साथ नेपाल अपने किसी रिश्तेदार की शादी में जा रहा था। इन दोनों की शादी दो वर्ष पूर्व हो गई थी,जो गैरकानूनी है। सिंह ने बताया कि नाबालिग को जिला चाइल्ड हेल्प लाइन को सुपुर्द कर दिया गया है। गिरफ्तार किये गये व्यक्ति को भीमनगर थाना को सौंप दिया गया है।

एचएमपीवी पर स्वास्थ्य सचिव ने जारी किए आवश्यक दिशा-निर्देश

शिमला। हाल ही में कर्नाटक, तमिलनाडु व गुजरात राज्य में मानव मेटान्यूमो वायरस (एचएमपीवी) के रिपोर्ट किए गए मामलों के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में सभी राज्यों व केन्द्रशासित राज्यों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि एचएमपीवी एक सामान्य वायरस है जो यह ज्यादातर बच्चों, वयस्कों और कमजोर प्रतिरक्षा क्षमता वाले लोगों में फैलता है। केंद्र सरकार ने कहा है कि यह एक सामान्य वायरस है जिससे घबराने की आवश्यकता नहीं है। इस वायरस से इन्फेक्शन भारत में पहले भी होते रहे हैं। इसके मुख्य लक्षण खांसी, बुखार, नाक बंद होना, गंभीर मामलों में सांस का फूलना इत्यादि है तथा इससे ब्रोंकाइटिस और निमोनिया भी हो सकता है। यह वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में खांसने, छींकने व हाथ मिलाने आदि से फैलता हैं। यह वायरस कोई भी गंभीर बीमारी नहीं करता है। उपरोक्त लक्षण होने पर नज़दीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर अपनी जांच करवाने की सलाह दी गई है।

स्वयं सहायता समूह महिला सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण साधन : राहुल कुमार

एजेंसी ➤ केलांग
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय ग्रामीण जीविका अभियान के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश के लाहौल स्पिति के उपायुक्त राहुल कुमार की अध्यक्षता में केलांग में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण द्वारा जिला के स्वंय सहायता समूहों के लिए लोन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि राज्य ग्रामीण ीविका मिशन द्वारा जिला लाहौल स्पिति को चालू वित वर्ष में 20 लाख रुपये के ऋण स्वंय सहायता समूहों को वितरित करने का लक्ष्य दिया जवकि जिला व विकास खण्ड़ों ने वेहतर कार्य कर लक्ष्य का प्राप्त ही नहीं किया बल्कि स्वंय सहायता समूहों को 30 लाख रूपये का ऋण वितरित किए है जोकि लक्ष्य से 50 प्रतिशत अधिक है। उपायुक्त ने कहा कि केन्द्र तथा प्रदेश सरकार महिलाओं के शिक्षा, स्वस्थ्य व आर्थिक सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दे रही है और इस उदेश्य के लिए अनेक योजनाओं को संचालित किया जा रहा है। स्वंय सहायता समूह महिलाओं के सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने बताया कि स्वंय सहायता समूहों द्वारा जिला में अच्छा कार्य किया जा रहा और महिलाओं अपने घरेलू कार्यो, खेती व पशुपालन के साथ साथ स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से अपनी आर्थिकी को भी सुदृढ़ भी कर रही हैं और अपने जीवन को बेहतर बना रही हैं। उन्होंने खुशी जताते हुए कहा कि स्वयं सहायता समूह अलग अलग गतिविधियों के लिए लोन ले रहे हैं। उन्होंने ग्रामीण विकास के अधिकारियों से कहा कि जिला के स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की जा रही जी? आई? टैग प्राप्त लाहौली जुराब सहित अन्य सामान को प्रदेश सरकार द्वारा तैयार हिम ईरा वेबसाइट पर बिक्री के उपलब्धता भी सुनिश्चित बनाई जाए। ताकि महिलाओं को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त हो सकें। उन्होंने बैठक में उपस्थित बैंकों के प्रतिनिधियों से कहा कि बैंकों द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए दिये जाने वाले छोटे छोटे लोन के बारे में समय समय पर होने वाली पंचायतों की ग्राम सभाओं और महिला मंडलों की बैठकों में जाकर जानकारी प्रदान करें ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठा सकें और केंद्र तथा प्रदेश सरकार की इन योजनाओं का उद्देश्य भी पूर्ण हो सकें।

केंद्र ने दार्जिलिंग क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना को दी मंजूरी

एजेंसी ➤ दार्जिलिंग
www.dailypioneer.com

केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी दी है। सेवोक कैंटोनमेंट को सेवोक बाजार से जोड़ने वाले 14 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर के निर्माण के लिए 1400 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। यह परियोजना अगले तीन वर्षों में पूरी होगी और क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं दार्जिलिंग से लोकसभा सांसद राजू बिस्ट ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने इस परियोजना के लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि यह परियोजना क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम होगी और स्थानीय लोगों को बहुत लाभ पहुंचाएगी। बिस्ट ने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने से सिलिगुड़ी से कलिम्पोंग, दार्जिलिंग, सिक्किम और डुआर्स के बीच यात्रा करने वाले लोगों को बहुत सुविधा होगी। उन्हें रेलवे स्तर के पार सेवोक में नियमित यातायात जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा, सेवोक की प्राकृतिक सुंदरता पर्यटकों के लिए और अधिक सुलभ होगी, जिससे स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा मिलेगा और नए पर्यटन अवसर पैदा होंगे। उन्होंने आगे कहा है कि वह दार्जिलिंग क्षेत्र के विकास के लिए और भी परियोजनाओं को लाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा है कि कोरोनेशन ब्रिज के विकल्प के रूप में एक नई परियोजना को मंजूरी दिलाने के लिए वह प्रयास कर रहे हैं। इसके अलावा, सिलिगुड़ी रिंग रोड परियोजना और दार्जिलिंग को घूम के माध्यम से जोड़ने वाली एक नई परियोजना को भी मंजूरी दिलाने के लिए वह प्रयास कर रहे हैं।

स्टालिन ने पोंगल का हवाला देते हुए प्रधान से नेट परीक्षा टालने का किया आग्रह

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से 13-16 जनवरी को होने वाली यूजीसी-नेट परीक्षाओं को टालने और पुनर्निर्धारित करने का आग्रह किया है क्योंकि ये राज्य के पारंपरिक पोंगल त्योहार के दिन पड़ रही हैं। प्रधान को लिखे एक अर्ध-आधिकारिक पत्र में, जिसकी प्रतियां यहां मीडिया में भी जारी की गई, स्टालिन ने कहा कि यूजीसी नेट परीक्षाओं और अन्य परीक्षाओं की तिथियों को पुनर्निर्धारित करने की आवश्यकता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि फसल उत्सव मनाने वाले तमिलनाडु और अन्य राज्यों के छात्र तथा विद्वान परीक्षाओं में शामिल हो सकें। स्टालिन ने कहा, आंकड़ों से पता चलता है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने पिछले वर्षों में पोंगल त्योहार के दौरान कभी भी यूजीसी-नेट परीक्षा आयोजित नहीं की। इन परिस्थितियों में, मैं 13-16 जनवरी को प्रस्तावित यूजीसी नेट परीक्षाओं और अन्य परीक्षाओं की तारीखों को पुनर्निर्धारित करने के लिए आपके तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह करता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं आपके ध्यान में तत्काल एक महत्वपूर्ण मुद्दा लाना चाहता हूं।

राज्यपाल ने खादी और ग्रामोद्योग को बढ़ावा देने पर बल दिया

पायनियर संवाददाता ➤ रांची
www.dailypioneer.com

झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव न केवल हमारी संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है, बल्कि ग्रामीण विकास और स्वरोजगार के लिए एक सशक्त मंच भी है। राज्यपाल ने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड तथा ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का समापन समारोह को संबोधित करते हुए खादी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांतों का प्रतीक बताते हुए कहा कि खादी आत्मनिर्भरता और श्रम की गरिमा का प्रतिनिधित्व करती है। यह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक रही है और आज भी हमारे कारीगरों को रोजगार देने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और आत्मनिर्भरता को सशक्त बना रही है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान खादी फॉर नेशन, खादी फॉर फैशन का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खादी को वैश्विक स्तर पर पहचान मिली है। 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से खादी को जन आंदोलन बनाने की उनकी पहल से ग्रामीण कारीगरों और श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है। राज्यपाल ने कहा कि प्रसन्नता है कि इस महोत्सव के माध्यम से महिला उद्यमियों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों से महिलाएँ न केवल आत्मनिर्भर हो सकती हैं, बल्कि देश की आर्थिक समृद्धि में भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकती हैं। उन्होंने इस महोत्सव में भाग लेने वाले बुनकरों, हस्तशिल्पियों और कारीगरों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इन कारीगरों के श्रम और कौशल ने झारखंड के ग्रामीण उद्यमों की अपार संभावनाओं को प्रदर्शित किया है। राज्यपाल ने आम जनमानस से खादी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इन उत्पादों को अपनाकर हम न केवल हमारे ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बना सकते हैं, बल्कि उनकी आर्थिक समृद्धि की दिशा में भी योगदान कर सकते हैं।

उन्होंने झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार और सभी स्टॉलधारकों एवं कारीगरों को इस आयोजन की सफलता के लिए बधाई दी।

सिंहस्थ-2028 के लिए जारी अधोसंरचनात्मक कार्यों की प्रगति की प्रत्येक 15 दिन में हो समीक्षा : यादव

पायनियर संवाददाता ➤ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि सिंहस्थ-2028 में उज्जैन और इंदौर संभाग गतिविधियों के मुख्य केंद्र रहेंगे। इन संभागों में 2 ज्योतिर्लिंग होने से श्रद्धालुओं का आवागमन तथा धार्मिक गतिविधियां तुलनात्मक रूप से अधिक होंगी। इंदौर-उज्जैन संभाग में जारी विभिन्न विभागों के कार्य समय-सीमा में पूर्ण हों, यह मॉनिटरिंग प्रत्येक 15 दिन में सुनिश्चित करें। डॉ यादव मंत्रालय में हुई सिंहस्थ-2028 की मंत्रि-मंडलीय समिति की द्वितीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सक्षम स्तर के अधिकारी बैठक कर, कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें। ऐसे विषय जिन में उच्च स्तर से समन्वय या मार्गदर्शन आवश्यक है, वे विषय राज्य शासन के संज्ञान में लाए जाएं। निर्माण एजेंसियों को सौंपे गए कार्यों की साप्ताहिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित कर विलंब के कारणों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधोसंरचना से संबंधित जिन कार्यों के निर्माण में अधिक समय लगना है, उन सब की मंत्रि-मंडलीय समिति से स्वीकृति प्राप्त करने और निविदा प्रक्रिया पूर्ण करने का कार्य मार्च-2025 तक कर लिया जाए। जल प्रदाय, सीवरेज के कार्य तत्काल आरंभ किए जाएं। इसके साथ ही उज्जैन तथा इंदौर जिलों में बस अड्डों की क्षमता वृद्धि या नवीन बस अड्डों के विकास की कार्य योजना भी मार्च-2025 तक तैयार की जाए। सिंहस्थ-2028 के लिए समस्त विभागों के अधोसंरचनात्मक कार्यों की कार्य-योजना को सितंबर-2025 तक अंतिम रूप दिया जाए। डॉ यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 की व्यवस्थाओं को श्रेष्ठतम स्वरूप देने के लिए प्रयागराज कुंभ के साथ ही हरिद्वार कुंभ मॉडल का अध्ययन भी किया जाएगा। प्रयागराज कुंभ पूर्ण होने के बाद वहां क्राउड मैनेजमेंट, ड्रोन सर्वे, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग तथा अन्य गतिविधियों में लगी कंपनियों व स्टार्ट-अप का उज्जैन में सम्मेलन आयोजित कर वहां की बेस्ट प्रैक्टिसेस का क्रियान्वयन सिंहस्थ-2028 में करने की कार्य योजना बनाई जाएगी। उन्होंने श्रद्धालुओं के आवागमन में सुगमता के लिए रेलवे से समन्वय के उद्देश्य से विशेष सेल गठित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि घाटों तक श्रद्धालुओं के आसानी से आवागमन के लिए उपयुक्त पहुंच मार्ग विकसित किए जाएं। उज्जैन, इंदौर और देवास में होने वाले निर्माण कार्यों में सीवरेज, स्वच्छता और हरियाली का विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने पर्यटकों की सुविधा की दृष्टि से धर्मशालाओं के उन्नयन के लिए भी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। डॉ यादव ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को देखते हुए, आवश्यकतानुसार विभागों में प्रशासकीय संरचनाओं का विस्तार तत्काल किया जाए। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सिंहस्थ, सदियों पुरानी सनातन परम्परा को जीवंत करने का उत्सव है। सिंहस्थ-2028 में पधार रहे श्रद्धालुओं के आवागमन और उनकी सुविधाजनक आवास व्यवस्था के लिए इंदौर, उज्जैन और देवास क्षेत्र में समन्वित रूप से व्यवस्थाएं विकसित की जाएं।

कलेक्टर प्रतिष्ठा ने किया नगर के बंधुवा तालाब एवं नया बस स्टैण्ड का निरीक्षण

नगर की साफ-सफाई के साथ सौंदर्यीकरण करने नगर पालिका सीएमओ को दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने नगर का भ्रमण कर शहर की साफ सफाई का अवलोकन करते हुए बंधुवा तालाब, एस.एल.आर.एम. केंद्र और नया बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण कराने के निर्देश नगर पालिका के सीएमओ को दिए। उन्होंने सबसे पहले कुम्हारपारा में स्थित कचरा एस.एल.आर.एम. केंद्र का निरीक्षण कर कचरा संग्रहण करने वाले दीदीयों से साफ-सफाई की जायजा लेते हुए कचरा से इकट्ठा किए गए सामग्रियों की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि 19 महिलाएं तीन गाड़ियों के साथ कार्य करते हैं दीदियों ने बताया कि प्रतिदिन कचरा इकट्ठा करते हैं, नगर से लगभग प्रतिदिन 5 टन कचरा इकट्ठा हो जाता है, जिसमें प्लास्टिक, सीसी बोतल, गद्दा इत्यादि की जानकारी दी। कलेक्टर ममगाईं ने कचरा सेंटर में पंजी संधारण, कबाड़ की बेची गई राशि की जानकारी ली और समूह के सदस्यों को मानदेय दिए जाने संबंधी जानकारी ली गई। दीदियो की उपस्थिति के बारे में जानकारी लेकर गीला कचरा सूखा कचरा संबंधी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कचरा एस.एल.आर.एम. केंद्र का निरीक्षण पश्चात बंधुवा तालाब का निरीक्षण किया, बंधुवा तालाब 6 करोड़ 4 लाख रूपये से निर्मित किए गए कार्यों की समीक्षा करते हुए तालाब में घाट निर्माण, रिटर्निंग वॉल स्ट्रीट लाइट सहित पेवार ब्लॉक के कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम से जानकारी लेते हुए सड़क में बनाए गए डिवाइडर और तालाब में आने वाले पानी के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जानकारी चाही कि तालाब के पानी का उपयोग किन-किन त्योहारों और कार्यों में किए जाते हैं इस पर सीएमओ ने जानकारी देते हुए बताया कि स्थानीय त्यौहार मेला मड़ई और साप्ताहिक बाजार के दिनों में तालाब का पानी का उपयोग किया जाता है। कलेक्टर ने नया बस स्टैंड का निरीक्षण करते हुए बस स्टैंड का सौंदर्यीकरण कार्य 25 लाख रुपए में स्वीकृति की गई है जिसे शीघ्र ही कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। बस स्टैण्ड में 40 लाख रुपए से निर्मित किए जाने वाली 14 नग काम्पलेक्स के कार्य को शीघ्र प्रारंभ कराने निर्देशित किए। कलेक्टर ममगाईं ने नया बस स्टैण्ड में सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर शौचालय का साफ-सफाई और विद्युतीकरण कार्य दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उनके द्वारा सुलभ शौचालय में उपयोग करने वालों की संख्यात्मक जानकारी लेते हुए नगर की साफ-सफाई कराने निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी आशीष कोर्राम, सब इंजीनियर बसंत कुमार कुंजाम मौजूद थे।

कस्तूरी में हुआ महिला आयोग सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी का भव्य स्वागत

पायनियर संवाददाता ➤ सुकमा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी अपने ग्रह विकासखण्ड छिंदगढ़ के ग्राम कस्तूरी पहुंची। अपने गाँव में अपनी बेटी को छत्तीसगढ़ शासन में राज्य महिला आयोग सदस्य के रूप में देखकर ग्रामवासी बेहद खुश हुए व उन्होंने दीपिका का अभूतपूर्व स्वागत किया।

इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की उपस्थित अधिक रही, दीपिका ने उनके साथ महिला आयोग के कार्यों को साझा करते हुए समाज में महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध से सचेत रहने हेतु अपील किया व अगर कोई महिला किसी प्रकार की दुर्घटना की शिकार होती है तो सादे कागज में महिला आयोग को शिकायत पत्र देने को कहा व उन्हें विस्वास दिलाया कि आयोग के माध्यम से उन्हें त्वरित न्याय मिलेगा।

फूलमाला तिलक कर किया स्वागत

अपनी बेटी को अपने समक्ष महिला आयोग की सदस्य के रूप में देखकर उपस्थित महिलाओं ने दीपिका का तिलक लगाकर व फूल माला से स्वागत किया तो वहीं दीपिका ने भी कार्यक्रम में उपस्थित बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया।

प्राप्त आवेदन पर होगी कार्यवाही

दीपिका ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुझे जन समस्याओं के कई आवेदन मिले है जिन पर कलेक्टर सुकमा से बात कर उचित कार्यवाही करवाउंगी व जो प्रदेश सरकार के लायक होंगे उन्हें मुख्यमंत्री जी से मिलकर अवगत करा कर उनका भी निदान करवाउंगी।

महिला सुरक्षा कर्मियों का करवाया सम्मान

दीपिका ने सुबह से ही उनकी सुरक्षा में लगी महिला कर्मियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का सम्मान भी उपस्थित ग्रामीणों से करवाया उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे है इसलिए जो भी महिला मजबूती से अपनी जिम्मेदारी निभा रही है उनका विशेष सम्मान होना चाहिए।

खदान मजदूर संघ किरंदुल द्वारा सौजन्य भेंट कर दंतेवाड़ा विधायक को दिया गया ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

श्रमिक हित, उद्योग हित के साथ राष्ट्र हित सर्वोपरि के सूत्र वाक्य के सिद्धांतों पर चलते हुए कार्य करने वाली दुनिया की सबसे बड़ी मजदूर संगठन भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध किरंदुल शाखा की खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने दंतेवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के यशस्वी विधायक चैतराम अटामी से सौजन्य भेंट करते हुए एनएमडीसी लिमिटेड के कर्मचारियों के लंबित पुनरीक्षित वेतनमान के आवश्यक आगामी कार्रवाई हेतु केंद्रीय इस्पात मंत्रालय से पहल करने हेतु निवेदन करते हुए किरंदुल काम्प्लेक्स में ठेका श्रमिकों की भर्ती में चल रही अनियमितताओं पर अंकुश लगाने हेतु पत्र सौंपते हुए मांग किया गया कि स्थानीय आदिवासी, वंचित, पिछड़े एवं जरूरतमंद पात्र बेरोजगारों को कार्य पर संलग्नीकृत किया जाए न कि किसी के घर में जाकर सेवा देने वाले परियोजना में पहले से कार्यरत श्रमिक के परिजनों को। खदान मजदूर संघ (सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ) शाखा किरंदुल के अध्यक्ष बी. दिल्ली राव, सचिव महेन्द्र कुमार, राजेंद्र यादव ने विधायक को लिखित एवं मौखिक रूप से सविस्तार जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि एनएमडीसी लिमिटेड किरन्दुल कॉम्प्लेक्स किरन्दुल में जो नियमित पदों पर भर्तियां की जाती है, वह राष्ट्रीय स्तर पर होने के कारण स्थानीय पात्र बेरोजगार नियमित नौकरी से वंचित रह जाते हैं। उनके तथा अन्य स्थानीय अभ्यर्थियों के घर पर दो जून की रोटी नसीब हो सके, इसलिए कम से कम ठेका श्रमिक के रूप में वे स्थानीय परियोजना में कार्य कर सकें यह सपना संजोय रहते हैं, किंतु ठेका श्रमिक भर्ती हेतु कोई भी मापदण्ड न होने के कारण तथा कोई भी नियमावली सुनिश्चित न होने के कारण अपने आप को श्रमिक नेता कहने वाले तथा श्रमिकों का ही शोषण करने वाले परियोजना में अपने प्रभाव का दुरूपयोग करते हुए अपने घर में तथा अपने निजी कार्य में संलग्न तथा परियोजना में ठेका श्रमिक होते हुए भी परियोजना का कार्य न कराते हुए अपने घर में माली कार्य, घर के लिए सब्जी लाना, मालिश करवाना आदि सेवायें लेते हैं तथा उन्हीं के घर के अन्य सदस्यों को परियोजना में ठेका श्रमिक के कार्य पर संलग्न करवाते हैं, यहां तक की वे अपने ही यूनियन की विगत 10 सालों से पर्ची कटाने वाले जरूरतमंद लोगों तक को एनएमडीसी में ठेका श्रमिक का कार्य नहीं दिलवाते, जब तक की उनके घर में उनका निजी कार्य न करें। कुछ लोगों से ठेका श्रमिक के कार्य के एवज में राशि की वसूली की शिकायत भी संज्ञान में आया है। खदान मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने विधायक से अनुरोध किया कि, किरन्दुल परियोजना में ठेका श्रमिक की नियुक्तियों के लिए एक सुनिश्चित मापदण्ड बनाते हुए जनप्रतिनिधियों अथवा स्थानीय जनजाति वर्ग के नेताओं की अनुशंसा के बगैर नियुक्तियों पर विराम लगाने का कष्ट करें, जिससे मंनमाने तरीके से होने वाली नियुक्तियों पर पाबंदी लग सके तथा वास्तव में वंचित, शोषित, आदिवासी, पिछड़े, स्थानीय लोगों को ही ठेका श्रमिक कार्य पर संलग्न किया जा सके न कि किसी श्रमिक नेता के घर में सेवा देने अथवा धन देकर कोई संलग्नीकृत हो। साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि परियोजना में संलग्नीकृत ठेका श्रमिकों की पूरी विस्तृत सूची हेतु परियोजना के अधिकारी को निदेशित करें, जिससे अवलोकन पश्चात् वास्तविक मूल्यांकन किया जा सके तथा वास्तव में जरूरतमंद वंचित, शोषित, आदिवासी, पिछड़े स्थानीय बेरोजगारों को न्याय दिलाया जा सके।

एयरपोर्ट विकास कार्यों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

पायनियर संवाददाता ➤ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर हरिस एस की अध्यक्षता में मां दन्तेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर की विकास कार्यों और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में एयरपोर्ट परिसर में बैठक किया गया। बैठक में जगदलपुर एयरपोर्ट के रनवे रिकॉपेटिंग, आईसोलेशन बे का निर्माण कार्य, पैरीमीटर रोड का चैड़ीकरण कार्य,कंसरटिना कोइल को बदलने संबंधी कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने हेतु 10 जनवरी तक टेंडर प्रक्रिया करवाने के निर्देश कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए। इसके अलावा रनवे मार्किंग, रनवे लाईट का कार्य अविलंब करने कहा। बैठक में सीआरपीएफ बैरेक का अन्य जगह स्थानांतरित करने, एयरपोर्ट के समीप कचरा सीवेज डंपिंग तथा जलाने पर रोक, भवन निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं अवैध निर्माण पर रोक, होमगार्ड के परेड ग्राउंड में स्थित गेट को परेड उपरांत बंद करने, होमगार्ड के कैंप के नजदीक बांस की झाड़ियों को कटाई करने, वार्षिक लायसेंस नवीनीकरण हेतु डीजीसीए का निरीक्षण की तैयारी हेतु आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने, रनवे 24 केश गेट के समीप एक कक्ष निर्माण, न्यू हैलीपेड एवं पैरीमीटर रोड का कार्य त्वरित पूर्ण करने और रनवे समतलीकरण कार्य के संबंध में चर्चा किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त निर्भय साहू, एयरपोर्ट प्रबंधन के विदेश गुप्ता सहित अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन, नागरिकों ने आवेदन के माध्यम से अपनी समस्याओं को रखा

जगदलपुर। कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में कलेक्टर जनदर्शन का आयोजन किया गया। अपर कलेक्टर सीपी बघेल ने जनदर्शन में पहुँचे नागरिकों के आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किए। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर हरिस एस द्वारा आम जनता की समस्याओं का निराकरण करने हेतु प्रत्येक सोमवार जिला कार्यालय के आस्था हॉल में सुबह 10.30 बजे से शाम 4 बजे तक कलेक्टर जनदर्शन आयोजित किया जा रहा है। इसके अलावा कलेक्टर द्वारा समस्त विभागों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण हेतु प्रत्येक माह के तीसरे मंगलवार को जिला कार्यालय के आस्था हॉल में सुबह 10.30 बजे से अधिकारी-कर्मचारी जनदर्शन आयोजित किया जायेगा।

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। "वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002" की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह-ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है। अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें। इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋणी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चों प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या	धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि	बंधक सम्पत्ति का विवरण
(ऋण खाता संख्या) L9001060100733061, सुचित कुमार बागे (ऋणी), श्रीमती सत्यभामा बागे (सहऋणी), सनराईज एजुकेशन एण्ड डवलपमेन्ट सोसायटी जरिये अध्यक्ष सुचित बागे (सहऋणी), राकेश मसिह (गारंटर)	13-नवम्बर-24 ₹ 27,60,317/- सत्ताईस लाख साठ हजार तीन सौ सत्रह रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित खसरा नं. 695/1 (भाग) पीएच नं. 29 ग्राम आरएनएम, तहसील कुरूड, धमतरी, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 16400 वर्ग फीट
(ऋण खाता संख्या) L9001060134810468, पोशन लाल सोनी (ऋणी), श्रीमती त्रिवेणी सोनी (सहऋणी)	14-नवम्बर-24 ₹ 5,08,829/- पांच लाख आठ हजार आठ सौ उनतीस रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित खसरा नं. 651-3, पीएच नं. 56 मौजा कोही, पाटन, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर
(ऋण खाता संख्या) L9001060117163746, टीका राम साहू (ऋणी), खमन लाल साहू (सहऋणी), सुदर्शन प्रसाद साहू (गारंटर)	08-नवम्बर-24 ₹ 7,08,140/- सात लाख आठ हजार एक सौ चालीस रूपये मात्र 07-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित पीएच नं. 38, खसरा नं. 1050/52, 1050/54, 1050/85 पीएच नं. 38 खसरा नं. 1050/52, 1050/54, 1050/85 मौजा ग्राम कोरबी कोरबा पाली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.113 हैक्टेयर
(ऋण खाता संख्या) L9001060822167482, टीका राम साहू (ऋणी), तीजराम साहू (सहऋणी), चक्र कुमार साहू (सहऋणी), सुदर्शन प्रसाद साहू (सहऋणी), सियाराम साहू (सहऋणी), खमन लाल साहू (सहऋणी)	08-नवम्बर-24 ₹ 4,29,973/- चार लाख उनतीस हजार नौ सौ तिहत्तर रूपये मात्र 07-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित ग्राम एवं ग्राम पंचायत कोरबी, खसरा नं. 1050/52, 1050/54, 1050/85, पीएच नं. 17, आरएनएम हरडी बाजार, तहसील पाली, जिला कोरबा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1351.46 वर्गगज
(ऋण खाता संख्या) L9001060119339312, उमेश कुमार गुप्ता (ऋणी), श्रीमती इन्द्रकली गुप्ता (सहऋणी), दिनेश कुमार गुप्ता (सहऋणी), भरत लाल गुप्ता (सहऋणी)	16-नवम्बर-24 ₹ 11,25,772/- ग्यारह लाख पच्चीस हजार सात सौ बहत्तर रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित खसरा नं. 220/38, नया 220/3 पुराना, पीएच नं. 107, नेताजी कन्हैया लाल बाजारी वार्ड नं. 08 ग्राम गुडियारी, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 462.5 वर्ग फीट
(ऋण खाता संख्या) L9001060119834162, हरि शंकर पटेल (ऋणी), माधव पटेल (सहऋणी)	13-नवम्बर-24 ₹ 5,12,261/- पांच लाख बारह हजार दो सौ इकसठ रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित मकान स्थित ग्राम पंचायत खसरा नं. 29/2, पीएच नं. 20, मौजा पनगांव जनपद पंचायत तहसील एवं जिला बलोदा बाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 287 वर्गगज
(ऋण खाता संख्या) L9001060119925426, पियूष कृषि सेवा केन्द (ऋणी), लकी श्रीवास (सहऋणी), भूलव राम (सहऋणी)	14-नवम्बर-24 ₹ 5,18,222/- पांच लाख अठारह हजार दो सौ बाईस रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक	(संपत्ति 1) संपत्ति स्थित सर्वे नं. 702/1, पीएच नं. 5, ग्राम एवं तहसील बोदला, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 200 वर्ग मीटर (संपत्ति 2) संपत्ति स्थित खसरा नं. 702/1 एवं 702/21 का भाग, पुराना पीएच नं. 5 नया पीएच नं. 22, ग्राम एवं तहसील बोधला, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 240 वर्ग मीटर
(ऋण खाता संख्या) L9001060826767902, सुनील अग्रवाल (ऋणी), श्रीमती संतोषी अग्रवाल (सहऋणी)	13-नवम्बर-24 ₹ 7,87,480/- सात लाख सतासी हजार चार सौ अस्सी रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित पीएच नं. 18, खसरा नं. 65/1 मौजा गोंदखामी, आरएनएम/ तहसील लूरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1090 वर्ग फीट
(ऋण खाता संख्या) L9001060121873637, सुनील अग्रवाल (ऋणी), श्रीमती संतोषी अग्रवाल (सहऋणी)	13-नवम्बर-24 ₹ 11,84,091/- ग्यारह लाख चौरासी हजार इक्यानवे रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित पीएच नं. 18, खसरा नं. 65/1, मौजा गोंदखामी, आरएनएम तहसील लूरमी, जिला मुंगेली, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 119.59 वर्गगज
(ऋण खाता संख्या) L9001070130743661, श्रीमती राज कुमारी धीवर (ऋणी), श्रीमती अल्पना गुप्ता (गारन्टर)	13-नवम्बर-24 ₹ 17,09,280/- सत्रह लाख नौ हजार दो सौ अस्सी रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित प्लॉट नं. 26/1, फ्लैट नं. ए-2, सर्वे नं. 543/1, पीएच नं. 108/38 वीर शिवाजी, वार्ड नं. 7 बालाजी रेंजीडेन्सी, जिला रायपुर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 1350 वर्ग फीट
(ऋण खाता संख्या) L9001060127764854 & L9001060832070236, सत्यम बरमन (ऋणी), श्रीमती सुरूचि बरमन (सहऋणी), खेमराज बरमन (सहऋणी), श्रीमती लता बरमन (सहऋणी)	14-नवम्बर-24 ₹ 6,66,852/- छः लाख छियासठ हजार आठ सौ बावन रूपये मात्र एवं ₹ 3,54,580/- तीन लाख चौवन हजार पांच सौ अस्सी रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित खसरा नं. 170, पीएच नं. 04 ग्राम मुदपार पो पारशाहिद, तहसील बिलाईगढ, जिला बलोदाबाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 650 वर्ग फीट
(ऋण खाता संख्या) L9001060130006655, सरजू प्रसाद राठौड (ऋणी), श्रीमती गीता देवी राठौड (सहऋणी)	13-नवम्बर-24 ₹ 6,75,695/- छः लाख पिचहत्तर हजार छः सौ पिच्यानवे रूपये मात्र 12-नवम्बर-24 तक	संपत्ति स्थित खसरा नं. 3950/1/क/24, पीएच नं. 10 ग्राम जांजगीर, जिला जांजगीर, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 161.93 वर्ग मीटर

दिनांक: 07-01-2025 स्थान: छत्तीसगढ प्राधिकृत अधिकारी ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

कोंडागांव जैन समाज ने मुमुक्षु दीक्षार्थी मंथन छाजेड़ का किया अभिनंदन

कोण्डागांव। सकल जैन समाज ने स्नेही स्वजन, सकल जैन श्री संघ एवं चोपड़ा परिवार के प्रबल पुण्योदय से संयम पथ आराधक राजनांदगांव निवासी शांतिलाल माता अंजू देवी के पुत्र मुमुक्षु मंथन छाजेड़ का महती कृपा प्रदाता-जिन शासन गौरव प्रज्ञानिधि परमपुज्य आचार्य भगवन 1008 विजयराज के सानिध्य में राजस्थान में 11 जनवरी को होना है। जिनका अभिनंदन सकल जैन समाज कोण्डागांव ने इस पुण्यशाली अवसर के अनुमोदना अभिनन्दन समारोह एवं मंगल गीत का आयोजन किया गया। इस अभिनंदन समारोह में मुख्य रूप से मोहनलाल कोटाडिया, मांगीलाल सुराना, महेन्द्र सुराना, प्रवीण जैन, बसंत सुराना, लोकचंद नाहटा, ललित कोटाडिया, राजेंद्र गोलछा, राजमल जैन, बसंत पारख, नवीन जैन, हरीश जैन, जितेंद्र सुराना, शेषमल जैन, लालचंद जैन, कुणाल चोपड़ा, ललित जैन महिला, बच्चे उपस्थित रहें।

ग्रामीणों की गुहार एवं मांगों का एक सप्ताह के भीतर निराकरण करें: प्रतिष्ठा ममगाई

पायनियर संवाददाता ➤ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

नवपदस्थ कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिला कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवो से पहुंचे लोगों से मुलाकात किया। उन्होंने मुलाकात कर उनकी मांगो एवं समस्याओं और शिकायत संबंधी आवेदनों का निराकरण कराने संबंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जनदर्शन में पंकज यादव आमबगीचा नयापारा द्वारा जिले के बेनूर एवं छोटेडोंगर में पोस्ट मार्डम सुविधा प्रदान करने के संबंध में, बसंती रानी धर निवासी बखरूपारा द्वारा गैस सिलेण्डर प्रदान करने, रैनू राम पोटाई ग्राम ईरकभट्टी द्वारा बोर खन्न हेतु आवेदन, समस्त महाविद्यालय की छात्राएं वीरांगना रमोतिन माड़िया कॉलेज नारायणपुर द्वारा हॉस्टल मांग हेतु आवेदन, बलदेव राम मरकाम सेवा निवृत प्रधान अध्यापक ग्राम धौड़ाई द्वारा 7वीं वेतनमान का एरियर्स राशि का अंतिम किस्त रुपये 22950 एवं एफबीपी राशि 18247 दिलवाने, रीना कर्मकार डी.एन.के. कॉलोनी नारायणपुर द्वारा अपनी निजी भूमि विक्रय की अनुमति के संबंध में, समस्त ग्रामवासी ग्राम नेतानार द्वारा वन पट्टा प्रदान करने हेतु आवेदन, सोहन उसेण्डी निवासी बिंजली द्वारा चैतीबाई पति जैतराम एवं रैनीबाई पति एस.आर. दुग्गा लोगों के द्वारा मेरे पिताजी का फर्जी हस्ताक्षर कर कुटरचित तरीके से कुटरचना कर हमारी भूमि का रजिस्ट्री कराने की संबंध में कार्यवाही करने, सरपंच एवं अन्य 04 ग्राम करलखा द्वारा ग्राम करलखा में निवासी स्व. बालसाय पिता स्व. शिवलाल जाति ठेठवार भूमि स्वामी खसरा नम्बर 192 रकबा 0.615 हेक्टेयर भूमिका जांच करने के संबंध में, सुकबती ओझा ग्राम ब्रेहबेड़ा द्वारा भूमि विक्रय करने हेतु, अर्जुन एवं अन्य 05 ग्राम कोहकामेटा कोड़ेनार द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति अबुझमाड़िया परिवार को स्वीकृत आवास अधूरा तत्काल पूरा करवाने, समस्त ग्रामवासी ग्राम बड़गांव द्वारा अतिथि शिक्षक मांग, समस्त ग्रामवासी ग्राम गुमियाबेड़ा द्वारा ओरछा के ग्राम पंचायत नेडनार के ग्रामवासियों को खेती बाड़ी का पट्टा दिये जाने, प्रतिमा गुप्ता ईएमआरएस एकलव्य स्कूल छेरीबेड़ा द्वारा स्पोकन इंग्लिश शिक्षिका को शिक्षण सत्र 2024-25 में पेमेंट नहीं हुआ है पेमेंट भुगतान हेतु ओवदन, राजूराम पोटाई एवं अन्य 03 निवासी खैरोभाट द्वारा सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी संविदा के पद पर सेवा वृद्धि किये जाने के संबंध में, अध्यक्ष और सचिव एवं अन्य 03 ग्राम निवासी खैरोभाट द्वारा पर्यटन स्थल शांत सरोवर बिंजली बांध में दो गोताखोर सुरक्षा गार्ड देने व नियुक्ति करने एवं 600 मीटर में बिजली पोल लगाकर विद्युत कनेक्शन देने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इस प्रकार जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाईं ने गंभीरतापूर्वक सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों को भरोसा दिलाया।

बिहान से ईश्वरी मरकाम को मिली पहचान, विश्रामपुरी की ईश्वरी ने बिहान से जुड़ कर बदली अपनी तक़दीर

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को लेकर शुरू की गई लखपति दीदी पहल ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का एक उल्लेखनीय माध्यम बन रही है। यह पहल राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत महिलाओं को आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और उनकी वार्षिक आय को एक लाख रुपये से अधिक तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इस पहल ने देशभर में हजारों महिलाओं की जिंदगी बदली है उन्ही में से एक हैं कोंडागांव जिले के विश्रामपुरी की ईश्वरी मरकाम।

समूह से जुड़कर सफर की शुरुआत

कोण्डागांव जिले के विश्रामपुरी की ईश्वरी मरकाम बिहान से जुड़कर अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए एक मिसाल बनी है। इश्वरी 2017 में समूह से जुड़ी हैं और आजीविका के छोटे-छोटे गतिविधियां कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ की है। ईश्वरी अपने पति और दो बच्चों के साथ छोटा परिवार में रहती हैं। उनके पति कृषि कार्य करते हैं, लेकिन परिवार की जरूरतों और बच्चों की पढ़ाई के खर्च पूरे करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इस कठिन परिस्थिति से उबरने के लिए ईश्वरी ने महिला स्व-सहायता समूह का सहारा लिया और अपने जीवन को बदलने की ठानी। इश्वरी उन दिनों को याद करते हुए बताई की उस समय बड़ी मुश्किल से हमारा घर चलता था। परिवार की जरूरतों को पूरा करने के लिए हम महीनों से पैसे इक्क ठे करते थे तब जाकर हमारी छोटी-छोटी जरूरतों को पूरा कर पाते थे। ईश्वरी ने बताया की बिहान से जुड़ने के बाद मेरे अन्दर एक आत्मविश्वास जगा है, मैं अपनी बात सबके बीच रख पाती हूँ। समूह से जुड़ने के बाद ईश्वरी ने सीआईएफ की राशि का उपयोग कर विभिन्न आजीविका गतिविधियों की शुरुआत की। उन्होंने कृषि कार्य, फैंसी दुकान संचालन और स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने का कार्य कर रही हैं। इसके अलावा वे बीसी सखी के रूप में भी सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

आर्थिक स्थिति में हुआ सुधार

ईश्वरी अपनी मेहनत और लगन से अलग-अलग स्रोतों से एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक आय अर्जित कर रही है। ईश्वरी को कृषि कार्य से 35 हजार रुपए, फैंसी दुकान से 60 हजार और मध्यान्ह भोजन योजना से 24 हजार रुपए तक की आमदनी हो रही है। साथ ही उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के महतारी वंदन योजना से भी हर महीने एक हजार रूपये प्राप्त हो रहा है। इन सभी आय स्रोतों से उनकी आर्थिक स्थिति पहले से कहीं बेहतर हो गई है। अब उनके बच्चों की पढ़ाई में आर्थिक तंगी नहीं आती और परिवार का जीवन स्तर पहले से अधिक बेहतर हो गया है।

महिला सशक्ति करण की दिशा में कदम

ईश्वरी मरकाम की सफलता महिला सशक्ति करण की दिशा में एक बड़ा कदम है। उनकी सफलता यह साबित करती है कि जब महिलाओं को सही अवसर और संसाधन मिलते हैं, तो वे अपने जीवन को आत्मनिर्भरता और सफलता की ओर ले जा सकती हैं। ईश्वरी कहती हैं, बिहान योजना ने मुझे और मेरे जैसी कई महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। अब मैं अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम हूं, और मेरे बच्चों की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की बाधा नहीं है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को इस पहल के लिए धन्यवाद दिया, जो ग्रामीण महिलाओं के जीवन को सशक्त और समृद्ध बना रही है।

हमारी सरकार छत्तीसगढ़ को देश का अव्वल राज्य बनाने की दिशा मे कर रही काम : उप मुख्यमंत्री साव

21 करोड़ से अधिक के विकास कार्यो का किया गया भूमिपूजन एवं लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

उप मुख्यमंत्री अरुण साव जिला मुख्यालय बलौदाबाजार मे नवनिर्मित जिला ऑडिटोरियम का लोकार्पण एवं विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस अवसर पर 6 करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से निर्मित जिला ऑडिटोरियम एवं नवीन कृषि उपज मंडी मे संचालित होने वाले मनोविकास केंद्र का लोकार्पण सहित 21करोड़ 29 लाख रुपये के 56 विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया गया। इसमें 2 करोड़ रुपये के 4 कार्यों का भूमिपूजन तथा 19 करोड़ 29 लाख रुपये के 52 कार्यों का लोकार्पण शामिल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर उप मुख्यमंत्री साव ने जिला ऑडिटोरियम का नाम बलौदाबाजार के पूर्व विधायक सत्यनारायण केशरवानी के नाम करने सामान्य प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेजनें जिला प्रशासन को निर्देशित किया इसके साथ हीं नगरीय निकाय मे विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 85 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम मे हम होंगे कामयाब अंतर्गत 60 युवायों को रोजगर पत्र, अंत्यवसायी विभाग द्वारा 359 हितग्राहियों को 35 लाख 90 हजार रुपए अनुदान सहायता राशि का चेक एवं बिहान योजना अंतर्गत 10 दीदियों को लखपति दीदी सम्मान पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला ऑडिटोरियम निर्माण की बधाई देते हुए इसे जिले का यश, मान और गौरव बढ़ाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे डबल इंजन की सरकार लगातार विकास के काम कर रही है जिसका ध्येय छत्तीसगढ़ को देश का अव्वल प्रदेश बनाना है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोग ईमानदार हैं और मेहनत से आगे बढ़ रहे है। प्रदेश मे खनिज एवं प्राकृतिक सम्पदा प्रचुर मात्रा मे है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे हमारी सरकार एक साल मे प्रदेश मे हर क्षेत्र मे विकास के काम तेजी से कर रही है। मोदी की गारंटी के तहत अधिकांश वादे पूरे किये गए हैं। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि जिला ऑडिटोरियम जिले के सांस्कृतिक, सामजिक और आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व मे प्रदेश मे विकास कार्य रफ़्तार से आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम को रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वगत भाषण मे भूमिपूजन व लोकार्पण सहित अन्य कार्यो की जानकारी दी।

शहीद जवानों को दी गई श्रद्धांजलि

कार्यक्रम के दौरान बीजापुर मे उग्रवादियों द्वारा आईआईआईडी ब्लास्ट मे शहीद हुए जवानों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई।

इन कार्यों का हुआ भूमिपूजन व लोकार्पण

कुल 21 करोड़ 29 लाख रुपये के विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्य में नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा राज्य प्रवर्तित योजना मद से विभिन्न वार्डों में सौंदर्यीकरण व जीर्णोद्धार कार्य 2 करोड़ रूपए के भूमिपूजन एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा रेट्रोफिटिंग योजना अंतर्गत 7 करोड़ 37 लाख 88 हजार रुपये के 12 कार्य, लोक निर्माण विभाग द्वारा 6 करोड़ 36 लाख 72 हजार रुपये की लागत से जिला ऑडिटोरियम एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा 1करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से मनोविकास केंद्र का लोकार्पण कार्य शामिल है। इस अवसर पर बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे, नगरपालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा, छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, पूर्व विधायक डॉ. सनम जंगड़े, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ दिव्या अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या मे युवा उपस्थित थे।

पत्रकार मुकेश चन्द्राकार हत्याकांड के आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग

राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com

बीजापुर में पत्रकार मुकेश चंद्राकर हत्याकांड के खिलाफ नगर के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों व नगरवासियों में बेहद आक्रोश है । इस संबंध में नगर व क्षेत्र के पत्रकारों द्वारा सामूहिक रूप से एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई थी । श्रद्धांजलि सभा में आरोपीयो की शीघ्र गिरफ्तारी व त्वरित कार्यवाही के लिए राज्य शासन का आभार भी व्यक्त भी किया गया । सभा मे आरोपीयो को कड़ी से कड़ी सजा दिए जाने की मांग के साथ ही राज्य में पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू किये जाने की मांग की गई । इस संबंध में महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सरायपाली अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नम्रता चौबे को आज उनके कार्यालय जाकर सौंपा गया । एसडीएम नम्रता चौबे ने पत्रकारों को आश्वस्त करते हुवे कहा कि पत्रकारों की भावनाओ को शीघ्र ही महामहिम राज्यपाल महोदय को ज्ञापन के माध्यम से आवगत कराया जायेगा । इस अवसर पर दिलीप गुप्ता , प्रदीप गुप्ता , रोमी सलूजा , सुरेश गुप्ता , भगवान दास छायाकान्त भट्ट , जनाब खान , ,टिकेस्वर मिश्रा आदि पत्रकार उपस्थित थे ।

सोरम में तीन दिवसीय रामचरित मानस प्रतियोगिता का हुआ समापन

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

पावन ग्राम सोरम में आयोजित तीन दिवसीय रामचरितमानस मानस प्रतियोगिता के समापन दिवस पर समाजसेवी दीपक सिंह ठाकुर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय अधिकारी मोहनलाल साहु, गोपाल साहु, हेमराज, राजेश, जतिन अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाजसेवी दीपक ठाकुर ने सभी ग्रामीणजनों को रामचरितमानस सम्मेलन के आयोजन के लिए शुभकामनाएं दिया। अंगुलीमाल डाकु से महर्षि वाल्मीकि कैसे बने और कलयुग में तुलसीदास जी के जीवन पर प्रकाश डाला। रामचरितमानस ग्रंथ का श्रवणपान के साथ नित्य अपने घर में अध्ययन करने की आवश्यकता है। हम सब अपने शास्त्रों के अध्ययन से दुर होते जा रहे हैं। दीपक सिंह ठाकुर ने बताया कि ईश्वर के दर्शन संभव है। इस कलियुग में हमारे गोस्वामी तुलसीदास जी ने साक्षात हनुमानजी एवं प्रभु श्री राम और लक्ष्मण का दर्शन प्राप्त किए हैं और हम केवल पूजा स्थान में भगवान रखकर पुजा कर रहे हैं। भगवान की प्राप्ति और मोक्ष की प्राप्ति हेतु कलियुग में भक्ति ही सबसे सरल मार्ग है। शास्त्रों का अध्ययन के साथ हमको इसके संदेश को अपने जीवन में आत्मसात भी करना है। हर वर्ष इस प्रकार का आयोजन अपने गांव में हम सबके सहयोग से होता रहे और इसी कारण हम सब सुरक्षित और बहुत अच्छे हैं। इस अवसर पर आयोजन समिति, गांव के गणमान्य नागरिक के साथ मातृशक्ति दीदी लोग अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

डॉ. राधेश्याम पटेल को गौरव सम्मान से किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

रायपुर में छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ कर्मचारी प्रकोष्ठ द्वारा समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले एवं दसवी बारवी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर उतीर्ण करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसी के तहत बलौदाबाजार के डा. राधेश्याम पटेल (शिक्षाविद एवं साहित्यकार) को समाज के लिए विशेष योगदान एवं विभिन्न विधाओ में पुस्तक लेखन के लिए गौरव सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पटेल ने समाज के लिए छात्रावास निर्माण, गरीब छात्रों को आर्थिक सहायता देने, पर्यावरण संरक्षण एवं साहित्य के क्षेत्र में महत्व पूर्ण योगदान देकर पटेल समाज का नाम रोशन करने के उपलक्ष्य में यह पुरस्कार दिया गया। डा. राधेश्याम पटेल के उक्त उपलब्धी एवं सम्मान प्राप्त करने पर पटेल समाज के पदाधिकारियों ने बधाई एवं शुभकामनाऐं दी है। बधाई देने वालों में महासंघ अध्यक्ष बीआर पटेल, छ.ग. हरदिहा पटेल समाज के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र पटेल, लवन राज अध्यक्ष भागचंद पटेल, पत्रकार रामाधार पटेल, डा. रामचंद पटेल, मनोज पटेल, रामकुमार पटेल, हेमंत पटेल, भूपेन्द्र पटेल, दीपक पटेल, रोहित पटेल, हूमेश्वर पटेल, घनश्याम पटेल, शंकर दयाल पटेल, हिर्मेन्द्र पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, पोषण पटेल, जगदीश पटेल, योगेश पटेल, जागेश्वर पटेल, लखन लाल पटेल कोमल पटेल शिक्षक बीआर पटेल, राजेन्द्र पटेल करियाटार, गोपाल पटेल, कमलनाथ पटेल, कमलनारायण पटेल, डा. दुलार पटेल, डा. कमलेश पटेल, अशोक पटेल, गीता पटेल, योगेश पटेल, विश्राम पटेल कोनारी, श्यामलाल पटेल, जय प्रकाश पटेल, आदि शामिल है।

चेम्बर के संविधान संशोधन के खिलाफ की गई अपील खारिज

धमतरी। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, धमतरी जिलाध्यक्ष महेश जसूजा ने बताया कि चेम्बर के संविधान संशोधन के विरूद्ध श्रीचन्द सुन्दरानी द्वारा प्रस्तुत अपील रजिस्ट्रार ने खारिज कर दी है। रजिस्ट्रार के समक्ष चेम्बर के संविधान संशोधन के विरूद्ध श्रीचन्द सुन्दरानी एवं अन्य ने चुनौती दी थी, जिस पर रजिस्ट्रार, फर्म्स एवं संस्थाएं ने दोनों पक्षों की सुनवाई करने के पश्चात् चेम्बर द्वारा किये गये संविधान संशोधन को विधिसम्मत एवं पूरी प्रक्रिया से किया गया बताया और प्रस्तुत की गई शिकायत खारिज कर दी। चेम्बर कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव ने कहा कि यह संशोधन पूरी पारदर्शिता और पूरी प्रक्रिया के साथ सबको समान अवसर देने के उद्देश्य से किया गया है। श्रीचन्द सुन्दरानी से अनुरोध है कि चेम्बर के चुनाव को अब और कानूनी दांवपेंच में न उलझाकर स्वस्थ चुनाव का मार्ग प्रशस्त करें। उक्त जानकारी अजय भसीन प्रदेश महामंत्री ने दी।

नवकार महिला मंडल ने किया जोधापुर स्कूली बच्चों के लिये दंत शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

नवकार महिला मंडल द्वारा शासकीय प्राथमिक माध्यमिक जोधपुर स्कूल में बच्चों का दांत का कैंप लगाया गया। इसमें 50 बच्चों का चेकअप किया गया। मंडल द्वारा दंत शिविर जोधापुर स्कूल में शासकीय प्राथमिक आंगनबाड़ी के बच्चों को बच्चों के डॉक्टर रजत नाहर एवं डॉक्टर एकता नाहर द्वारा 50 बच्चों का चेकअप किया गया। बच्चों को चेकअप कर डॉक्टर ने साफ सफाई का ध्यान रखने कहा और जिनको तकलीफ है उन्हें क्लीनिक में आने के लिए सलाह दिया। नवकार महिला मंडल द्वारा डॉक्टर रजत का सम्मान सुमन छाजेड़, ज्योति भंसाली द्वारा किया गया एवं डॉक्टर एकता का सम्मान इंदु जैन एवं बिंदु ओस्तवाल द्वारा किया गया। स्कूल के शिक्षकों ने डॉक्टरों का एवं नवकार महिला मंडल का स्वागत कीकू चावल लगाकर एवं पुष्प गुच्छ से उनका स्वागत किया गया। स्वागत की कड़ी में मंडल की संतोष मिनी द्वारा डॉक्टरों का परिचय देते हुए कहा निरोगी काया ही जीवन का आधार है। स्वस्थ मन और स्वस्थ तन करता जीवन को संचार है। प्यारा नाम उज्ज्वल काम जिनका व्यवहार है हम सभी को स्वस्थ रखने का जिनकी कंधों पर भार है। उनके यहां आने से मन हर्षित बार.बार है। नवकार महिला मंडल करता इन सब का दिल से आभार है। बच्चों को साफ सफाई कर शुद्ध शाकाहार बनने का एवं सुबह शाम ब्रश करने के लिए मंडल द्वारा आव्हान किया गया। बच्चों को मंडल द्वारा ब्रश पेस्ट चॉकलेट पिपरमेंट खजूर लड्डू नमकीन बांटा गया। सभी शिक्षक लोगों को मंडल द्वारा पेन डायरी बांटी गई और मंडल द्वारा डॉक्टर को उपहार भेट किया गया एवं आभार में इन्दु जैन द्वारा डॉक्टरों की अहमियत बताई गई कि जब हम तकलीफमें रहते हैं तो भगवान को याद करते हैं और जब शरीर से तकलीफमें रहते हैं तो डॉक्टर को याद करते हैं। स्कूल के प्रधान अध्यापक मदन मोहन दास सर द्वारा मंडल के बारे में बताया गया कि मंडल 20 साल से हमारे स्कूल में सेवारत है और हमेशा हर दुख सुख में हमारा साथ सहयोग देती है। मंडल का आभार व्यक्त करते हुए डॉक्टर को और मंडल को बहुत.बहुत साधुवाद धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मंडल की संतोष मिनी, कुसुम गोलछा, इंदू, सरिता, दीपा, संजू, जैनों, बिंदु ओस्तवाल, सुमन छाजेड़, ज्योति भंसाली एवं स्कूल के प्रधानाध्यापक मदन मोहन दास, दुबे सर, बरखा बोरकर, दुबे सर, कोमलता गंजीर, भूपेश्वरी, दीपमाला, कुमुद सिंन्हा एवं मंडल के सभी सदस्य उपस्थित थे।

मिक्स बॉक्सिंग में धनेश्वर रजक ने जीता गोल्ड मेडल

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

30 वां फेडरेशन कप ऑफइंडिया कराते मिक्स बॉक्सिंग चैंपियनशिप 28 से 29 दिसंबर 2024 को श्री बालाजी विद्या मंदिर स्कूल रायपुर में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दक्षिण भारतीय एवं हिंदी सिनेमा जगत के सुपरस्टार दादा साहेब फाल्के अवार्डेड डॉ. सुमन तलवार (गब्बर इज बेक/ शिवजी द बॉस) के साथ छालीवुड स्टार एवं छग राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल, युवा नेता आकाश विंग, राज्य कराते संघ यू.एस. के. अध्यक्ष सनत राठौर, भारत सरकार द्वारा द्रोणाचार्य अवार्ड विजेता ब्रजभूषण मोहंती अध्यक्ष मिक्स बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, महासचिव सचिन व्ही. सिंगोटे, डायरेक्टर सन्तोष गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन ऑफ इंडिया आदि थे। उक्त चेम्पियनशिप में महाराष्ट्र, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना,हरियाणा, मध्यप्रदेश, दिल्ली, पंजाब, बिहार, ओड़िशा, झारखंड, असम, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं मेजबान छत्तीसगढ़ से लगभग 400 से भी ज्यादा महिला, पुरूष खिलाड़ी, कोच आदि शामिल हुए। जिसमें विभिन्न आयु एवं वजन समूहों मे चेम्पियनशिप संपन्न हुआ। जिसमें महासमुंद जिले के तुमगाँव से धनेश्वर रजक में गोल्ड मेडल जीतकर अपने गांव का नाम रोशन किया है। कार्यक्रम के प्रमुख आयोजक जनरल सेक्रेटरी वरुण पाण्डेय, डिफेंस ऑफछग के अध्यक्ष सेंसई रुखमणी रानू, राज्य कराते संघ यूएसके छग के जनरल सेक्रेटरी विरेन्द्र कुमार डरसेना, जिला संयोजक कुणाल दास मानिकपुरी, सेंसई पंकज दास, तेमन नेताम आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

शासन से धोखाधड़ी करने वाले अधिकारियों को मिली पदोन्नति

मामला-रायपुर से विशाखापट्नम मार्ग में भूअर्जन घोटाले का

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

पूर्ववर्ती सरकार के समय भ्रष्टाचार के मामले में तथाकथित अधिकारी, विभिन्न घोटाले में फंसकर जेल की यात्रा कर रहे हैं। नई सरकार आने पर प्रदेशवासियों को इस सरकार से काफी आशाएं हैं। स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भ्रष्टाचारमुक्त प्रदेश और सुशासन को लेकर कृत संकल्पित हैं। लेकिन कतिपय विभागों में अधिकारी आज भी पुरानी सरकार के ढर्रे पर चल रहे हैं जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न खाऊंगा-न खाने दूंगा.., मुख्यमंत्री के सुशासन की परिकल्पना पर कुठाराघात हो रहा है। इसके लिये पूर्ण रूप से कतिपय विभागों के अधिकारी जिम्मेदार हैं। इन्हीं श्रृंखलाओं में रायपुर से विशाखापट्नम की ओर इकॉनामिक कॉरिडोर भारतमाला परियोजना सड़क निर्माण में अभनपुर से धमतरी होकर निकलने वाली सड़क में भूअर्जन के नाम पर भारी घोटाला किये जाने का मामला सामने आया है जिसके चलते आरटीआई कार्यकर्ता कृष्ण कुमार साहू ने शासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए ऐसे घोटालों के जांच की मांग की थी। शिकायत के आधार पर जांच की गई और अभनपुर के अनुविभागीय अधिकारी एवं भूअर्जन अधिकारी निर्भय साहू, सक्षम प्राधिकारी भूअर्जन तत्कालीन तहसीलदार अभनपुर शशिकांत कुर्रे एवं तत्कालीन नायब तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण सहित 4 पटवारियों को निजी भूमिस्वामियों को लाभ पहुंचाने के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया है। आरटीआई कार्यकर्ता साहू का कहना है कि सिर्फ 02 ग्राम पंचायतों में 43 करोड़ रूपये की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। यदि अधिग्रहण की श्रेणी में आने वाले 34 ग्रामों की जांच की जाये तो यह मामला 500 करोड़ से कम का नहीं निकलेगा। शिकायतकर्ता कृष्ण कुमार साहू ने जो शिकायत की थी, उसके आधार पर जांच प्रारंभ हुई जिसके लिये एक जांच कमेटी बनाई गई। इसमें अपर कलेक्टर बी बी पंचभाई, पूर्व संयुक्त कलेक्टर निधी साहू ने जांच पश्चात 16.11.23 में लेख किया कि पूर्व में प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन 11.9.23 अनुसार निर्भय साहू तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं सक्षम प्राधिकारी अभनपुर शशिकांत कुर्रे तत्कालीन तहसीलदार अभनपुर, तत्कालीन नायब तहसीलदार गोबरा नयापारा लखेश्वर प्रसाद किरण, जांच प्रतिवेदन की कंडिका 52 में उल्लेखित अनुसार संलिप्त पटवारियों जितेंद्र साहू, दिनेश पटेल, लेखराम देवांगन जिनका हल्का नंबर 49, 22, 23 के द्वारा निजी भूमिस्वामियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है जिसके अनुसार अग्रिम कार्यवाही करते हुए इन्हें निलंबित किया गया है। इस घटनाक्रम में संलिप्त दो अधिकारियों को विभागीय जांच के चलते हुए पदोन्नति दी गई है जिसे लेकर शिकायतकर्ता में भारी निराशा है। इनका कथन है कि जब उपरोक्त प्रकरण में इनके ऊपर आरोप सिद्ध हो चुका है तो ऐसे अधिकारियों को पदोन्नति देना सरकार की छवि को खराब करता है। इन्होंने पूर्ववर्ती

सरकार के समय चलने वाले भ्रष्टाचार की तुलना इन अधिकारियों से करते हुए शासन से मांग की है कि जांच और जांच के नाम पर इस प्रकरण को लंबित रखना और उपरोक्त दो अधिकारियों को पदोन्नति देना शासन की छवि को खराब करता है जबकि नियमानुसार भ्रष्टाचार प्रमाणित होने पर इनके खिलाफ सीधे सीधे एफआईआर करवाना था और साथ ही इस जमीन को खरीदने वाले और जिन व्यक्तियों को इन अधिकारी, पटवारियों ने लाभ पहुंचाया है, उक्त व्यक्तियों पर भी विधिवत कार्यवाही होनी चाहिये थी। प्रस्तावित रायपुर विशाखापटनम इकॉनामिक कॉरिडोर को लेकर आरटीआई कार्यकर्ता साहू ने यह भी कहा कि ये तो अभनपुर क्षेत्र का मामला है, अगर इसकी उच्च स्तरीय जांच होती है तो अभनपुर से लेकर धमतरी, नगरी होते हुए जो सड़क का निर्माण किया जा रहा है और उसमें अधिग्रहित भूमि का जो मुआवजा बनाया गया है, उसे लेकर भी एक समिति बनाई जानी चाहिये और सरकार को इसके लिये शीघ्रातिशीघ्र कार्यवाही कर ऐसे दोषियों पर धारा 420, 409, 471 के तहत अपराध पंजीबद्ध होना चाहिये क्योंकि यह मामला सीधे सीधे राज्य सरकार को क्षति पहुंचाने का है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिये। जैसा कि इसमें संलिप्त अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है, उससे यह मामला पेचिदा होते जा रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि इसमें सत्ता से जुड़े कुछ तथाकथित नेताओं द्वारा अधिकारियों को बचाने के लिये जांच के ऊपर जांच के नाम पर इस प्रकरण को आगे खिंचवाया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पता चला है कि अभनपुर की तर्ज पर मगरलोड में पदस्थ तत्कालीन तहसीलदार ने भी शासकीय भूमि जहां हजारों वृक्ष हैं, उस शासकीय भूमि को भी कुछ व्यक्तियों को दस्तावेजों में हेरफेर कर मालिकाना हक दे दिया और इसके एवज में उन्होंने भारी भरकम भेंट पूजा ले ली। इसी अवधि में उनका यहां से तबादला हो गया। लेकिन शासकीय भूमि जिसे उक्त तहसीलदार ने अपने कार्यकाल के दौरान मालिकाना हक दिया, उसे तथाकथित व्यक्तियों ने आनन-फानन में धमतरी आकर पंजीकृत बैनामा के अनुसार विक्रय कर लाखों रूपये का शासन को हानि पहुंचाई है। मुख्य बात यह है कि कुरूद उपपंजीयक कार्यालय स्थित है। यहां पंजीयन कार्यवाही न कर तथाकथित लोगों ने धमतरी आकर शासकीय भूमि के मालिक बने व्यक्तियों ने पंजीयन कार्यवाही संपादित की है जो अपने आप में एक मिसाल है। साहू ने कहा कि जिस तरह उनकी शिकायतों पर जांच में लापरवाही की जा रही है, उससे संबंधितजन अपने कृत्य को दबाने के उद्देश्य से तेजी से लगे हुए हैं और इसमें कुछ हद तक वे सफल भी हो रहे हैं। इसलिये इन्होंने शासन से संलिप्त दो अधिकारियों को पदोन्नति दी गई है, उसे रद्द करते हुए उनके खिलाफ एवं जो लोग शासकीय भूमि को अधिग्रहित किये हैं, उनके खिलाफ भी धोखाधड़ी का मामला दर्ज करवाया जाये, ताकि जांच प्रभावित न हो। शिकायतकर्ता साहू का कहना है कि इस पूरे मामले में जल्द से जल्द कार्यवाही नहीं होने की दशा में मैं माननीय न्यायालय की शरण में जाने को तैयार हूं।

स्कूल के बाहर मादक पदार्थ विक्रय करने पर लगाई जाए रोक, आवेदिका ने की शिकायत

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम अरविंद एक्का ने साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। ग्राम गनियारी निवासी महिला ने मनरेगा मजदूरी का पैसा दिलाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि गरीबी रेखा से जीवन यापन करने वाले हम मजदूर जाब कार्ड के आधार पर मनरेगा में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं, किंतु पिछले तीन-चार सप्ताह का भुगतान पंचायत से नही किया गया है। वेतन भुगतान नही किए जाने के कारण आर्थिक व मानसिक कष्टों का सामना करना पड़ रहा है। नियमित वेतन भुगतान के अभाव में परिवार का खर्च चलाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर एडीएम ने जनपद पंचायत सीईओ को वस्तुस्थिति जांच कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा। ग्राम अमलीडीह निवासी ने जल जीवन मिशन अंतर्गत पीने का पानी प्रदाय करने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि विगत कई वर्षो से जल जीवन मिशन अंतर्गत टंकी निर्माण कर ग्राम के प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन कर पानी दिया जाना था, किंतु ग्रामवासियों को नल से जल प्रदाय नही किया जा रहा है। गांवों के तालाबों में भी जल संकट बना रहता है। इस पर एडीएम ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। समाज सेवी ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए स्कूल के बाहर मादक पदार्थ विक्रय पर रोक लगाने आवेदन दिया। बोरसी भट्ठा वार्ड नम्बर 40 में संचालित शासकीय माध्यमिक स्कूल के बाहर ठेले में तम्बाकू, सिगरेट, गुटका जैसी नशीले पदार्थ विक्रय किया जा रहा है, जिसे बच्चों द्वारा सेवन किया जा रहा है। बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शैक्षणिक संस्थान के परिसर के 100 गज (लगभग 91 मीटर) के भीतर किसी भी क्षेत्र में तंबाकूउत्पादों की बिक्री करना गैर कानूनी है। इस पर एडीएम ने आयुक्त नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही करने को कहा। आज जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, रोजगार दिलाने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 123 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर विरेन्द्र सिंह, डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे।

14 जनवरी को निर्मित मकान स्थल पर मकान की चाबी किया जायेगा प्रदान

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में खम्हरिया एवं जुनवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर मकान-मोर आस घटक के तहत निर्मित मकानो के हितग्राहियो को 14 जनवरी को निर्मित स्थल पर चयनित मकान की चाबी प्रदान की जायेगी। ऐसे हितग्राही जिनके द्वारा पूर्व में आबंटित मकान का पूरा पैसा जमा कर दिया गया है, उनको मकान सौंप दिया जायेगा। निर्माणाधीन मकानों का निरीक्षण करने संबंधित एजेंसी एवं निगम के अभियंता के साथ आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय स्थल पर पहुंचे। निर्माण में फिटिंग एवं फिनिसिंग से संबंधित जो कमियां है, जैसे- नल की टोली, वास बेसिंग, किचन का सिंक, खिड़खी, दरवाजे में जो भी कमी है, उसे 14 जनवरी तक पूर्ण करने को निर्देशित किये। निगम क्षेत्र में पहली बार हो रहा है कि हितग्राहियो को निर्धारित स्थल पर मकान की चाबी प्रदान की जायेगी। इस संबंध में निगम भिलाई से संबंधित व्यक्तियो को सूचना दे दी गई है। फोन भी किया जा रहा है, जो भी देय राशि है, उसे जमा करने को भी कहा जा रहा है। चयनित स्थल पर बिजली का सप्लाई मकान तक रहेगा, आबंटित व्यक्ति अपने नाम से मीटर लगवाने के लिए निगम से प्राप्त कब्जा पत्र के साथ विद्युत मीटर लगाने का एनओसी प्रदान की गई है। उसे लेकर नजदीकी विद्युत विभाग में जाकर स्वयं अपने नाम का मीटर लगवाना होगा। इस कार्य में हितग्राही को स्वयं पहल करके अपना काम करना होगा। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, अभियंता दीपक देवांगन, सी.एल.टी.सी. से उत्पल शर्मा, आदित्य ठाकुर, जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

आंगनबाड़ी क्षेत्र की भूमि पर अवैध बाउंड्रीवाल निर्माण कब्जा, निगम ने चलाया बुलडोजर

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम, कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं भवन अधिकारी गिरीश दिवान के मार्गदर्शन पर निगम क्षेत्रांतर्गत वार्ड 50 रेल्वे कासिंग के पास, बोरसी भाठा पवन चंद्राकर द्वारा स्वामित्व क्षेत्र से अधिक आंगनबाड़ी क्षेत्र की भूमि पर बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य किया गया है, जिससे आंगनबाड़ी निर्माण कार्य एवं आंगनबाड़ी की भूमि प्रभावित हो रही है। उक्त निर्माण को स्वयं से हटाये जाने अनावेदकों को इस कार्यालय का नोटिस प्रेषित किया गया, जिसके तहत् अनावेदक द्वारा आज दिनांक उक्त निर्माण को नहीं हटाया गया है। निगम टीम अतिक्रमण स्थल पर पहुँचकर निरीक्षण किया मौके पर अतिक्रमण/कब्जा पाया गया है। आंगनबाड़ी क्षेत्र की भूमि पर अवैध बाउंड्रीवाल निर्माण, नगर निगम ने कार्रवाही कर बुलडोजर चलाकर बाउंड्रीवाल निर्माण को तोड़कर हटाया गया।कार्रवाही के मौके पर भवन निरीक्षण विनोद मांझी, करण यादव,प्रभारी अतिक्रमण परमेश्वर सहित टीम अमला के अलावा पद्मनाभपुर थाना बल मौजूद रहे।

कलेक्टर चौधरी ने नगर निगम के प्रशासक के तौर पर पूर्व महापौर बकलवाल के समक्ष पदभार किया ग्रहण

निगम परिषद का खत्म हुआ कार्यकाल

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

नगर निगम परिषद का कार्यकाल खत्म हो गया. नगर निगम के कामकाज का जिम्मा बतौर प्रशासक यानि कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के पास रहेगा. अब तक के दुर्ग निगम के इतिहास में यह दूसरी दफा होगा जब नगर निगम का कामकाज प्रशासक के हवाले किया गया। राज्य सरकार ने जिला कलेक्टरों को प्रशासक बनाया है. कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने नगर निगम के प्रशासक के तौर पर आज सुबह 11 बजे पूर्व महापौर धीरज बकलवाल के समक्ष पदभार ग्रहण किया.इस अवसर पर कमिश्नर सुमित अग्रवाल, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल, पूर्व एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, सजंय कोहले,दीपक साहू, भोला महोविया, राज कुमार नारायणी, विजेंद्र भारद्वाज, भास्कर कुंडले सहित उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता मोहन पूरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, आरके जैन, गिरीश दीवान, वीपी मिश्रा, आरके बोरकर के अलावा निगम अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहें। कलेक्टर बने प्रशासक:आगामी महापौर के चुनाव तक प्रशासक ही नगर निगम की जिम्मेदारियों को संभालेंगे.जब तब आचार संहिता नहीं लग जाती है प्रशासक ही सभी फैसले करेंगे. टेंडर की जो प्रक्रिया होगी उसे प्रशासक ही कराएंगे. एमआईसी और सामान्य सभा की ओर से लिए जाने वाले निर्णय करने का अधिकार भी प्रशासक के पास रहेगा. आचार संहिता लागू होने के बाद नए काम पर रोक जरुर लग जाएगी. नए काम पर रहेगी रोकः प्रदेश सरकार इस संबंध में आदेश जारी कर दिया था.चूंकि पांच साल पहले शहर सरकार ने 06 जनवरी को ही शपथ ली थी इसलिए उसे 05 जनवरी तक काम करने का अवसर दिया गया.कलेक्टर और नगर निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि नगर निगम में पुराने परिषद का कार्यकाल 05 जनवरी 2025 तक था. उनका कार्यकाल समाप्त हुआ इसके बाद राज्य शासन की अधिसूचना है कि कलेक्टर को प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया गया है।

खेलों इंडिया लघु कबड्डी ट्रेनिंग सेंटर मर्रा पाटन में फिट इंडिया सायकल कैम्पेन का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भारतीय खेल विकास प्राधिकरण एवं संचालनालय के निर्देशानुसार सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा खेलों इंडिया लघु कबड्डी ट्रेनिंग सेंटर मर्रा पाटन जिला दुर्ग में रविवार 05 जनवरी 2025 को फिट इंडिया सायकल कैम्पेन का आयोजन किया गया। उक्त कैम्पेन ग्रामीणजन, संतोष कुमार यादव पी.टी.आई मर्रा एवं कबड्डी प्रशिक्षक भरतलाल ताम्रकार के नेतृत्व में किया गया। सहायक संचालक खेल एवं युवा कल्याण से मिली जानकारी अनुसार खेलों इंडिया सेंटर मर्रा पाटन के कबड्डी खिलाड़ियों के द्वारा देश में होने वाले प्रदूषण को रोकने एवं स्वस्थ रहने हेतु लोगों को जागरूक करने के लिए, सायकल रैली निकाल कर संदेश दिया गया। भारत सरकार की योजना के अन्तर्गत संचालित खेलों इंडिया लघु कबड्डी सेंटर के खिलाड़ियों ने एक साथ जिले के नागरिकों को अपने स्वास्थ्य को ठीक रखने एवं प्रदूषण को रोकने के उद्देश्य से सायकल रैली निकाली गई।

गंदगी फैलाने वाले दो लोगो पर लगाया जुर्माना,निगम की रहेगी नजर, अब रात में मार्केट क्षेत्र में कचरा फेंकने वालों पर करेगी जुर्माना

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कमिश्नर सुमित अग्रवाल के निर्देश एवं स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग टीम अमला द्वारा वार्ड 25 में निरीक्षण किया गया, मौके पर आयुष अमृतुल्य चाय दुकान दार द्वारा झाड़ू मारकर कचरा नाली में डालते पाए जाने पर एक हज़ार दंडशुल्क किया गया साथ सख्त चेतावनी दिया गया की गिला सुखा दो डस्टबिन रखे और डोर टू डोर कलेक्शन रिक्शा में डालने हेतु निर्देश दिया गया। इस दौरान अमला जांच के मौके पर दुकान दार से पॉलिथीन एवं गंदगी करने पर पांच पांच सौ रुपये अर्थदंड किया गया।नगर निगम द्वारा अब रात में मार्केट में कचरा फेंकने वालों पर करेगी जुर्माना की कार्यवाही। स्वच्छता सर्वेक्षण के मद्देनजर नगर निगम प्रशासन द्वारा सफाई पर फोकस किया जा रहा है। इस क्रम में निगम कमिश्नर सुमित अग्रवाल द्वारा लगातार शहर क्षेत्र का निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान चाय दुकानदार द्वारा नाली व सड़क पर गंदगी फैलाए जाने के कारण कार्रवाही की जा रही है। इस मामले में दो दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया। प्रत्येक दुकानदार से एक हज़ार एवं पांच सौ रुपये जुर्माना वसूल किया गया।

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में निर्माण कार्य के लिए 9.29 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजनांतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में विकास कार्यों के लिए 9 लाख 29 हजार 960 रूपए स्वीकृत किया गया है। विधायक ललित चंद्राकर द्वारा अनुशंसित उक्त कार्य का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी जनपद पंचायत दुर्ग मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुर्ग द्वारा की जाएगी। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत बोरीगारका अंतर्गत यादव पारा के सार्वजानिक भवन में पेवर ब्लॉक कार्य हेतु 2 लाख 29 हजार 960 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बेलौदी अंतर्गत साहू पारा ग्राम मालूद के सार्वजनिक भवन में डोम शेड पर लोहे की रेलिंग कार्य हेतु 2 लाख रूपए तथा पुराना स्कूल के सामने सीसी निर्माण कार्य के लिए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

उषा बारले के आमंत्रण पर पोती-पोते को आशीर्वाद देने आए राज्यपाल

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका और पद्मसम्मानित कलाकार उषा बारले के आमंत्रण पर राज्यपाल रमेन डेका उनके घर पंहुचे। राज्यपाल डेका उषा बारले के पोती-पोते, नियती और मोक्ष के जन्मदिन समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उषा बारले ने जन्मदिन में शामिल होने के लिए राज्यपाल डेका का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल के आशीर्वाद से बच्चों का जन्मदिन और भी खास बन गया है। यह आयोजन बारले के परिवार के लिए न केवल एक खुशी का अवसर था, बल्कि राज्यपाल के साथ उनके संबंधों और कला के प्रति उनके समर्पण का प्रतीक भी बना।

पीएम आवास योजना के हितग्राही अंशदान की राशि जमा कर अपना स्वयं का मकान शीध्र पा सकते है

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास का निर्माण किया गया है। जो हितग्राही वर्ष 2022-23 में आवास हेतु निगम के आवास शाखा में आवेदन जमा किये है और जिन हितग्राहियो का नाम पात्र सूची में है। वे शासन के नियमानुसार 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कर 10 जनवरी 2025 को होने वाले लाटरी में शामिल होकर अपना स्वयं का मकान पा सकते है। इस संबंध में आज निगम के सभागार में आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने हितग्राहियो, निर्माणकर्ता एजेंसी एवं ऋण प्रदान करने वाले बैंको के अधिकारियो की बैठक लेकर उन्हे पैसा जमा करने के लिए प्रेरित किये। आज की बैठक में 50 से 90 प्रतिशत राशि जमा करने वाले हितग्राही उपस्थित हुए थे। जिन्हे आयुक्त द्वारा समझाया गया कि जो राशि प्रतिमाह आप मकान किराये के रूप में जमा कर रहे है। पूरा पैसा जमा कर देने के बाद मकान प्रदाय कर दिया जायेगा। इसके लिए बैंको से घटते क्रम में ऋण प्रदान किया जा रहा है। बिना किसी विशेष पत्राचार किये, दोनो पक्षों के बीच बात-चीत, अनुबंध आदि करवाया गया। कल दोपहर को 2 बजे से निगम सभागार में 40 से 60 प्रतिशत राशि जमा कर चुके हितग्राहियो की बैठक होगी। वह भी आकर अपने अनुसार लोन लेकर मकान प्राप्त कर सकते है। जो व्यक्ति पूरा पैसा जमा कर देगा, उसे आबंटित मकान का कब्जा पत्र एवं मकान की चाबी 14 जनवरी को प्रदान कर दी जायेगी। यह सुविधा सभी हितग्राहियो के लिए उपलब्ध है। बैठक के दौरान कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, अभियंता दीपक देवांगन, सी.एल.टी.सी. से उत्पल शर्मा, आदित्य ठाकुर, प्रभारी योजना अधिकारी विद्याधर देवांगन, निर्माणाधीन एजेंसी के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जो भी मकान संबंधी हितग्राहियो द्वारा समस्या बताई गई उसे निराकरण करने के लिए आयुक्त ने एजेंसी को निर्देशित किया।

IndusInd Bank

क्षेत्रीय कार्यालयः 3ए अपर वुड स्ट्रीट शाखा, पहली मंजिल, सावित्री टॉवर, कोलकाता – 700017

परिशिष्ट–IV–क
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री नोटिस

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का **भौतिक** कब्जा, इंडसइंड बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, के **कर्जदार मेसर्स वैष्णवी ट्रेडिंग कंपनी (उधारकर्ता), श्री गोबिंदा प्रसाद शर्मा (बंधककर्ता/गारंटर) और श्रीमती नीतू शर्मा (गारंटर) और इसका ग्रुप खाता – श्री गोबिंदा प्रसाद शर्मा (उधारकर्ता/बंधककर्ता), मेसर्स वैष्णवी ट्रेडिंग कंपनी (गारंटर) और श्रीमती नीतू शर्मा (गारंटर)** से इंडसइंड बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि रु. **1,52,01,804.95** (रु. एक करोड़ बावन लाख आठ सौ चार और पैसे पिचान्वे मात्र) दिनांक 30.11.2024 तक और दिनांक 01.12.2024 से संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित की वसूली हेतु "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे वर्णित विशिष्ट तिथियों पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, जमा धरोहर राशि और संपत्ति के निरीक्षण की तारीख नीचे वर्णित है।

लॉट नं.	सुरक्षित संपत्ति का विवरण	ज्ञात भार	आरक्षित मूल्य	धरोहर राशि
1.	**सम्पत्ति 1:** कार्यालय क्रमांक-215, पहला तल सुपर/निर्मित क्षेत्रफल 120.54 वर्ग फुट "शुभ बिजनेस टावर" की ऊंचाई 10'5 फीट, जोकि भैरथान रोड, रामसागर पारा, वार्ड क्रमांक 17, रायपुर, पी.एच. नंबर-106 ए, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित (विलेख के अनुसार क्षेत्र/भूमि के आनुपातिक अविभाजित हिस्से के साथ) उक्त कार्यालय नगर निगम रायपुर की सीमा में है और इसकी चौहद्दीः उत्तर में - सलूजा स्टील, दक्षिण में - सामान्य मार्ग, पूरब में - कार्यालय नं. 216, पश्चिम में - कार्यालय सं. 214 **विवरण/संपत्ति का विवरण श्री गोबिंद प्रसाद शर्मा के नाम पर 13-09-2013 को निष्पादित बिक्री विलेख सं. 3126 में अधिक विशेष रूप से वर्णित है। **सम्पत्ति 2:** कार्यालय क्रमांक-216, पहला तल सुपर/निर्मित क्षेत्रफल 120.54 वर्ग फुट "शुभ बिजनेस टावर" की ऊंचाई 10'5 फीट, जोकि भैरथान रोड, रामसागर पारा, वार्ड क्रमांक 17, रायपुर, पी.एच. नंबर-106 ए, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 में स्थित (विलेख के अनुसार क्षेत्र/भूमि के आनुपातिक अविभाजित हिस्से के साथ) उक्त कार्यालय नगर निगम रायपुर की सीमा में है और इसकी चौहद्दीः उत्तर में - सलूजा स्टील, दक्षिण में - सामान्य मार्ग, पूरब में - कार्यालय नं. 216ए, पश्चिम में - कार्यालय सं. 215 **विवरण/संपत्ति का विवरण श्री गोबिंद प्रसाद शर्मा के नाम पर 21-05-2014 को निष्पादित बिक्री विलेख सं. 2253 में अधिक विशेष रूप से वर्णित है।	शून्य	रु. 38,57,280/- (रु. अडतीस लाख सत्तावन हजार दो सौ अस्सी मात्र) सम्पत्ति 1 और सम्पत्ति 2 का सयुक्त आरक्षित मूल्य	रु. 3,85,728/- (रु. तीन लाख पिचासी हजार सात सौ अट्ठाईस मात्र)
2	फ्लैट नं. 303, तृतीय तल, ब्लॉक-बी, निर्मित क्षेत्रफल 1450 वर्ग फुट, "ओम श्री किंग कोड" सर्वेक्षण का भाग/ ख नं. 141/1 और 150/1, क्षेत्र 0.042 हेक्टेयर, केएच नं. 152, क्षेत्र 0.060 हेक्टेयर, केएच नंबर 153, क्षेत्र 0.053 हेक्टेयर, केएच नं. 154/1, क्षेत्र 0.030 हेक्टेयर, केएच नं. 162/3 और 207/33, क्षेत्रफल 0.232 हेक्टेयर, ख संख्या 162/7 और 207/47 का हिस्सा, 0.036 हेक्टेयर का क्षेत्रफल, कुल क्षेत्रफल 0.453 हेक्टेयर या 48760 वर्ग फुट - सर्वेक्षण/ ख संख्या 151/2-3-4-5-6, क्षेत्र 0.045 हेक्ट और 151/7, क्षेत्र 0.042 हेक्टेयर, कुल क्षेत्रफल 0.087 हेक्टेयर या 9363 वर्ग फुट, कुल भूमि क्षेत्र 58123 वर्ग फुट, खम्हारडीह, शंकर नगर, डॉ भीमराव अम्बेडकर वार्ड नं. 27, आरआईसी-रायपुर -1, पीएच नं. 110, तह - जिला रायपुर, छत्तीसगढ़-492001 और बिक्री विलेख के साथ संलग्न मानचित्र के अनुसार चौहद्दीः "संपत्ति का विवरण/विवरण श्री गोविंद प्रसाद शर्मा के नाम से एसआरआई क्रम सं. 7840 पर पुस्तक संख्या-ए-1, खंड संख्या- 72845 में 20.03.2017 को विधिवत पंजीकृत बिक्री विलेख में वर्णित है।	शून्य	रु. 55,10,000/- (रु. पच्चपन लाख दस हजार मात्र)	रु. 5,51,000/- (रु. पाँच लाख इक्यावन हजार मात्र)

नीलामी की तिथि एवं समय	लॉट नं. 1 हेतुः 18-02-2025 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक) लॉट नं. 2 हेतुः 19-02-2025 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)
ऑनलाइन नीलामी वेबसाइट	https://www.bankeauctions.com
ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि	17-02-2025 (सभी लॉट नं. हेतु)
न्यूनतम बोली वृद्धि राशि	रु. 50,000/- मात्र (सभी लॉट नं. हेतु)
इच्छुक खरीदारों हेतु संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	लॉट नं. 1 हेतुः 30-01-2025 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक) लॉट नं. 2 हेतुः 31-01-2025 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक)
प्राधिकृत अधिकारी का संपर्क विवरण	मोबाइल नंबर 9874438785 ईमेल rohit.swaroop@indusind.com

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट अर्थात www.indusind.com या सेवा प्रदाता की वेबसाइट अर्थात https://www.bankeauctions.com पर दिए गए लिंक को देखें।

सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों/नियमों के अंतर्गत बिक्री हेतु वैधानिक 30 दिन का नोटिस

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर इस नोटिस को 30 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में मानें, उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर्स को एतद्द्वारा इस बिक्री सूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर ऊपर बताए अनुसार अपनी देयता का पूर्ण निर्वहन करने और प्रतिभूत आस्ति पर बंधक सम्पत्ति को छुड़ाने का अंतिम और अंतिम अवसर दिया जाता है, ऐसा न करने पर प्रतिभूत आस्ति को ऊपर उल्लिखित निबंधन और शर्तों के अनुसार बेच दिया जाएगा।

दिनांकः 08.01.2025
स्थानः रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लिमिटेड

संपादकीय

ग्रामीण भारत महोत्सव मोदी का संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण भारत महोत्सव में कहा कि ग्रामीण समृद्धि राष्ट्रीय प्रगति के लिए आवश्यक है। नई दिल्ली में आयोजित ग्रामीण भारत महोत्सव, 2025 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रेरणादायक भाषण देते हुए ग्रामीण विकास का परिवर्तनकारी महत्व उजागर किया। इस आयोजन में 'विकसित भारत 2047 हेतु समृद्ध ग्रामीण भारत का निर्माण' थीम के अंतर्गत ग्रामीण भारत की दृढ़ता और समृद्धि को रेखांकित किया गया। यह भारत को उसकी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष में विकसित राष्ट्र बनाने पर लक्षित है। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर दिया कि सरकार के इरादे, नीतियां तथा निर्णय ग्रामीण भारत में नई ऊर्जा भर रहे हैं। उन्होंने स्वास्थ्यरक्षा, कृषि, मूल ढांचागत संरचना तथा गांवों में जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण उपलबिधयां रेखांकित कीं जिन्होंने आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा दिया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी पर भारत की प्रतिक्रिया बताते हुए उन्होंने कहा कि भारतीय गांवों ने अंतिम व्यक्ति तक वैक्सीन की पहुंच सुनिश्चित कर दुनिया में व्याप्त संदेहों को खारिज कर दिया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय समावेशी विकास नीतियों को दिया जो समाज के हर वर्ग की जरूरतें पूरी करती हैं। ग्रामीण भारत महोत्सव, 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्रामीण विकास में महत्वपूर्ण उपलब्धियां उजागर करते हुए भविष्य में प्रगति की आशाजनक तस्वीर पेश की। इन उपलब्धियों के प्रशंसनीय होने के बावजूद गहन परीक्षण से कुछ चुनौतियां भी सामने आती हैं जिनकों समग्र व टिकाऊ ग्रामीण परिवर्तन के लिए परिभाषित किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने

1.5 लाख से अधिक 'आयुष्मान आरोग्य मंदिरों' की स्थापना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीमेडिसिन के विस्तार पर स्वास्थ्यरक्षा उपलब्धियों के रूप में जोर दिया। यह प्रगति महत्वपूर्ण पहलों का परिणाम है, पर प्रशिक्षित स्वास्थ्यरक्षा पेशेवरों को जोड़े रखना, सीमित ढांचागत संरचना तथा सुदूर गांवों में इंटरनेट पहुंच में निरंतरता की कमी समतापूर्ण स्वास्थ्यरक्षा व्यवस्था पहुंचाने में बाधा बनती है। कृषि भी ग्रामीण विकास प्रयासों के केन्द्र में है। पीएम-किसान के अंतर्गत वित्तीय सहायता और कृषि कर्जों के विस्तार ने किसानों की बड़ी सहायता की है। इसके बावजूद कृषि क्षेत्र में ढांचागत समस्यायें बनी हुई हैं जिनमें मानसून की अनुमान से परे प्रकृति, फसल विविधीकरण का कम प्रचार तथा बाजार की अस्थिरता शामिल हैं। विवादास्पद कृषि सुधारों के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों से भी ज्यादा समावेशी नीतियों तथा सभी पक्षों से प्रभावी संवाद की आवश्यकता उजागर होती है। प्रधानमंत्री ने ग्रामीण गरीबी में तेजी से आई कमी को रेखांकित करते हुए कहा कि यह 2012 में 26 प्रतिशत से घट कर अब 5 प्रतिशत से नीचे चली गई है। निश्चित रूप से यह प्रगति महत्वपूर्ण है, पर ग्रामीण असमानता तथा हाशियाकृत समुदायों के समावेशन पर लगातार ध्यान देना विकास पहलों के लिए जरूरी है। केवल गरीबी के आंकड़े वंचना से पैदा व्यापक चुनौतियों को अभिव्यक्ति नहीं देते हैं क्योंकि इनमें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्यरक्षा तथा सामजिक प्रगति को सीमित महत्व मिला है। ढांचागत कमियां अक्सर ग्रामीण अर्थव्यवस्था की संभावनाओं को प्रभावित करती हैं जिनमें अधूरे सड़क संपर्क, डिजिटल नेटवर्कों की कमी तथा बिजली सप्लाई के व्यवधान शामिल हैं। इसके साथ ही अधिकांश ग्रामीण भारत कृषि पर अत्यधिक निर्भर है जिससे निपटने के लिए आर्थिक विविधीकरण तथा विनिर्माण व सेवा क्षेत्रों में ज्यादा रोजगार सृजन की आवश्यकता है। भारत के ग्रामीण विकास के प्रति प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण निश्चित रूप से प्रशंसनीय है। इसमें विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत लाखों 'दीदियों' ने उल्लेखनीय योगदान दिया है जिन्होंने बैंकिंग स्वास्थ्य व अन्य सेवाओं को आम जनता तक पहुंचाने के साथ अपनी आर्थिक प्रगति भी सुनिश्चित की है। ग्रामीण विकास पर प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण आगे बढ़ाने के लिए संकुचित राजनीति से ऊपर उठ कर इसका व्यापक समर्थन किया जाना चाहिए।

भारत को विश्व गुरु बनाने का मार्ग

'मंदिर-मस्जिद विवाद' जैसे विभाजनकारी विमर्शों से पैदा खतरा उजागर कर संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भारत की बहुआयामी पहचान बनाने पर जोर दिया है।

सुखदेव सिंह
(लेखक, सेवानिवृत्त प्रोफेसर हैं।)



मोहन भागवत की विद्वतापूर्ण टिप्पणी भारत की विविधतापूर्ण यात्रा में एकता का महत्व उजागर करती है। यही विश्व गुरु बनने की भारत की यात्रा है। उन्होंने राजनेताओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं से राष्ट्रीय एकजुटता की नीव के रूप में विविधता को मजबूत करने का आह्वान किया है। समावेशन तथा परस्पर सम्मान को गले लगा कर भारत सचमुच वैश्विक आदर्श अपना सकता है जो दुनिया का नेता और विश्व गुरु बनने के लिए आवश्यक है।

'भारत-विश्व गुरु' विषय पर आयोजित सहजीवन व्याख्यानमाला शृंखला में भाषण देते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने 'मंदिर-मस्जिद' विवादों की हालिया घटनाओं पर अपनी चिन्ता प्रकट करते हुए कहा, 'राम मंदिर के बाद कुछ लोग सोचते हैं कि वे नए स्थानों पर ऐसे मुद्दे उठा कर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं।' उन्होंने यह आदत अस्वीकार करते हुए कहा कि 'यह स्वीकार्य नहीं है।' ज्ञानवापी मस्जिद पर अपनी टिप्पणी की याद दिलाते हुए कहा कि 'हमें हर मस्जिद के नीचे शिवलिंग तलाशने की क्या जरूरत' इस प्रकार उन्होंने एक प्रवृत्ति के खिलाफ चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, 'वर्चस्व के दिन बीत गए हैं। अब जनता अपने प्रतिनिधि चुनती है जो सरकार चलाते हैं।' 'प्रभुत्व की भाषा' पर सवाल उठाते हुए उन्होंने भारतीय समाज के बहुलतावादी चरित्र को स्वीकार किया जहां 'परंपरा' लोगों को अपने संबंधित विश्वासों का पालन करते हुए सद्भावना से रहना सिखाती है। भारत और दुनिया के बीच तुलना करते हुए उन्होंने कहा कि एकता के सिद्धान्तों में समानता है, जबकि भारत में 'विविधता एकता का आभूषण है और हमें इसका सम्मान करते हुए इसे स्वीकार करना चाहिए।' अतीत के बोझ के रूप में घृणा, ईर्ष्या, शत्रुता और संदेह को अस्वीकार करते हुए उन्होंने 'बहुसंख्यक-अल्पसंख्यक' विचारपद्धति को भी अस्वीकार कर दिया। उन्होंने जोर दिया, 'यहां सभी समान हैं।' विश्व गुरु बनने के लिए भारत को ऐसे लोगों का राष्ट्र बनना चाहिए जो जाति और धार्मिक मतभेदों से ऊपर हों। अपने भाषण से संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अनेक चीजों पर निशाना लगाया है। उन्होंने 200 मिलियन मुसलमानों के साथ भारत में ईसाइयों, सिखों व अन्य की उपस्थिति को स्वीकार करते हुए भू-राजनीतिक यथार्थ भी स्वीकारा है। ऐसे में 'हिंदू' शब्द को अरबी-फारसी तथ संस्कृत 'सिंधु' से जुड़ा स्वीकारना चाहिए जिसमें 'हिंदुस्तान' का अर्थ हिंदुओं, यानी सिंधु नदी के किनारे रहने वाले लोगों से है। यह ऐतिहासिक संदर्भ बताता है कि यूनानी 'सिंधु' का उच्चारण 'इंडस' करते थे तथा बाद में 'हिंद' या 'हिंदू' बन गया 'अल-हिंद' अरबी ईरानी की देन है। यूनानी भारत को 'लैंड ऑफ इन्कस' कहते थे, जबकि अरबी बोलने वाले इस क्षेत्र को 'हिंदुस्तान' कहते थे। इसमें पुराने पंजाब को ऐसे भौगोलिक क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया गया है जहां हिंदु या सिंधु के किनारे रहने वाले लोग रहते हैं। इसे हिंदुस्तान कहते हैं जहां प्राचीन वेदों और पुराणों की अवधारणाओं के साथ अनेक धार्मिक विश्वास, जैसे शैव, बौद्ध, जैन और सिख मौजूद हैं। इस प्रकार 'हिंदू' एक भौगोलिक व सांस्कृतिक पहचान बन जाती है जो व्यापारियों या हमलावरों के रूप में आए मुसलमानों, ईसाइयों व यहूदी, आदि अन्य लोगों से स्वदेशी लोगों की पहचान अलग करती है। हालांकि, इस क्षेत्र में अन्य लोगों का प्रवेश शुरुआती चरण में धार्मिक विरोध तक संकुचित नहीं था। इसका संबंध केवल पहचान के संप्रेषणात्मक 'संकेत' से था। संवाद मुख्यत: समानताओं और भिन्नताओं पर केन्द्रित था। 'अन्य' देशों से आए लोग धीरे-धीरे हिंदुस्तान या भारत के लोग बन गए, यहां स्थाई रूप से बस गए तथा सिंधु नदी के किनारे वाली भूमि में उन्होंने विविधता में अपना योगदान दिया।

चूंकि 'हिंदूवाद' का कोई निश्चित संस्थापक या एक अकेला पवित्र ग्रंथ नहीं था, इसलिए इस धर्म को 'हिंदूवाद' कहा गया। यह केवल सामाजिक-सांस्कृतिक व्यवहारों का एक रूप बना रहा जहां लोग अपनी धार्मिक पूजा पद्धतियों के बावजूद एक प्रकार से व्यवहार करते थे। 'हिंदू' और 'हिंदुस्तान' जैसे शब्द उस समय तक भौगोलिक-सांस्कृतिक व्यवहारों के प्रतीक बने रहे जब तक बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ में औपनिवेशिक शासकों का विरोध करने के लिए इनको धार्मिक व राष्ट्रीय पहचान के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया। यह मुसलमानों द्वारा भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में तुर्की के आटोमन सुल्तान के समर्थन में चलाए 'खिलाफत आंदोलन' की भी प्रतिक्रिया थी। भारतीय राष्ट्रीय पहचान अनेक प्रकार से हिंदू राष्ट्रीय पहचान तथा इस्लामी राष्ट्रीय पहचान के हिस्सों को मिला कर बनाई गई जिसने लोगों को धार्मिक आधार पर बांट दिया। इस विभाजन को औपनिवेशिक ब्रिटिश शासकों ने अनेक प्रकार से बढ़ावा दिया जिसकी परिणति 1947 में भारत के विभाजन के रूप में हुई। इस प्रकार स्वतंत्र भारत एक संप्रभु राष्ट्र बना, हालांकि यह संघीय रूप से एकजुट सांस्कृतिक राष्ट्र-राज्यों का समुच्चय था। इस संघीय राजनीतिक संरचना ने 'धार्मिक राष्ट्रों' का मुद्दा हमेशा के लिए समाप्त कर दिया। इसके बावजूद भारत में हाशिये पर पड़े कुछ टकरावों से 'विविधता में एकता' की परीक्षा होती रही। समाज की आंतरिक संरचना व गतिशीलता तथा राज्य के बीच टकराव व एकजुटता जारी रही। समाज या राज्य के और जटिल होने के साथ ही टकराव-एकजुटता का स्तर बदलता रहा। ऐसे में देश और उसकी जनसंख्या की बेहतरी के लिए राजनीतिक संचालकों को अपनी शक्ति का प्रयोग सांगठनिक सिद्धान्त के रूप में 'जबरन एकरूपता' के खिलाफ 'विविधता' के पक्ष में मोड़ना चाहिए। लेकिन हिंदू भौगोलिक-सांस्कृतिक पहचान के बजाय हिंदू धार्मिक पहचान तथा हिंदू राष्ट्र-राज्य पर जोर देने के कारण हाल में 'मंदिर-मस्जिद' विवादों में तेजी आई है। संघ प्रमुख मोहन भागवत का यह दृष्टिकोण सही है कि इससे एकता और एकजुटता को खतरा पैदा हो सकता है।

जितनी जल्दी पहचानों के विचारक यह बात समझ लेंगे, उतना ही शताब्दियों से एकसाथ रहने वाले लोगों के लिए बेहतर होगा। संभवत: मोहन भागवत ने इसे ठीक-ठीक समझ लिया है। उन्होंने 'एक देश एक जनता' नारे को हल्का करते हुए कहा है कि 'बिना मुसलमानों के हिंदुत्व अधूरा है।' हिंदू और मुसलमान एक दूसरे से अलग पर पूरक हैं। हिंदुस्तान, इंडिया या भारत जैसी विविधताओं से भरी भूमि में केवल समावेश की विचारधारा और व्यवहार का चयन करने से ही यह विश्व गुरु बन सकता है। विश्व गुरु बनने के अनुभव में ज्यादा विविधता को शामिल किया जाना चाहिए। विश्व, यानी ब्रह्मांड समानताओं और भिन्नताओं का एक नेटवर्क है, इसके बावजूद उसने धरती पर जीवन को जन्म दिया। ऐसे में विचार करना होगा कि क्या 'भिन्नता' विविधता को खतरे में डालती है। मोहन भागवत की विद्वतापूर्ण टिप्पणी भारत की विविधतापूर्ण यात्रा में एकता का महत्व उजागर करती है। यही विश्व गुरु बनने की भारत की यात्रा है।

भारत के बहुलतावादी ढांचे को स्वीकार कर उन्होंने 'मंदिर-मस्जिद' विवाद जैसे विभाजनकारी विमर्शों पर सद्भावना को महत्व दिया है तथा धार्मिक वर्चस्व की अवधारणा को खारिज किया है। भागवत ने 'हिंदू' तथा 'हिंदूवाद' के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मूल को तलाश कर उसकी एकमात्र धार्मिक पहचान के बजाय भौगोलिक व सांस्कृतिक महत्व पर जोर दिया है। उन्होंने राजनेताओं तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं से राष्ट्रीय एकजुटता की नीव के रूप में विविधता को मजबूत करने का आह्वान किया है। समावेशन तथा परस्पर सम्मान को गले लगा कर भारत सचमुच वैश्विक आदर्श अपना सकता है जो दुनिया का नेता और विश्व गुरु बनने के लिए आवश्यक है।

लाभकारी है शाकाहारी होना

भारत में, शाकाहार को अपनाना विशेष रूप से व्यावहारिक है, क्योंकि यहाँ प्राकृतिक रूप से शाकाहारी खाद्य पदार्थों की एक विस्तृत शृंखला है।

प्रशांत विश्वनाथ
(लेखक, स्तंभकार हैं)

नए वर्ष में नए संकल्पों पर विचार करना स्वाभाविक है। जबकि हममें से कुछ लोग अपने संकल्पों पर कायम रह सकते हैं और कुछ ऐसे भी होंगे जो नहीं रह सकते। हालांकि, निराश होने की कोई वजह नहीं है। नए साल का संकल्प लेना अपने बारे में जागरूकता और बेहतर करने के लिए सचेत निर्णय का एक संयोजन है। यहाँ तक कि एक लक्ष्य निर्धारित करना भी सही दिशा में एक कदम है; यह ज़्यादातर लोगों की तुलना में कहीं ज़्यादा है।

शाकाहारी होना, जिसे कभी एक सीमांत जीवनशैली विकल्प के रूप में देखा जाता था, अब न केवल पश्चिम में बल्कि भारत में भी तेज़ी से बड़ा स्थान ले रहा है। रिपोर्ट बताती हैं कि शाकाहारी आहार से 75 प्रतिशत कम ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन होता है जो ग्लोबल वार्मिंग में योगदान देता है, साथ ही बहुत कम जल प्रदूषण और वन्यजीवों को नुकसान होता है। फलों और सब्जियों, फलियों और अनाजों को जानवरों से प्राप्त आहार की तुलना में उत्पादन के लिए कम ऊर्जा, भूमि और पानी की आवश्यकता होती है। जबकि आहार उन लोगों के लिए सबसे बड़ी चिंता है जो बदलाव करना चाहते हैं, तथ्य यह है कि शाकाहार केवल आहार के बारे में नहीं है, यह एक ऐसी जीवनशैली है जो लोगों को किसी भी तरह के पशु शोषण से दूर रखती है।

परिवर्तन संगठन जो जनवरी और उसके बाद लोगों को शाकाहारी खाने के लिए प्रोत्साहित करता है- एक सहायक समुदाय बनाने के महत्व को समझता है। भारत में संगठन के प्रमुख प्रशांत विश्वनाथ कहते हैं, हम जानते हैं कि सकारात्मक आदतें बनाने के लिए एक पूरे पारिस्थितिकी तंत्र की आवश्यकता होती है। इसलिए हम ब्रांड, रेस्तरां और खुदरा विक्रेताओं के साथ मिलकर काम करते हैं ताकि पौधे आधारित उत्पादों को अधिक सुलभ बनाया जा सके।

भारत से हमारे 11 सेलिब्रिटी राजदूत दिखाते हैं कि वे शाकाहारी भोजन करते हुए भी अपने खेल में शीर्ष पर कैसे हैं। और हमारे साथ शाकाहारी खाने की कोशिश करने वाले किसी भी व्यक्ति को दैनिक सहायता ईमेल सहित 10 से अधिक नि:शुल्क संसाधन प्राप्त होते हैं। विचार यह है कि पौधे आधारित खाने की ओर संक्रमण को जितना संभव हो उतना मज़ेदार और फायदेमंद बनाया जाए। ब्रांडों के साथ सहयोग करना जनवरी 2024 में, 140 भारतीय फर्मों ने वेगनरी आंदोलन में भाग लिया, नए सामान, विशेष सौदे और मेनू आइटम लॉन्च किए। भारत में 40 से अधिक नए सामान लॉन्च किए गए, जिनमें शाकाहारी अंडे से लेकर करी मील सेट तक शामिल हैं। नेचर बास्केट, अमेजन फ्रेश, हिल्टन होटल्स, बिग बास्केट और हार्ड रॉक कैफे उन फर्मों में से थे जिन्होंने इसमें भाग लिया और अभियान को उम्मीद है कि इस साल कई और भी शामिल होंगे।

वेगनरी के भारतीय राजदूतों में फिल्म स्टार, पेशेवर एथलीट और पर्वतारोही शामिल हैं, जिनमें मल्लिका शेरावत सबसे हाल ही में शामिल हुई हैं। वे इसके बारे में भावुक हैं और उन्होंने सचमुच लाखों लोगों को यह दिखाने में मदद की है कि पौधे आधारित भोजन कितना समृद्ध हो सकता है। वे एक जोरदार और स्पष्ट संदेश देते हैं- पौधे आधारित आहार स्क्रीन पर अच्छा दिखने, आंतरिक रचनात्मकता को चैनल करने और विश्व रिकॉर्ड बनाने के लिए एक बड़ा लाभ है। मुफ़्त संसाधन वार्षिक वेगनरी अभियान जो लोगों को नए साल के आने पर एक महीने के लिए शाकाहारी खाने को प्रोत्साहित करते हैं, वे बदलाव को मज़ेदार और परेशानी मुक्त बनाने के लिए मुफ़्त उपहारों की एक प्रभावशाली सूची के साथ आते हैं। प्रतिभागियों को एक डिजिटल सेलिब्रिटी कुकबुक तक पहुँच प्राप्त होती है, जिसमें भारतीय और वैश्विक हस्तियों की शाकाहारी रेसिपी, एक पूर्ण शाकाहारी स्टार्टर किट, जिसमें पौधे आधारित आहार अपनाने के बारे में किसी भी प्रश्न के व्यापक उत्तर और बहुत कुछ है।

भारत में, शाकाहार को अपनाना विशेष रूप से व्यावहारिक है, क्योंकि यहाँ प्राकृतिक रूप से शाकाहारी खाद्य पदार्थों की एक विस्तृत शृंखला है जो सांस्कृतिक रूप से परिचित हैं, और महंगी या विदेशी सामग्री की आवश्यकता को समाप्त करके तैयार करना आसान है। यह सुनिश्चित करने के लिए बस थोड़ी सी योजना की आवश्यकता है कि यह सभी आवश्यक पोषक तत्वों को पूरा करता है। शाकाहारी खाद्य पदार्थों की सूची हर दिन बढ़ रही है, जो न केवल आपके शरीर को पोषण देने के लिए बल्कि आपके स्वाद को भी प्रसन्न करने के लिए बहुत सारे विकल्प प्रदान करती है। इसलिए, चाहे वह आपके स्वास्थ्य, ग्रह या जानवरों के प्रति करुणा के लिए हो, पौधे आधारित जीवन शैली को अपनाना पहले से कहीं अधिक सुलभ है। सही समर्थन और विकल्पों की प्रचुरता के साथ, बेहतर खाने का चुनाव करना इस वर्ष आपका सबसे पुरस्कृत संकल्प हो सकता है।

आप की बात

अतिक्रमण की समस्या

पटना के राजेंद्र नगर टर्मिनल के पास में स्थित कंकड़बाग में रोड से सटे पुल (रेलवे क्रॉसिंग) को पार करने के लिए बनाया गया यात्री ओवर ब्रिज फुटपाथ पुल जो वहां से पीएमसीएच पटना, साइंस कॉलेज, दिनकर गोलंबर, मछुआ टोली एवं खजांची मार्केट को जोड़ने वाला पुल है। फिर पीएमसीएच, पटना साइंस कॉलेज एवं राजेंद्र नगर पुल से मुख्य सड़क को जोड़ने वाली कंकड़बाग में रोड अगम कुआं, हाजीपुर एवं पटना रेलवे स्टेशन (महावीर मंदिर) को जोड़ती है। स्कूल को पार करके हजारों की संख्या में लोग नौकरी, पैसा, चिकित्सा, पढ़ाई लिखाई एवं अन्य दैनिक कार्यों के लिए जाते हैं। पुल पर सब्जी बेचने वाले, छोटे-छोटे दुकान लगाने वाले का कब्जा है। पुल का सकरा रास्ता है और जैसे ही पुल से लोग जो नीचे उतरते हैं वैसे ही ई रिक्शा वाले पुल के एकदम सटाके गाड़ी लगते हैं। तनिक से भी निकलने का जगह नहीं होता है। यदि कोई यात्री बोलता है तो उसके लिए आए दिन बाहर से होती रहती है। यात्री के साथ भद्र व्यवहार, गाली गलौज मारपीट ई रिक्शा वाले लोग करते हैं। संध्या के समय इसका नजारा देखते ही बनता है जब कुछ ई रिक्शा चालक नशे में धुत होते हैं। यह लोग भांग, चरस, शराब आदि का सेवन किए होते हैं। यदि कोई यात्री या कोई इन्हें रास्ते पर से गाड़ी हटाने के लिए कहता है तो ये लोग उसके साथ मारपीट करते हैं।

-तारामुनी देवी, पटना

यूनियन कार्बाइड का कचरा

दूध के जले, छाछ भी फूंक-फूंक कर पिएं तो अच्छा। कोर्ट के आदेशानुसार यूनियन कार्बाइड के कचरे के निष्पादन से जलवायु दुष्प्रभावित और मानव जीवन के खतरे को सरकार से पूर्व पीथमपुर की जनता ने भांप लिया, क्योंकि 2015 में हुए कचरे निस्तारण से तत्समय लोग परेशान हुए थे। सत्ता, विपक्ष और जन विरोध के मद्देनजर अब सरकार, प्रशासन और वैज्ञानिकों को फूंक -फूंक कर कदम बढ़ाना होंगे क्योंकि भोपाल में 40 साल से लोग पीड़ित हैं। कचरे का निस्तारण जितना जरूरी है, उससे अधिक जरूरी है जनस्वास्थ्य की सुरक्षा, जिसमें कोताही नहीं बरती जाए। संतोषजनक और अनुकूल रिपोर्ट मिलने तक निस्तारण हेतु इंतजार करना उचित होगा। सभी जानते हैं कि रासायनिक कचरा मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा हो सकता है। इसके दुष्प्रभाव से लोग कई गंभीर बीमारियों के शिकार हो सकते हैं। इसलिए कचरे के निस्तारण की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। अच्छा हो कि वैज्ञानिकों की एक टीम यह पता लगाए कि जहां कचरा डाला जा रहा है उसके कितने दुष्प्रभाव होंगे। मानव जीवन अमूल्य है। भोपाल गैस कांड ने अनगिनत लोगों की जान ली थी। अब उसका कचरा किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित न हीं करना चाहिए। सरकार यह सुनिश्चित करे।

-बीएल शर्मा अकिंचन, उज्जैन

बढ़ता शहरीकरण

बढ़ता शहरीकरण समसामयिक चिंतन के प्रमुख विषयों में से एक है। गांव की ओर बढ़ते शहर, फैलता सड़कों का जाल , गगनचुंबी इमारत का जमघट, सिमटते खेत खलिहान, घटते जंगल इत्यादि वो समस्याएं हैं जिनकी ओर कोई गौर करना नहीं चाहता है। विकास का पैमाना शायद अब बदल चुका है जिन पर गांव, खेत-खलिहान अब खरे नहीं उतरते हैं । सड़क बढ़ाने के लिए पेड़ काटे जाते हैं लेकिन कम होती जाती हैं सांसें और लहलहाती फसलों के ऊपर बिछ जाती है डाबर की परत। पक्की सड़क पर विकास तो दिखाई देता है लेकिन बरसात का पानी अब प्यासी धरती को कम नसीब हो पाता है जिस कारणवश गिरता भूजल स्तर भी किसी को दिखाई नहीं देता है। स्वच्छ हवा से ज्यादा स्लो इंटरनेट लोगों के लिए ज्यादा कष्टदायक समस्या बन जाती है। विडम्बना है कि ऐसे अनेक समस्याएं जो भविष्य में और अधिक विकराल रूप ले सकती हैं उनकी ओर जागरूकता का निरंतर अभाव है। सवाल उठता है कि इन समस्याओं के प्रति जागरूकता कैसे उत्पन्न की जाए? व्यक्तिगत स्तर से लेकर सामाजिक स्तर तक जागरूकता व विचार करने की आवश्यकता है। विकास की अंधाधुंध गति को नियंत्रित कर सही दिशा में अग्रसर किया जाए, प्राकृतिक संसाधनों से छेड़छाड़ ना हो तथा प्रकृति व मानव के बीच एक संतुलन स्थापित करके ही कोई भी विकास कार्य किया जाए।

-नितिन रावत, फिरोजाबाद

सत्ता के लिए बंटती रेवड़ी

दिल्ली में आगामी चुनावी माहौल में तेजी से राजनीतिक पारा चढ़ता जा रहा है। सत्तारूढ़ आप और भाजपा के बीच की चुनावी मुकाबले में फिलहाल कांग्रेस तीसरे स्थान पर भी नजर नहीं आ रही है। दिल्ली फतह करने में जुटे केजरीवाल रेवड़ी बांटने पर आमादा हैं। हाल ही में उन्होंने पुजारी-ग्रंथी योजना का ऐलान किया है जो राजनीतिक विवादों में घिरती नजर आ रही है। भाजपा ने इसे अवसरवादी कदम और हिंदू समाज के साथ धोखा बताया है। हिंदू-सिख वोटों को साधने में लगे केजरीवाल सत्ता में आने के बाद इनके क्रियान्वयन को लेकर संतुष्ट नजर आते हैं लेकिन इनकी व्यवस्था कहां से होगी यह देखने वाली बात होगी? बावजूद इसके सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि दिल्ली की जनता क्या सोचती है? डबल इंजन की सरकार या फिर अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप पर फिर से अपना विश्वास? इन हालातों में कांग्रेस का संघर्ष सत्ता की बजाय अपना वजूद बचाने का ही होगा। दिल्ली की सत्ता की चाबी अब जनता के हाथ में है और ये चुनाव भारतीय राजनीति के लिए निर्णायक साबित हो सकते है।

-अमृतलाल मारू रवि, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर लिया गया निर्णय

ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफहोगी सख्त कार्रवाई : एसपी

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं एसपी रामकृष्ण साहू द्वारा कलेक्टोरेट के दिशा सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति, एनकॉर्ड (नेशनल कोऑर्डिनेशन कमिटी ऑन ड्रग एब्यूज प्रवेशन), और ध्वनि प्रदूषण पर संयुक्त बैठक ली। इस बैठक में मुख्य रूप से सड़क सुरक्षा के उपायों, नशीली दवाओं की रोकथाम, और ध्वनि प्रदूषण के प्रभावों पर चर्चा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों ने इन समस्याओं से निपटने के लिए योजनाओं और रणनीतियों पर विचार किया और क्षेत्रीय स्तर पर इन मुद्दों के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने की योजना बनाई। कलेक्टर और एसपी ने वाहन दुर्घटनाओं से बचने के लिए हेलमेट पहनने की आवश्यकता पर जोर दिया और इस संबंध में जनजागरूकता फैलाने की बात की। उन्होंने सड़क सुरक्षा समिति के माध्यम से लोगों को हेलमेट के महत्व और उसके उपयोग से दुर्घटनाओं में होने वाली गंभीर चोटों से बचाव के बारे में जागरूक करने की योजना बनाई। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि हेलमेट पहनने से न केवल सुरक्षा बढ़ती है, बल्कि यह सड़क नियमों के पालन में भी मदद करता है। बैठक में सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। जिसमें दुर्घटनाओं को कम करने, ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देने और सड़क सुरक्षा से जुड़े अन्य उपाय शामिल थे। बैठक मे स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने, सड़कों की बेहतर देखरेख करने और संकेतकों को सही स्थानों पर लगाने की भी चर्चा की गई। साथ ही जिले की सड़कों पर खंभों में लगी खराब लाइटों को तुरंत ठीक करने का निर्देश दिया, ताकि रात के समय में सड़क पर पर्याप्त रोशनी हो और दुर्घटनाओं का खतरा कम किया जा सके। नियमित रूप से लाइटों की जांच की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि लाइटें हर समय ठीक से काम कर रही हों, ताकि यातायात सुचारु रूप से चल सके और दुर्घटनाओं की संभावना को कम किया जा सके। एसपी रामकृष्ण साहू ने ट्रैफिक नियमों का पालन करने और सड़क पर सावधानी बरतने की बात कही। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन करना और सावधानी बरतना हर चालक की जिम्मेदारी है, जिससे न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि दूसरों की सुरक्षा भी बढ़ती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे वाहन चलाते समय हेलमेट, सीट बेल्ट और अन्य सुरक्षा उपायों का पालन करें। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी बताया कि यदि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करेंगे, तो दुर्घटनाओं की संख्या में कमी आ सकती है और सड़कें सुरक्षित बन सकती हैं। उन्होंने यातायात सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एसपी ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, ताकि सड़क पर अनुशासन बना रहे और दुर्घटनाओं में कमी आ सके। एसपी ने इस बात पर भी जोर दिया कि नागरिकों को पुलिस के साथ मिलकर सहयोग करना चाहिए और ट्रैफिक्र नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि सभी के लिए सड़कों को सुरक्षित बनाया जा सके। बैठक में एडीएम प्रकाश भारद्वाज, डीएसपी झा, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग, और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद का भी बहुत महत्व है : प्रणव

मचांदूर में संकुल स्तरीय खेल का आयोजन हुआ

पायनियर संवाददाता ◀ उतई
www.dailypioneer.com

ग्राम मचांदूर में विकासखंड दुर्ग के अंतर्गत संकुल स्तरीय खेल का आयोजन किया गया। खेल की शुरुआत बच्चों ने गोला फेक कर किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक प्रणव मंडरीक ने बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि छात्र जीवन में शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद का भी बहुत महत्व है। क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क का विकास होता है। ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चे का सर्वांगीण विकास होता है। स्कूलों के बच्चों ने अपना दम खम दिखाते हुए दौड़ कबड्डी खो-खो सहित विभिन्न खेलों में भाग लिया जो काफी सराहनीय रहा। खेल में जो बच्चों प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किए उसे नवीन शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनीष कुमार साहू और धनेश्वरी बंजारे प्रधानपाठक शासकीय प्राथमिक शाला चुनकट्टा के द्वारा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं आधार प्रदर्शन खेमलता गोस्वामी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सरपंच दिलीप साहू, संकुल प्रभारी चौधरी, पारस रात्रे, प्रधान पाठक पूर्णिमा साहू, अंजू गोस्वामी, श्रवण कुमार पाटिल, कोमल साहू, संजय मानिकपुरी, मेनका बेलचंदन, दुलारी ठाकुर, संतोष यादव, सविता डहरिया, कविता देवांगन, ललिता देशमुख, विजय लक्ष्मी परगनिहा, अजीत पाठक, प्रेमलता साहू, मिलिंद्र चंद्रा, शिवराम ठाकुर उपस्थित थे।

कोबिया वार्ड में 15 से 19 जनवरी तक भव्य नवधा रामायण का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जय जय श्री राम सेवा समिति कोबिया नवधा रामायण के नजदीक आते ही समिति के सदस्य रोज सुबह 5 बजे वार्ड मे प्रभात फेरी निकाल रहे है जिसमे प्रभु श्री राम का फोटो रख कर ढोल मंजिरो के धुन के साथ श्री राम का महिमा का गुन गान करते हैं जिसमे वार्ड वासी नारियल चावल भेट करते हैं। समिति संयोजक कमलेश वर्मा ने बताया की यह पूर्वजो की पुरानी परम्परा है जिसे जय जय श्री राम सेवा समिति के सदस्य पूरी लगन से निभा रहे हैं इस अवसर पर संरक्षक संतोष वर्मा, देवनाथ पाल, समिति संयोजक कमलेश वर्मा, उपाध्यक्ष सुखेन वर्मा, कोषाध्यक्ष नरेन्द्र वर्मा, सचिव गणेश यादव, सहसचिव शिव प्रताप वर्मा, मिडिया प्रभारी उतम वर्मा, ललित यादव, कृष्णा वर्मा, तकेश्वर वर्मा, राजकुमार, डोमन पाल, मनीष यादव, दादू वर्मा, गोविन्द पाल, शिवा यादव, निलेश वर्मा, उपस्थित रहे।

रेलवे कर्मियों के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 26 में रेलवे इंस्टीट्यूट एवं समस्त रेलवे कर्मियों के तत्वावधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जहां 5 टीम प्रतिभागी के रूप में अपने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। टीम ऑनर में प्रशांत कुमार और योगेश देशमुख की टीम दुरंतो, बसंत वर्मा और संदेश डडसेना की टीम तेजस, पीआर आलेंद्र और सुनील गोटे की टीम गतिमान, टी.रमना राव और पी के टंडन की टीम हमसफर, भीम सोनकर और हरेंद्र कुमार की टीम वंदे भारत ने भाग लिया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड 26 की पार्षद टी. ज्योति हुईं सम्मिलित तथा विशेष अतिथि के रूप में जी के आर्या मुख्य रेलवे प्रबंधक राजहरा स्टेशन, रेलवे पुलिस अधीक्षक विकास तिवारी उपस्थित रहे। जहां प्रारंभिक मैच में समस्त उपस्थित अतिथियों ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित कर मैच आरम्भ करवाया और आयोजन समिति रेलवे इंस्टीट्यूट एवं समस्त रेल कर्मी को बधाई प्रेषित की। वार्ड पार्षद टी.ज्योति ने अपने उद्बोधन में आयोजन समिति को बधाई देते हुए इस तरह के खेल को बढ़ावा देने और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने वाले आयोजन की सराहना करते हुए ज्यादा से ज्यादा ऐसे टूर्नामेंट आयोजित किए जाने की बात कही।

फर्जी अंकसूची, कुटरचित दस्तावेज बनाकर शिक्षा कर्मी बने राजू लाल और धनंजय कुमार हुए बर्खास्त

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा ने जिले के नवागढ़ विकासखण्ड के लिटीपुर में प्राथमिक स्कूल में पदस्थ राजू लाल सोनी व बेरला ब्लॉक के करेली स्कूल में पदस्थ शिक्षक धनंजय कुमार वर्मा को कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर नौकरी करने के मामले में विभागीय जांच के बाद बर्खास्त कर दिया है। डीईओ बेमेतरा द्वारा जारी आदेश के बाद दोनों को नौकरी से हाथ धोना पड़ा। शिक्षा विभाग के नवागढ़ व बेरला ब्लॉक में फर्जी दस्तावेज के सारे नौकरी करने वाले दो शिक्षकों को विभागीय जांच के बाद बर्खास्त किया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेमेतरा द्वारा जारी किए गए आदेश के अनुसार नवागढ़ विकासखंड के लिटीपुर के सहायक शिक्षक पंचायत पद पर पदस्थ राजू लाल सोनी की नियुक्ति के संबंध में की गई शिकायत के बाद राजू लाल सोनी सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला लिटीपुर विकासखंड नवागढ़ के द्वारा कुटरचित नियुक्ति आदेश कार्यभार ग्रहण एवं स्थानांतरण आदेश के आधार पर शासकीय सेवा करने के मामले में नियुक्ति के पश्चात प्रस्तुत योग्यता प्रमाण पत्र व दस्तावेज प्रस्तुत करने के संबंध में जनपद सीईओ मानपुर को कार्यालयीन पत्र लिखा गया था। प्रकरण में मानपुर बीईओ व प्रधान पाठक मंदोली ने राजू लाल सोनी द्वारा शिक्षा कर्मी पद पर कार्यभार लेते समय प्रस्तुत किया गए दस्तावेज डीईओ को उपलब्ध कराया गया था। जिसमें 4 जुलाई 2008 को जारी नियुक्ति आदेश में सीईओ जनपद पंचायत मानपुर का हस्ताक्षर नहीं होना पाया गया था। इसी तरह शिक्षा विभाग द्वारा ग्राम मुंदेली के प्राथमिक स्कूल में पदभार ग्रहण नहीं करने की जानकारी प्रस्तुत की गई थी। साथ ही कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किया गया था। विवेचना में पाया गया कि नियुक्ति ही नहीं की गई हो तो स्थानांतरण व भारमुक्त संबंधित दस्तावेजों के औचित्य पर सवाल उठाया गया था। प्रकरण की विभागीय जांच कराई गई जिसके लिए सहायक

बारहवीं फैल होने पर बनवाई थी फर्जी अंकसूची

संचालक एसपी कोशले को जांच अधिकारी व प्रस्तुतकर्ता अधिकारी के तौर पर सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी नवागढ़ डी पी कोइरी को नियुक्त किया गया था। जिसके बाद जांच कर बाइट 28 नवंबर को जांच प्रतिवेदन देव को सौपा गया। जांच अधिकारी ने जांच प्रतिवेदन में सहायक शिक्षक राजू लाल सोनी शासकीय प्राथमिक शाला लिटीपुर द्वारा शिक्षाकर्मी वर्ग 3 के पद पर कुटरचित नियुक्ति आदेश कार्यभार ग्रहण प्रतिवेदन एवं कुटरचित स्थानांतरण आदेश के आधार पर लिटीपुर स्कूल में सहायक शिक्षक पंचायत के पद पर पद स्थापना प्राप्त कर शासकीय सेवा करने के संबंध में शिकायत सही पाए जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 की विपरीत होना पाया गया। छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1960 के नियम 10 (9) के अनुसार राजू लाल सोनी सहायक शिक्षक को तत्काल प्रभाव से सेवा से बर्खास्त करने का आदेश तत्काल प्रभावशील किया गया है। एक अन्य मामले में धनंजय कुमार वर्मा को 12वीं की फर्जी अंक सूची लगाने के कारण बर्खास्त किया गया। धनंजय कुमार वर्मा करेली स्कूल में सहायक शिक्षक पद पर पदस्थ थे। जिनके खिलाफ शिकायत की गई थी और विभागीय जांच की गई। धनंजय कुमार वर्मा सहायक शिक्षक द्वारा कक्षा 12वीं की फर्जी अंक सूची के आधार बेरला विकासखंड में नियुक्ति प्राप्त की। जांच के दौरान सेवा पुस्तिका में संलग्न अंक सूची, नियुक्ति आदेश व अन्य दस्तावेज विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेरला से हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा प्रमाण पत्र रोल नंबर 29321890 पूर्णांक 450 प्राप्तांक 356 प्राप्त होने के बाद हायर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट प्रमाण पत्र में अंकित परीक्षा केंद्र सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 4 भिलाई से अंक सूची का सत्यापन कराया गया। माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ की वेबसाइट में उपलब्ध प्रतिपर्ण से मिलान किया गया। जिसमें हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र में पूर्णांक 450 प्राप्तांक 122 परीक्षाफल अनुतीर्ण अंकित होना पाया गया। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर की वेबसाइट में उपलब्ध परिणाम में 450 पूर्णांक में प्राप्तांक 122 परीक्षाफल अनुत्तीर्ण अंकित है। धनंजय कुमार वर्मा को नियुक्ति के समय प्रस्तुत अंकसूची व अन्य दस्तावेजों की स्व हस्ताक्षरित छाया प्रति प्रस्तुत करने के लिए प्रार्थना पत्र प्रेषित किया गया। किंतु कार्यालयीन निर्देशों की अवहेलना करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर निलंबित किया गया था। विभाग द्वारा आरोप पत्र जारी किया गया। संबंधित द्वारा आरोप पत्र का जवाब प्रस्तुत नहीं किये जाने पर विभागीय जांच अधिकारी व प्रस्तुत कर्ता अधिकारी नियुक्त किया गया। जांच के बाद विभागीय जांच अधिकारी द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में निष्कर्ष अनुसार धनंजय कुमार वर्मा द्वारा 20 नवंबर को जांच समिति के समक्ष उपस्थित होकर स्वीकार किया गया कि अनुत्तीर्ण अंक सूची को बदलकर कूटरचित अंक सूची के आधार पर नौकरी करना बताया। जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा ने छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के तहत आरोपी धनंजय कुमार वर्मा को सहायक शिक्षक पद से बर्खास्त कर दिया गया है।

परिक्षेत्रीय साहू समाज चिखलाकसा का हुआ वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

परिक्षेत्रीय साहू समाज चिखलाकसा का वार्षिक पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन शिव मंदिर प्रांगण में किया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ माँ कर्मा की पूजा अर्चना समाज के लोगों द्वारा किया गया, प्रथम पाली में विभिन्न खेलकूद हुआ, कुर्सी दौड़ में बालिका वर्ग प्रथम अनुष्का द्वितीय किरण महिला वर्ग में प्रथम मीना साहू द्वितीय साधना साहू रही, पुरुष वरग में प्रथम शंकर साहू द्वितीय सुशील साहू, कुरकुरे गेम में मोनिका प्रथम मोनिका द्वितीय पूरवी रही, द्वितीय पाली में पुरुष्कार वितरण हुआ, समारोह के मुख्य अतिथि तहसील साहू संघ अध्यक्ष युवराज साहू अध्यक्षता परिक्षेत्रीय अध्यक्ष शंकर साहू ने किया, विशेष अतिथि संरक्षक मोहन लाल साहू, सलाहकार लैलन कुमार साहू, जिला उपाध्याय तोरण लाल साहू, सचिव महिला प्रकोष्ठ जिला बालोद द्रोपती साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष दामिनी साहू सचिव घना राम साहू, उपाध्यक्ष संगीता साहू पीयूष साहू, अजित साहू, राम सिग साहू, नाथू राम साहू, उषा साहू थे, बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी, चश्मा देवी साहू, नीतू साहू, भूनेश्वरी साहू, पूरनिमा साहू ने भजन गायी, युवराज साहू ने कहा पारिवारिक मिलन समारोह से समाज में छुपी हुई प्रतिभा को अपनी कला एवं विचार रखने का सुनहरा अवसर मिलता है, परिक्षेत्रीय परिवार को एक साथ कार्य करने एवं एक दूसरे को जानने का मौका मिलता है, दामिनी साहू ने समाज के रीति रिवाज के विषय में विस्तार से जानकारी दिया। विधवा माताओं को अपने बेटे-बेटी के शादी में मौर सौंपना है। कोई भी माता बहनों की पति किसी कारणवश मृत्यु होने से चूड़ी उतारने की प्रथा पहले तालाब में किया जाता था अब घर में ही किया जाना है, शांति भोज पूर्णतः सादा ही करवाना है, तोरण साहू ने सामाजिक संगठन के विषय में विस्तार से जानकारी दिया, मोहन साहू ने परिक्षेत्रीय संगठन के विषय में जानकारी दिया, सामाजिक व्यक्ति मिटिंग में उपस्थित नहीं होने से सहयोग राशि लेने की बात कही, परिक्षेत्रीय साहू समाज के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुशील साहू ने युवा से अपील किया युवा वर्ग समाज में रचनात्मक कार्य करके युवा साथी समाज से जुडकर रहे, मंच संचालन रेखू राम साहू ने किया आभार व्यक्त मीना साहू ने की, परिक्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिकों को समाज सेवा के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन में रेणुका साहू, राजेश्वरी साहू, चमरू राम सुखमती, दुर्गेश, दीनानाथ साहू, हरि साहू, भूपेश्वरी साहू, सुरेश, रमलीक, राजेश, रूपेश, राजीव, लक्ष्मी, पुसई, महेश्वरी, पुसई, रामकुमार सहित समाज के महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन का सातवां राज्य सम्मेलन संपन्न

पायनियर संवाददाता ◀ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन (सीटू) का सातवां राज्य सम्मेलन 4 व 5 जनवरी 2025 को दल्ली राजहरा मे संपन्न हुआ। सम्मेलन स्थल का नाम कामरेड सीताराम येचुरी के नाम एवं मंच का नाम कामरेड रूति शालिनी के नाम रखा गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता कामरेड वीना गुप्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (आईफा) एवं विशेष वक्ता कामरेड कैलाश रोहित (राज्य महासचिव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन (सीटू) गुजरात)। सम्मेलन मे विशेष अतिथि एम के नंदी (महासचिव सीटू छत्तीसगढ़ राज्य समिति) भी उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता कामरेड समीर कुरैशी, कामरेड गजेन्द्र झा, कामरेड अरूणा वैष्णव ने किया। सम्मेलन मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा हुई। सम्मेलन में भविष्य की कार्य योजना का लक्ष्य रखा गया, जिसमें संगठन को मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया। 25 अप्रैल 2022 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को ग्रेच्युटी के दायरे में लिया जाने का निर्णय दिया गया है,इस पर आंदोलन कर लागू करवाने का निर्णय लिया गया। हाल ही में गुजरात उच्च न्यायालय द्वारा यह फैसला दिया गया की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को नियमित किया जाए एवं तीसरी और चौथी श्रेणी में रखा जाए। इसके लिए नीति बनाना चाहिए, सरकार को तब तक न्यूनतम वेतन 26000 रूपये देना चाहिए। इसके लिए आंदोलन की रूपरेखा तैयार किया जाएगा। आंगनबाड़ी मे सहायिका एवं कार्यकर्ता पिछ्ले कई वर्षो से छोटे बच्चों के पोषण करती आ रही है और विभिन्न प्रकार के सरकारी कार्य भी करते है, परन्तु इन्हें सरकारी कर्मचारी का दर्जा नही दिया गया है। वेतन के नाम पर मात्र मानदेय दिया जाता है और रिटायर होने पर न ही ग्रेच्युटी और न ही पेंशन मिलता है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका की मांग है कि उन्हें भी सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्राप्त हो और न्यूनतम वेतन एवं अन्य सामाजिक सुरक्षा प्रदान किया जाये। सम्मेलन मे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन (सीटू) छत्तीसगढ़ राज्य की 23 सदस्यीय समिति का चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष कामरेड ईश्वरी साहू एवं महासचिव कामरेड संगीता महंत को चुना गया। सम्मेलन के सफलतम आयोजन मे पुरुषोत्तम सिमैया अध्यक्ष हिन्दुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू राजहरा एवं उपाध्यक्ष विनोद मिश्रा, कोषाध्यक्ष जे.गुरूवुलु एवं इंद्रदमन सिंह ठाकुर, शशिकांत, विकास देवांगन एवं अन्य साथियों ने विशेष योगदान दिया।

डीईओ ने किया एजेंडावार विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं क्रियाकलापों की समीक्षा

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में जिले के हाई/हायर सेकंडरी स्कूलों के प्राचार्यों एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की आवश्यक बैठक आहूत की गई। उक्त बैठक में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. कमल कपूर बंजारे ने एजेंडा वार विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विभिन्न पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की। उन्होंने अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम के आधर पर प्री बोर्ड एवं वार्षिक परीक्षा में परिणाम उन्नयन हेतु जिला स्तर पर बनाई गई कार्य योजना पर शत प्रतिशत अमल करने, कमजोर विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक कक्षाएं एवं उत्कृष्ट विद्यार्थियों के लिए विशेष मार्गदर्शन कक्षाओं का आयोजन करने निर्देशित किया। इस वर्ष से कक्षा 5वीं एवं 8वीं के लिए होने वाली बोर्ड परीक्षा के सन्दर्भ में जानकारी प्रदान की। साथ ही परीक्षा पर चर्चा, आपार आई डी, तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्था के प्रमाणीकरण हेतु जिले को प्राप्त लक्ष्य को प्राप्त करने संपूर्ण प्रयास करने को कहा। छात्रवृत्ति, जाति निवास प्रमाण पत्र, निजी विद्यालयों के फीस निर्धारण आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी उन्होंने चर्चा की। इस अवसर पर प्रोग्रामर नेहिल वर्मा एवं चंदन देव ने आपार आई डी निर्माण एवं यू डाइस के सम्बंध में आ रही तकनीकी समस्याओं का समाधान पर प्रस्तुतिकरण दिया। सहायक संचालक एस पी कोसले एवं सहायक परियोजना अधिकारी सुनील कुमार झा ने भी मॉक टेस्ट, प्री बोर्ड परीक्षा, नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा, अविष्कार अभियान आदि बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक मे प्राचार्यों ने अपनी विभिन्न विद्यालयीन समस्याओं एवं गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर डी.एम.सी. नरेंद्र वर्मा सहित, प्रकोष्ठ प्रभारी उपस्थित थे।

एथेनाल प्लांट विस्थापन के लिए आंदोलनकारियों ने पूरा किया दिनों का शतक, वहीं ग्रामीणों पर झूठी एफआईआर का अर्धशतक

पायनियर संवाददाता ◀ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



विगत सौ से अधिक दिनों से लगातार एथेनाल प्लांट विस्थापन के लिए शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे ग्रामीणों पर प्लांट मालिक की ओर से पचास लोगों पर झूठा मुकदमा दर्ज कराया जा चुका है। इस संबंध में ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार विगत दिनों प्लांट परीक्षण की आवाज से ग्रामीणों की रात की नींद हराम होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश उत्पन्न हुआ और उसी की परिणीति में ग्रामीण श्मशान घाट के पास डेरा डाल कर सत्याग्रह आरंभ किए हुए है। प्लांट की ओर आने

कार्यालय ग्राम पंचायत पथर्रा

प्रति,
श्रीमान थाना प्रभारी
थाना बेमेतरा जिला बेमेतरा
विषय–ग्रामवासियों के विरूद्ध झूठी रिपोर्ट करने बाबत्,
विषयांतर्गत लेख है कि–

1. हमारे द्वारा बायोटेक फ्यूल्स प्रा.लि.के नियम विरूद्ध डायवर्शन एवं गत [illegible] कार्यों के खिलाफ शिकायत की गयी है।

2. हमारे ग्राम पंचायत के प्रस्ताव अनुसार भारी वाहनों के लिए सड़क को प्रतिबंधित किया गया है।

3. इन्ही सभी बातों के कारण प्लांट मालिक एवं मैनेजर द्वारा ग्राम के मां [illegible] पुरूषों के विरूद्ध झूठी एफ आई आर करवाई गयी है।

अतः आपसे निवेदन है कि प्लांट मालिक रोहित सचदेवा ए[illegible] उसके मैनेजर हरप्रीत सलूजा के खिलाफ झूठी शिकायत का मामला दर्ज कि[illegible] जावे।

भवदीय
सरपंच

प्रतिलिपि–
1.माननीय पुलिस अधीक्षक बेमेतरा
2.माननीय पुलिस महानिरीक्षक रायपुर,दुर्ग रेंज

जाने वालों से अपनी व्यथा बता कर सहयोग मांग रहे हैं। जिससे यहां बाहर से आए सभी कर्मचारी ग्रामीणों के सहयोग करते हुए यहां से चले गए हैं जिससे विगत पंद्रह दिनों से कर्मचारियों की कमी से प्लांट बंद है। इसी से बौखलाए प्लांट मालिक पैसे के दम पर ग्रामीणों पर लगातार झूठा मुकदमा दायर कराया जा रहा है। साम दाम दंड भेद की युक्ति अपनाते हुए प्लांट के डायरेक्टर द्वारा तरह तरह के हथकंडे अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में महिलाओं को प्रलोभन देना, भोले भाले ग्रामीणों पर झूठी एफआईआर दर्ज कराने जैसे हथकंडा अपनाया जा रहा है। पथर्रा में महिलाओं ने आक्रोशित होकर प्लांट मालिक के विरुद्ध अपराध दर्ज करने थाने पहुंची थी। मालिक के इशारे पर जहां ग्रामीणों पर ताबड़तोड़ एफआई आर लिखी जा रही है, वहीं महिलाओं से की गई अभद्रता पर अभी तक पुलिस कोई अपराध कायम करने की बजाय टाल मटोल का रवैया अपनाए हुए है। ऐसे लोगों पर एफआईआर लिखी गई है जो इस समय पिछले पांच छ दिनों से गांव में ही नहीं है जिनमें हेमंत साहू, भूलीन बाई साहू और लीला बाई यदु शामिल है। इन लोगों पर पर भी रास्ता रोकने और धमकी देने जैसा मुकदमा दर्ज कराया गया है। चार सप्ताह में प्लांट को दी गई अनुमति में अनियमितता की जांच का वायदा करने के बाद जिला प्रशासन विगत दस में भी जांच नहीं कर पाया है। प्लांट प्रबंधन की ओर से अनुमति की मिलने की बात जो भी ग्रामीणों ने सिरे से खारिज कर दिया है,ग्रामीणों का कहना है कि की हमारे कान फोड़ने की अनुमति कैसे दे सकता है, उल्लेखनीय है कि प्लांट परीक्षण से उत्पन्न पहाड़ पीसने की तरह आवाज निकलने की शिकायत ग्रामीणों ने की ही और उसी से ग्रामीण आक्रोशित है।वही ग्राम इन सबके कारण पथर्रा में सर्व सम्मति त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। प्लांट मालिक के विरुद्ध पथर्रा सरपंच ने ग्रामीण व्यवस्था को छिन्न भिन्न करने और ग्रामीण पगडंडी का निरंतर में मना करने के बाद भी भारी वाहन का आवागमन करने और उल्लंघन के लिए थाना में आवेदन कर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। एक ओर जहां प्लांट प्रबंधन के इशारे पर ग्रामीणों पर ताबड़तोड़ एफआईआर दर्ज की जा रही तो ऐसे झूठे प्रकरण से ग्रामीण और ज्यादा सक्रिय और आक्रोशित नजर आ रहे है। ग्रामीण इस समय इस प्लांट के विस्थापन के लिए और ज्यादा संकल्पित दिखाई दे रहे है। ग्रामीण सड़क से संसद तक संघर्ष करने की बात कर रहे है।

विकलांग जनों के 15 वें राज्य स्तरीय नि :शुल्क, सामूहिक विवाह के लिए,सौंपी गई जिम्मेदारिया

पायनियर संवाददाता ≺ रायपुर
www.dailypioneer.com

अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद, कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज, रायपुर सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच और सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम की आशीर्वाद भवन बैरनबाजार में हुई संयुक्त बैठक में विकलांगों के 15 वें राज्य स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह के लिए विविध कायक्रम और व्यवस्था समितियां बनाकर सेवाभावियों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस बैठक में पूरे प्रांत से बड़ी संख्या में परिषद समेत अन्य संगठनों के सदस्यों की उपस्थिति उत्साहजनक रही। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष सत्येन्द्र अग्रवाल ने सभी का स्वागत करते हुए सामूहिक विवाह समारोह की जानकारी देते हुए बताया कि 15 व 16 फरवरी को आशीर्वाद भवन में आयोजित किए जा रहे इस विवाह के लिए अब तक लगभग 20 जोड़े तय हो चुके हैं और 10 फरवरी तक और भी जोड़े तय हो जाएंगे। सहसंयोजक घनश्याम पोद्दार प्रांतीय कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने आह्वान कर कहा कि किसी भी सेवा कार्य में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी, सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करें ताकि ज्यादा से ज्यादा विकलांग जोड़े इस सामूहिक विवाह में सम्मिलित हों। इसी कड़ी में राष्ट्रीय संयोजक व कार्यक्रम के प्रमुख संयोजक वीरेन्द्र पांडे ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते कहा कि जिस कार्यक्रम में कार्यकर्ता अपना कार्य पूरे समर्पण से करते हैं उस कार्यक्रम में कभी भी जन और धन की कमी नहीं होती। इस आयोजन के माध्यम से अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद व सहयोगी संगठनों के सेवा कार्यों का 25 सालों का इतिहास अंकित होगा। हमें गर्व है कि यह एकमात्र संस्था है जो विकलांगता के क्षेत्र में अनेक प्रकार के कार्य करती है। बहुत जल्द ही राजनीति क्षेत्र में भी विकलांगों को स्थान उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। वहीं प्रांतीय महामंत्री संतोष तिवारी (पारीक) ने कहा कि आप सभी सोशल मीडिया के जरिए और जिस भी क्षेत्र में भी है वही आप सभी इस कार्यक्रम का प्रचार प्रसार करें, निस्संदेह पूर्व की तरह हमारी संस्था सेवा के इस क्षेत्र में सफलता हासिल ओर हमारे इस सेवा कार्य का उद्देश्य सफल होगा आपका प्रयास हम कार्यकर्ताओ को सबल प्रदान करेगा । अरुण शुक्ला एवं सुरेश मिश्रा ने जोड़े तय होने पर लोगों को आयोजन समिति को शीघ्र सूचित करने की अपील की ताकि उन्हें भी सामूहिक विवाह में शामिल कर आवश्यक तैयारियां की जा सकें। हेमंत तिवारी, विनोद सेन व राघवेंद्र मिश्रा ने सभी का आभार साधुवाद व्यक्त किया। पंजीयन व्यवस्था समिति कार्यक्रम के सहसंयोजक अनुराधा दुबे व डी एस कुशवाह ने सदस्यों से इस आयोजन के लिए तन-मन और धन से जुड़ने का आग्रह करते हुए विभिन्न कमेटियां से कार्य करने पर जोर दिया जिसमें प्रमुख कार्य पंजीयन व्यवस्था का प्रभार सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम से अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार, दीपक अग्रवाल, पारस सोनी की टीम व नवीन भूषणिया, अजय शर्मा, कमल गुप्ता संतोष बजाज, पवन सोनी, अजय यदु सहित संस्कार भारती के सुधाकर कोंडापुरकर, दीपक अग्रवाल, पारस सोनी को सौंपा गया, गृहस्थी सामग्री संग्रहण व मेहंदी हल्दी रश्म व महिला संगीत समिति सभी विवाहित जोड़ों को दान स्वरूप कपड़े, बर्तन, श्रृंगार सामग्री, सूटकेस, कुकर, पंखा एवं अन्य सामग्री की व्यवस्था समाज द्वारा दिये हुए दान से की जाती है।

10 सालों बाद सक्ती का चुनावी दंगल होगा रोमांचक

नगर पालिका शक्ति की अध्यक्ष सीट हुई सामान्य

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ प्रदेश में नगरीय निकाय के निर्वाचन को लेकर लोगों में बेचैनी बढ़ती जा रही है, तथा समय पर निर्वाचन नहीं होने के कारण जहां छत्तीसगढ़ शासन ने राजपत्र में प्रकाशन कर प्रत्येक नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत में प्रशासकों की नियुक्ति कर दी है, तो वहीं 7 जनवरी को नगर निगम, नगर पालिका के महापौर, अध्यक्षों के आरक्षण की प्रक्रिया राजधानी रायपुर में संपन्न हुई तथा इस प्रक्रिया के बाद अब जहां प्रत्येक शहरी क्षेत्र में चुनाव को लेकर गहमा गहमी रहेगी तो वहीं राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी भारतीय जनता पार्टी एवं विपक्षी पार्टी कांग्रेस में भी अब प्रत्याशी चयन को लेकर जोर आजमाइश देखी जाएगी, वहीं नवगठित शक्ति जिले का मुख्यालय नगर पालिका क्षेत्र शक्ति भी फिर से एक बार सामान्य हो गया है, एवं सामान्य सीट होने से जहां शक्ति का नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव काफी रोमांचक होगा तो वहीं साल 2014 के बाद 10 सालों के बाद फिर से सीधे मतदाताओं को अब अपना अध्यक्ष चुनने का मौका मिलेगा, साल 2019 में प्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस नीत भूपेश बघेल सरकार ने कैबिनेट की बैठक कर नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं महापौर्वों को प्रत्यक्ष प्रणाली से निर्वाचित होने के स्थान पर अप्रत्यक्ष प्रणाली से पार्षदों द्वारा चुने जाने का प्रावधान कर दिया था, जिसके चलते आम मतदाताओं को अपना मुखिया चुनने का अवसर नहीं मिला,किंतु प्रदेश में भाजपा की सरकार के आने के बाद एक बार सरकार ने फिर से प्रत्यक्ष प्रणाली से शहरी चुनाव को कराने का संकल्प लिया तथा अब लोग अपना मुखिया स्वयं चुनेंगे। नगर पालिका परिषद शक्ति के अध्यक्ष चुनाव की बात करें साल 2014 में यह सीट सामान्य थी, जिसमें प्रत्यक्ष प्रणाली से जनता ने अपना अध्यक्ष चुना तथा 2014 में कांग्रेस पार्टी से श्यामसुंदर अग्रवाल तो वहीं भारतीय जनता पार्टी से कन्हैया गोयल ने चुनाव लड़ा था,तथा अन्य प्रत्याशियों में एनसीपी पार्टी से तत्कालीन प्रेस क्लब शक्ति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार राजेश शर्मा बाबा, देवांगन समाज शक्ति के वरिष्ठ सदस्य एवं सेवानिवृत्त खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पी आर देवांगन,सहित अनेको दिग्गज चेहरों ने भी इस अध्यक्ष चुनाव में भागीदारी की थी,तथा इन चुनाव में कांग्रेस पार्टी के श्यामसुंदर अग्रवाल निर्वाचित घोषित हुए थे एवं साल 2014 के बाद 2019 में अप्रत्यक्ष प्रणाली से कांग्रेस पार्टी ने नगर पालिका शक्ति में सुषमा जायसवाल के रूप में अपना अध्यक्ष बनाया तथा अब संभावित वर्ष 2025 में होने वाला चुनाव निश्चित रूप से बड़ा ही रोमांचक होने वाला है।

हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटना में बची आरक्षक की जान, एसएसपी सूरजपुर ने किया जवान को पुरस्कृत

पायनियर संवाददाता ≺ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में जिलेवासियों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है और अनिवार्य रूप से बाईक चलाते समय हेलमेट पहनने हेतु प्रोत्साहित करने के साथ ही ट्रैफिक नियमों के उल्लघंन पर कार्यवाही भी जिले के थाना-चौकी पुलिस के द्वारा की जा रही है। यह अभियान उस वक्त सार्थक साबित हुआ सुबह ड्यूटी जाने के दौरान हाईवे पर घटित सड़क दुर्घटना में हेलमेट पहने स्कूटी चालक पुलिस आरक्षक की जान बच गई। एसएसपी सूरजपुर के निर्देश पर जिले की पुलिस लगातार सजगता से वाहन चेकिंग कर रही है वहीं बाईक चालकों को स्वयं की सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनने के लिए प्रोत्साहित भी कर रही है साथ ही पुलिस के सभी अधिकारी व जवानों को हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश है। इसी दौरान सोमवार की सुबह थाना विश्रामपुर में पदस्थ आरक्षक जयजीत टोप्पो सतपता क्वार्टर से स्कूटी से ड्यूटी के लिए थाना विश्रामपुर जा रहा था और हेलमेट पहना हुआ था उसी दौरान एनएच पर थाना के समीप विश्रामपुर से सूरजपुर की ओर जा रहे बुलेट की तेज टक्कर लगने से स्कूटी सवार आरक्षक गिर गया। हेलमेट पहने होने के कारण उसके सिर में चोट नहीं लगी और वह गंभीर हादसे से बच गया। एसएसपी सूरजपुर ने किया जवान को पुरस्कृत। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने बताया कि आरक्षक जयजीत टोप्पो जो नियमित रूप से आने-जाने के दौरान हेलमेट का उपयोग करता है, उसी हेलमेट ने उसकी जान बचाई। हल्का चेटिल होने के बावजूद भी वह अपने कर्तव्य पर उपस्थित होकर ड्यूटी कर रहा है। कर्तव्य के प्रति निष्ठा और हेलमेट धारण करने वाले जवान को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

पुलिस अधीक्षक द्वारा जुआ सट्टा आबकारी एक्ट अवैध रूप से गांजा तस्करी करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक द्वारा जुआ सट्टा आबकारी एक्ट अवैध रूप से गांजा तस्करी करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया गया जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, नवनीत कौर छाबड़ा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस माधुरी धिरही के मार्गदर्शन पर सायबर सेल मुंगेली व थाना लालपुर का संयुक्त टीम गठित कर मुखबीर सूचना पर 02 प्रकरण जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई जिसमे ग्राम मोहडण्डा नदी किनारे मे अलग-अलग फड़ मे बैठकर आमजगह पर रुपए पैसे का दांव लगाकर 52 पत्ती तास से काटपत्ती जुआ खेलते पकड़े गए जुआडियान 1. सुरेश बंजारे पिता शंकर बंजारे उम्र 55 वर्ष साकिनान खपरी खुर्द थाना लालपुर 2. रूद्रकुमार पिता हरिचंद महिलांगे उम्र 40 वर्ष साकिन बैजलपुर थाना चिल्फी 3. ब्रिजकुमार वर्मा पिता जैतराम वर्मा उम्र 38 वर्ष साकिन गोरखपुर थाना लालपुर 4. रूपचंद रात्रे पिता धनीराम रात्रे उम्र 27 वर्ष साकिन मोहडण्डा थाना लालपुर के कब्जे से नगदी 8655 रूपये, 52 पत्ती तास, बोरी फट्टी व 1. सौखी रात्रे पिता रामखिलावन रात्रे उम्र 36 वर्ष 2. नैनदास अंचल पिता सुदर्शन उम्र 35 वर्ष, साकिनान ग्राम मोहडण्डा थाना लालपुर 3. ज्ञानिक बंजारे पिता जोगी बंजारे उम्र 25 वर्ष साकिन कोइलारी थाना फास्टरपुर 4. राजकुमार कुर्रे पिता जयराम कुरें उम्र 45 वर्ष साकिन खपरी थाना चिल्फी जिला मुंगेली छ.ग. के कब्जे से 8655 रूपये, 52 पत्ती तास, बोरी फट्टी जप्त कर मामला जमानतीय होने से जमानत मुचलका पर रिहा किया आरोपीगण का कृत्य धारा छ.ग. जुआ प्रति.अधि. की धारा 3(2) की

प्रेस कलब एवं पत्रकारगणो द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौपा, मौन रैली निकाल मौन श्रद्धाजली दी गई

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

बस्तर के पत्रकार मुकेश चंद्राकर के जघन्य हत्याकांड के बाद जहां प्रदेश भर के पत्रकारो में आक्रोश नजर आ रहा है। वही पत्रकार सुरक्षा के मुद्दो पर भी सवालिया निशान खडे होना प्रारंभ हो गया है। इसी कडी में मुंगेली प्रेस कलब एवं पत्रकार गणो द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया एवं रेस्टहाउस से मौन रैली निकाल कर मौन श्रद्धाजली दी गई। ज्ञात हो पूर्ववर्ती सरकार द्वारा पत्रकारो की सुरक्षा को लेकर पत्रकार सुरक्षा कानून की बात कही गई थी किंतु विगत कुछ समय से पत्रकारो के साथ हो रहे इस प्रकार के व्यवहारो ने सवालिया निशान खडा करना प्रारंभ कर दिया है। कि क्या पत्रकार सुरक्षा कानून महज कागजो तक तो सिमित हो कर नही रह जायेगा। इस जघन्य हत्याकाण्ड के विरोध में मुंगेली प्रेस कलब एव पत्रकार गणो ने भी अपना विरोध दर्ज कराया, और बडी संख्या में जिला मुख्यालय पहुच कलेक्टर को ज्ञापन सौपा साथ

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दीनानाथ केशरवानी को मुंगेली जिले का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को दीनानाथ केशरवानी को मुंगेली जिले का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया। यह घोषणा दोपहर 2 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी और पूर्व सांसद मधुसूदन यादव द्वारा की गई। इस महत्वपूर्ण घोषणा के साथ ही जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों में हर्ष का माहौल है। दीनानाथ केशरवानी के नाम की घोषणा होते ही पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई और एक-दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी नियुक्ति से पार्टी जिले में और सशक्त होगी।

दीनानाथ केशरवानी का संकल्प-

जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने के बाद दीनानाथ केशरवानी ने कहा, मैं इस बड़ी जिम्मेदारी के लिए मुंगेली जिला सहित पार्टी नेतृत्व, प्रदेश पदाधिकारियों का और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करना चाहता हूं। मैं पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत बनाने का प्रयास करूंगा। मेरी प्राथमिकता इसबका साथ, सबका विकास और सबका सहयोग होगी। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यों और प्रधानमंत्री मोदी की योजनाओं से जनता को लाभान्वित करना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।

दीनानाथ केशरवानी ने हाल ही में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के दौरे और उनके द्वारा किए गए भूमि पूजन का जिक्र करते हुए कहा, हमारी पार्टी का उद्देश्य जनता की भावनाओं का सम्मान करना और जनसेवा के कार्यों को प्राथमिकता देना है। साथ ही उन्होंने जिले के वरिष्ठ नेताओं, विधायक पुन्नूलाल मोहले, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, और केंद्रीय मंत्री तोखन साहू सहित अन्य नेताओं का मार्गदर्शन मिलने और सानिध्य प्राप्त होने की बात कही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की योजनाओं को जिले के हर गांव और हर व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थल पर्यटकों के लिए बना आकर्षण का केन्द्र

पायनियर संवाददाता ≺ मुंगेली
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के पर्यटन स्थलों में मुंगेली जिले का भी एक पर्यटन स्थल शामिल है, जिसे मदकूद्वीप के नाम से जाना जाता है। जिला मुख्यालय मुंगेली से महज 50 किलोमीटर की दूरी पर शिवनाथ नदी के तट पर बना हुआ द्वीप है। जहां हर साल बड़ी संख्या में सैलानी ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक महत्व के स्थल को देखने के लिए आते हैं। शिवनाथ नदी की धाराएं दो भागों में विभाजित होकर इस टापू का निर्माण करती है। जिसे मदकूद्वीप कहा जाता है। यह द्वीप प्राकृतिक सौंदर्य और प्राचीन मंदिरों से भरपूर है। यहां 10वीं-11वीं सदी के दो प्रमुख शिव मंदिर, धूमनाथेश्वर और जलहरी स्थित हैं, जो पौराणिक और ऐतिहासिक महत्व रखते हैं। इसके अलावा, द्वीप पर कई प्राचीन शिलालेख और मूर्तियां भी मिली हैं, जो इसे एक प्रमुख पुरातात्त्विक स्थल बनाते हैं। इस स्थान का शांतिपूर्ण वातावरण, प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। मदकूदीप में पौराणिक कथाओं और प्राचीन धरोहरों के साथ प्राकृतिक सौंदर्य का भी भरपूर अनुभव होता है। प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है।

प्राचीन अष्टभुजी गणेश का भी मंदिर विराजमान–मदकूद्वीप में प्राचीन अष्टभुजी गणेश का भी मंदिर विराजमान है जिसे देखने के लिए आसपास के अलावा बाहर से भी काफी संख्या में पर्यटक यहां पर आते हैं। मदकूद्वीप ट्रस्ट के संस्था प्रमुख रामस्वरूप दास महात्यागी ने बताया कि इस द्वीप पर माण्डूक्य ऋषि के द्वारा तपस्या की जाती थी, जिसके कारण इसका नाम मंडूक द्वीप था, परंतु वर्तमान में बोलचाल की भाषा में इसे मदकूद्वीप कहा जाता है। माण्डूक्य ऋषि के द्वारा यहां उपनिषद की भी रचना की गई है, जिसमें भारत के मुहर में चार शेर वाला अशोक स्तंभ के नीचे लिखी ''सत्यमेव जयते'' वाक्य इसी उपनिषद से लिया गया है। इसी वजह से इसे ''सत्यमेव जयते'' वाक्य की जन्मभूमि भी कहा जाता है। प्राकृतिक सौंदर्यीकरण के साथ द्वीप जैसे दिखने वाले मदकूद्वीप में हर वर्ष बड़ी संख्या में सैलानी सैर पर आते हैं। इसी कारण यहां के स्थानीय लोगों को भी इस जगह का लाभ मिलता है। वह मंदिर के समीप अपनी छोटी-छोटी दुकान लगाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इस प्रकार पर्यटन स्थल से न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है, बल्कि सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण भी हो रहा है। यहां प्रत्येक वर्ष भव्य मेला का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग मेला लुफ्त उठाने के लिए पहुंचते हैं।

एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को सुरक्षात्मक उपाए कराने व ओव्हर स्पीडिंग सहित यातायात उल्लघंन पर कार्यवाही करने दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ≺ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

दुर्घटनाजनित स्थानों पर सुरक्षात्मक उपाए कराने, यातायात नियमों के बारे में गुणवत्तापूर्वक लोगों को जागरूक करने, ट्रैफिक नियमों के उल्लघंन पर सख्त कार्यवाही तथा सूखा नशा और अवैध कार्यो पर प्रभावी रोक लगाने को लेकर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना-चौकी प्रभारियों की बैठक ली। एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने थाना प्रभारियों से लंबित मामलों की जानकारी ली और निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने थाना-चौकी प्रभारियों को कहा कि एनएच, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ दुर्घटनाजनित क्षेत्रों का दौरा कर सड़क हादसों को रोकने की रणनीति और सुरक्षात्मक उपाए कराए, जिन स्थानों पर ज्यादा एक्सीडेंट हो रहे है उन्हें ब्लैक स्पोर्ट चिन्हित करें, ओव्हर स्पीडिंग के मामले पर कड़ाई से कार्यवाही करने, व्यस्तम सड़के, प्रमुख स्थानों, ब्लैक स्पोर्ट, चौक चौराहों पर रहने अथवा दुकानदारी करने वालों को सड़क हादसों में घायलों की मदद कर गुड सेमेरिटन बनने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हादसों में घायलों की मदद करने वाले गुड सेमेरिटन की जानकारी उपलब्ध कराए ताकि उन्हें पुरस्कृत किया जा सके। सूखा नशा और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए पूरी तरह से मुस्तैदी से कार्य करने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त रूख अपनाने और यातायात नियमों के उल्लघंन पर समझाईश देने के साथ कार्यवाही करने, नागरिकों को हेलमेट पहनने को लेकर जागरूक करें। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो, सीएसपी एस.एस.पैंकरा, एसडीओपी सूरजपुर नंदिनी ठाकुर, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह

अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद ने किया दृष्टि बाधित बच्चों को पुरस्कार वितरण

पायनियर संवाददाता ≺ सक्ती
www.dailypioneer.com

पूरे विश्व में ब्रेल लिपि के जनक लुई ब्रेल की जन्म जयंती को कसेर पारा स्थित दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय में वार्षिक उत्सव के रूप में आयोजित किया गया, इस अवसर पर जहां सुबह से ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ तो नेत्रहीनों के लिए कुर्सी दौड़, मटका फोड़, साथ ही जन जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया, तथा इस रैली में अग्रसेन चौक के कार्यक्रम में पुलिस थाना शक्ति के टी आई बृजेश कुमार तिवारी, जिला यातायात प्रभारी कमल किशोर महतो, अधिवक्ता चितरंजन प्रसाद पटेल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे, उपरोक्त संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय की अध्यक्ष बिंदेश्वरी आदिले, सचिव जसवंत कुमार आदिले, संरक्षक जसबीर सिंह चावला एवम प्राचार्य ज्योति महंत के मार्गदर्शन में किया गया, इस कार्यक्रम में जहां जांजगीर चाम्पा लोकसभा क्षेत्र की सांसद कमलेश जांगड़े एवं अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद शक्ति शाखा के अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल सहित अन्य विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी सदस्य एवं गामान्य नागरिक भी मौजूद रहे। तो वहीं विद्यालय की ओर से सांसद कमलेश जांगड़े को विद्यालय के लिए शासकीय भूमि उपलब्ध करवाने की मांग की तथा इस दौरान अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद शक्ति शाखा के अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल ने कहा कि आज ब्रेल लिपि के जनक के रूप में लुइस ब्रेल को पूरी दुनिया जानती है, तथा दृष्टि बाधितों के मसीहा के रूप में इन्होंने जो कार्य किया है, वह एक बड़ा काम है तथा शक्ति में भी दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय की स्थापना कर जहां नेत्रहीनों को उनके जीवन को उज्जवल बनाने की दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है तो वहीं यह विद्यालय पूरे जिले में सेवा का एक सबसे बड़ा प्रकल्प है,इस दौरान अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद शक्ति शाखा के अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, सचिव अमरलाल अग्रवाल ठेकेदार, कपूर चंद अग्रवाल, ऋषि कुमार गोयल सहित अन्य सदस्यों द्वारा शक्ति शाखा की ओर से कार्यक्रम में संपन्न सभी प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण किए गए तथा परिषद की शक्ति शाखा की ओर से उपरोक्त समस्त पुरस्कार प्रदान किए गए,जिस पर दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय प्रबंधन ने भी अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद सहित इस विद्यालय में सहयोग करने वाले सभी दानदाताओं का भी आभार व्यक्त किया, साथ ही इस कार्यक्रम में दृष्टि बाधित विशेष विद्यालय की जन भागीदारी के सभी पदाधिकारी, सदस्य एवं मीडिया के साथी भी मौजूद रहे। हर साल 4 जनवरी को विश्व ब्रेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन वैश्विक स्तर पर दृष्टिबाधितों के लिए बेहद अहम दिन है।

कार्यालय कलेक्टर/अध्यक्ष, जिला निर्माण समिति-जिला सुकमा

नि.आ.क्र./01/जि.नि.स./का.अ./लो.स्वा.यां.वि./2025 सुकमा, दिनांक 06/01/2024

// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से जिला निर्माण समिति, जिला सुकमा, छत्तीसगढ़ क्रय एवं भण्डार अधिनियम का पालन करते हुये निम्नलिखित सामग्री प्रदाय हेतु निविदायें फार्म-सी में निर्माता/प्राधिकृत विक्रेताओं से निर्धारित तिथि तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 17.01.2025 तक आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक 22.01.2025 को निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों, जो उपस्थित है, के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र.	सामग्री का नाम	सासमग्री की मात्रा	लागत (लाखों में)	सुरक्षा निधि राषि (रू.)	आवेदन की अंतिम तिथि 13.01.2025
1	5 एच.पी.श्री-फेस सबमर्सिबल पावरपंप एवं फिटिंग प्रदाय कर स्थापना कार्य।	10 सेट	10.30	7725.00	कोरे निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि - 14.01.2025 निविदा खोलने की तिथि - 22.01.2025 प्रातः 11.00

नोट :- निविदा से संबधित शर्ते एवं जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कर्यालीयन समय में देखे जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी/जिला निर्माण समिति
खण्ड, सुकमा, जिला-सुकमा

G-242505136/2

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग रायपुर (छ.ग.)

ज्ञाप क्रमांक 233/नि.लि. रायपुर, दिनांक 06/01/2025

// शुद्धि पत्र //

निविदा सूचना क्रमांक 9411/NIT-11/2024-2025 वलेलि दिनांक : 26/12/2024 में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है:-

1) निविदा क्र. T0190, T191, T0195 (कुल 03 नग निविदा) को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

(जी क्रमांक-242504941/1)

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि./यां. संभाग रायपुर (छ.ग.)

G-242505155/3

कार्यालय-नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

-: जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8, मोहबा बाजार रायपुर :-

क्रमांक 498/न.पा.नि./जोन क्रं.-8/2024-25 रायपुर, दिनांक 06/01/2025

Expression of Interest (EOI)
(Notice Inviting Tender)

Raipur Municipal corporation invites sealed tenders from eligible vendors for the construction and maintenance of a 6000 sq. feet Box Cricket Stadium at visarjan kund raipura Raipur C.G. under the annual license fees model for 5 years. The project includes a 10 X 10 kiosk, a Pre-fabricated toilet, and advertising rights on two mini unipoles. The Tender fee is Rs.5000(Non Refundable), and an EMD of Rs. 100000 is required. Detailed EOI documents can be obtained from the Town Planning Branch, Room No 08 Raipur municipal Corporation Zone No-08 Mohbabazar. The last date for Submission id [15-01-2025] For more information, Visit our Website https://nagarnigamraipur.nic.in/]

Zone Commission
zone-8
Raipur Municipal Corporation

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

ब्रह्माकुमारीज ने किया आन्तरिक व्यक्तित्व विकास पर नवोदय विद्यालय में कार्यशाला

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ब्रह्माकुमारीज द्वारा नवोदय विद्यालय कुसमी बेमेतरा में आन्तरिक व्यक्तित्व विकास कार्यशाला की शुरुवात हुई। कार्यक्रम की रुपरेखा विद्यालय मैनेजमेंट और ब्रह्माकुमारी शशि दीदी के माध्यम से संचालित हो रही है। स्कूल के छात्र छात्रायें बहुत ही रूचि से आन्तरिक व्यक्तित्व विकास कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। बेमेतरा सेवा केंद्र प्रभारी बी के शशि दीदी ने भारत देश में जन्म की महत्व को बताते हुए छात्रों को मेडिटेशन से फायदे की जानकारी देते हुए बताया कि मेडिटेशन का अभ्यास कई तरीकों से किया जाता है, उन्हीं में से एक है राजयोग मेडिटेशन ब्रह्माकुमारीज आज के समय में राजयोग को आम लोगो तक बहुत ही सरलता से पहुंचने का कार्य भी कर रही है क्योंकि राजयोग मेडिटेशन जो न केवल व्यक्ति के भीतर एकाग्रता को बढ़ाता है, बल्कि यह व्यक्ति के भीतर सकारात्मक विचारों को जन्म देता है। राजयोग मेडिटेशन, मेडिटेशन से संबंधित एक तकनीक है जिसकी चर्चा भगवत गीता में भी की गयी है। इस मेडिटेशन का नाम राजयोग मेडिटेशन इस लिए पड़ा क्योंकि

इसका नियमित रूप से अभ्यास करने से व्यक्ति के भीतर एक राजा या किसी प्रतिनिधि के ही तरह जागरूकता, आत्मविश्वास और स्वत्रंत रूप से सोचने समझने वाले विचारों का प्रवाह होता है। इस मेडिटेशन का अभ्यास करने से व्यक्ति खुद को बेहतर रूप से जानने लगता है। जिसके कारण वह खुद को और अपने मन को बेहतर रूप से नियंत्रित कर पाता है। साथ ही व्यक्ति के भीतर जो भी अच्छे गुण होते हैं यह उन्हें उजागर करने का काम करता है। राजयोग करना वास्तव मे बहुत सरल है, इसलिए इस योग को दूसरे शब्दों में 'सहज राजयोग' भी कहा जाता है। परन्तु कभी कभार शुरुआत मे इसकी थोड़ी सी जानकारी की जरूरत पड़ती है। इस अभ्यास के लिए 5 सरल कदम हैं। अभ्यास करते करते बहुत जल्द ही आपको इन 5 क़दमो की भी आवश्यकता नही रहेगी, केवल एक ही विचार से आप एक शांति और ध्यान की स्थिति में पहुंच जायेंगे।अंजू यादव ने चित्रों और स्टोरी के माध्यम से एक्टिविटी कराते हुए मेमोरी पावर बढ़ाने की तकनीक सिखाई। जवाहर नवोदय विद्यालय बेमेतरा की प्रिंसिपल लक्ष्मी सिंह ने कहा कि सकारात्मक सोच के लाभ उठाने के बारे में सीखने के लिए इंतज़ार क्यों करें? अपने जीवन को सकारात्मक आत्म-चर्चा से भरना कैसा लगता है, इसका अनुभव करना शुरू करें। आप अपनी खुद को नुकसान पहुँचाने वाली नकारात्मकता को पीछे छोड़ना सीखेंगे, स्वयं को सर्वश्रेष्ठ बनाना सीखेंगे और बिना किसी बाधा के अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना सीखेंगे, जो मन में होता है वो बाहर भी रिफ्लेक्ट होता है। बच्चों ने अपने अनुभवों को साझा किया कि चित्रों के माध्यम से मेमोरी पावर बढ़ाने की तकनीक, मेडिटेशन से एकाग्रता बढ़ाने की तकनीक, स्टोरी के माध्यम से अपने मन कंट्रोल तकनीक बहुत अच्छी लगी।

जिला स्तरीय जेईई मेंस प्री-टेस्ट परीक्षा संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ रेना जमील के मार्गदर्शन में जिले के 12वीं में अध्यनरत विद्यार्थियों हेतु जेईई मेंस परीक्षा का पंजीयन कराया गया था। उन विद्यार्थियों के पंजीयन उपरांत विद्यालय स्तर पर तैयारी कराकर हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों का जिला स्तरीय जेईई मेंस प्री-टेस्ट परीक्षा का आयोजन 04 जनवरी 2025 दिन शनिवार को प्रातः 11:00 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (सेजेस हिंदी मध्यम) बलरामपुर में जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. डी. एन. मिश्रा एवं सहायक संचालक आशा रानी टोप्पो के द्वारा संपन्न कराया गया। इस परीक्षा में बलरामपुर जनपद पंचायत सीईओ रणवीर साय के द्वारा निरीक्षण के दौरान जेईई मेंस परीक्षा क्रैक करने हेतु कई टिप्स दिए गए। इस परीक्षा को संपन्न कराने में प्राचार्य चंद्रशेखर गुप्ता, जिला ग्रंथपाल राजकुमार शर्मा, वीक्षक के रूप में राजेश मिश्रा, सुवीर कुमार रवि, विनोद कुमार कुर्रे, संदीप वर्मा एवं विद्यालय कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

समाधान महाविद्यालय में आयोजित हुआ साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय एवं आईटीआई में साइबर अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित हुआ वक्ता के रूप में बेमेतरा जिले के साइबर सेल के ऑफिसर लोकेश सिंह ने साइबर अपराध के विभिन्न स्कैम जैसे-एपीके स्कैम, सिम स्वॅपिंग स्कैम, सेक्सटॉर्शन, टोल फ्री नंबर स्कैम, शेयर मार्केट स्कैम, लॉटरी स्कैम, सेक लोन स्कीम, ट्रैवल एजेंसी स्कैम, पार्ट टाइम जॉब स्कैम, डीप फेक वीडियो स्कैम, डिजिटल अरेस्ट स्कैम, फेसबुक क्लोनिंग औस्कैम से परिचित कराया व इनसे बचाव हेतु सुझाव प्रस्तुत किये। इसके अलावा,साइबर क्राइम स्थिति का शिकार होने के तुरंत बाद टोल फ्री नंबर 1930 पर कॉल करने व पास के थाने में शिकायत दर्ज करने का आग्रह किया। मंच संचालन जिले के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के पीओ रवि शर्मा द्वारा किया गया। सहायक प्राध्यापक योगेश्वर सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें सेमिनार से साइबर क्राइम की बढ़ती प्रवृत्ति से सुरक्षा के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। हम सभी अपनी दिनचर्या में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का निरंतर प्रयोग कर रहे हैं, जिसके प्रति सावधानी बरतना हमारा कर्तव्य हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी उमेश सिंह राजपूत, उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी एवं समस्त सहायक प्राध्यापक निधि तिवारी, स्वाति पटेल, नंदिनी वर्मा, रूपेंद्र डहरिया, विनीता अग्रवाल, रानी साहू, प्रणय सिंह राजपूत, अंशु दत्ता, राजेंद्र वर्मा,शुभम गजभिये, गायत्री राजपूत, राजेश यादव, पूजा सिन्हा, पूजा वर्मा, तुकाराम जोशी, श्रद्धा राजपूत, योगिता सोनी, हुतेन्द्र कुमार सिन्हा, होरीलाल देवांगन, कमलेश साहू व धर्मपाल नोन्हारे सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

महेश्वरी समाज द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिवर का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

लायंस क्लब भाटापारा एवं माहेश्वरी समाज भाटापारा तथा एसएमसी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिवर का आयोजन महेश्वरी भवन में संपन्न हुआ। इसमें लगभग 200 से अधिक विभिन्न रोगों से संबंधित मरीजों की जांच की गई। गणेश जी और सरस्वती जी की पूजा के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ। इसमें हृदय रोग विशेषज्ञ, महिला रोग विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ, पेट रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध थी। जिसमें हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी, डॉक्टर महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रज्ञा सूरवंशी, पेट रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संजय कुमार अग्रवाल एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सौरभ खरे उपस्थित रहकर मरीजों की जांच की। इसमें आए मरीजों की ब्लड प्रेशर शुगर हड्डी रोग से संबंधित हार्ट से संबंधित महिला रोग से संबंधित तथा पेट रोग से संबंधित जांच की गई और आवश्यक उपचार बताया गया। आए सभी डॉक्टरों का स्वागत किया गया। इस मौके पर लायंस क्लब के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल, रोशन हबलानी, दिनेश बजाज सूरज गुप्ता, नरेंद्र भूषणिया, श्याम रतन मूंदड़ा गिरधर गोविंदानी राजेश अग्रवाल संदीप भट्टार विनोद अग्रवाल प्रकाश बजाज के अतिरिक्त माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष छोटी दमानी,राजेश झवर, अनिल चांडक, तरुण मूंदड़ा, मौजूद रहे। इस शिविर को सफल बनाने में डॉ पंकज अग्रवाल चंदन राजपूत का विशेष योगदान रहा। मौके पर उपस्थित लोगों को डॉक्टर सतीश सूर्यवंशी ने अपने उद्बोधन में नगरवासियों लायंस क्लब भाटापारा तथा माहेश्वरी सभा भाटापारा के सहरानीय कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत मे सभी डॉक्टर को स्मृति चिन्ह लायंस क्लब एवं माहेश्वरी समाज भाटापारा के पदाधिकारियों के द्वारा प्रदान किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन लायंस क्लब के अध्यक्ष जयप्रकाश अग्रवाल ने प्रगट किया।

एकलव्य विद्यालय में कार्यशाला एवं टीबी मुक्त भारत के लिए शपथ

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

जिला कलेक्टर एस जयवर्धन के दिशा-निर्देशन तथा जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कपीलदेव पैकरा जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिंस जायसवाल डीटीओ डॉ जे एस आर सरूता खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ बंटी बैरागी बीपीएम सखन राम आयाम के मार्गदर्शन में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय ओड़गी में टीबी मुक्त भारत के लिए नि-क्षय निरामय कार्यक्रम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य रामविलास तिर्की ने कहा की टीबी मुक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए हम सबकी भागीदारी होना चाहिए। आसय यह है कि हम जहां भी रहें वहां एक भी व्यक्ति को टीबी का सम्भावित लक्षण दिखें तो उसे बलगम जांच करवाने का सलाह अवश्य दे ऐसा करने से हमारा समाज टीबी मुक्त बन जायेगा। यह कार्य सभी को करना चाहिए। शाला के शिक्षक छात्र छात्राएं या आम जनता सभी को इसकी जिम्मेदारी उठानी चाहिए।इस कार्यक्रम का मूल संदेश टीबी हारेगा देश जितेगा है। स्वास्थ्य विभाग के ओमप्रकाश राजवाड़े ने कहा की 2025 तक भारतवर्ष को टीबी मुक्त राष्ट्र बनाना है तथा सम्पूर्ण विश्व के लिए 2030 का लक्ष्य निर्धारित है। इस कार्यक्रम का समीक्षा राज्य और केन्द्र से किया जा रहा है। ओड़गी ब्लॉक में टीबी जांच की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं। किसी भी व्यक्ति को इधर उधर जाने की आवश्यकता नहीं है। पिरामल फाऊंडेशन के जिला कार्यक्रम समन्वयक राज नारायण द्विवेदी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत के निर्माण से व्यक्ति और समाज दोनों को फायदा है। संक्रमण के चैन को तोड़ने के लिए आपने आस-पास के सम्भावित व्यक्तियों का पहचान कर स्वास्थ्य विभाग को बतायें विभाग उन सभी व्यक्तियों का जांच करवायेगा। कार्यक्रम का संचालन करते हुए रामबल सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और पिरामल फाऊंडेशन द्वारा टीबी मुक्त भारत की जानकारी दिया गया इससे छात्रों के साथ साथ इनके परिवार और इष्ट मित्रों तक जानकारी पहुंचेगी। जागरूकता से टीबी का समूल नाश होगा।

स्वास्थ्य विभाग ने लगाया दूरस्थ अंचल में स्वास्थ्य शिविर

नि:शुल्क दवाइयां और कंबल वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.बी.के. चंद्रवंशी के मार्गदर्शन में गत दिवस विकासखंड धरमजयगढ़ के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ बी.एल.भगत द्वारा अंतिम छोर पर बसे दुर्गम दूरस्थ ग्राम बरघाट पुसाऊडेरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुमरता में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन विशेषकर कोरवा जनजातियों के लिये आयोजित किया गया था। जिससे वे स्वास्थ्य सेवा का लाभ ले सकें। शिविर में आये हुए कोरवा परिवार को स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा तथा समस्त हितग्राहियों को भूतपूर्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ. जगदीश सिंह एवं प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के.डी. पासवान के सौजन्य से हितग्राहियों को निःशुल्क 100 कंबल वितरित भी किया गया। जिसमें एन.एम.ए दिनेश यादव, एम.पी.एस शिवनारायण सिदार, आर.एच.ओ. जितेन्द्र पटेल, भोलानाथ सिदार व मितानिन फूलमेत सहित सहयोगी थे।

बेमेतरा के डॉ. अवधेश ने दमोह में 1200 लोगों को दिया माइंड पॉवर प्रशिक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के लिए पूरे देश में सक्रिय रूप से कार्यरत लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन द्वारा आयोजित लोधी क्षत्रिय समाज का प्रांतीय प्रशिक्षण सह-प्रांतीय अधिवेशन में दमोह मध्य प्रदेश में छत्तीसगढ़ बेमेतरा से डॉ. अवधेश पटेल को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। डॉ. पटेल को अवचेतन मन की शक्ति और सामाजिक सर्वेक्षण विषय पर अपनी बात रखने के लिए आमंत्रित किया गया था। इन्होंने अवचेतन मन की अद्भुत शक्ति को बताने के साथ ही समाधान द्वारा पिछले 10 सालों में ग्रामीण सर्वेक्षण में जो विस्तृत और सकारात्मक कार्य किया गया है उसको प्रस्तुत किए और कहा कि 80% भारत गांवों में बसता है और गांव का सभी सर्वेक्षण यदि कर लिया गया तो इसके आधार पर सामाजिक सर्वेक्षण भी सही तरीके से किया जा सकता है। इस अवसर पर अधिकांश मध्यप्रदेश सहित यूपी, छत्तीसगढ़ एवं महाराष्ट्र से लोधी क्षत्रिय समाज के शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में लगे हुए प्रतिनिधि सम्मिलित हुए जिनकी संख्या 1000 से अधिक थी। लक्ष्य के संरक्षक अमरपाल सिंह, दिल्ली, महामंत्री पुरण सिंह पटेल, भावसिंह लोधी, डॉ नारायण पटेल, रूपेंद्र लोधी, सुनील लोधी कर्नल राजेश लोधी, प्रकाश सिंह ठाकुर, लखनादौन एवं आई आई टी पासआउट समाजसेवी सत्येंद्र लोधी जो कि 13 साल कैलिफोर्निया, अमरीका में जॉब करने के बाद पिछले 3 सालों से पूरी तरह समाज सेवा में लगे हुए हैं एवं अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को समाज को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा की भूमिका, सामाजिक जागरूकता के लिए समाज के मंत्री, सांसद, विधायक एवं त्रिस्तरीय पंचायत के जन प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन मिला।

कक्षा 9वीं में प्रवेश, ऑनलाइन आवेदन 20 तक

पायनियर संवाददाता ➤ सारंगढ़/बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत संचालित प्रयास बालक एवं कन्या आवासीय विद्यालयों में वर्ष 2025-26 में कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2025 निर्धारित है। आवेदन पत्र एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https//eklavya.cg.nic.in/ एवं कार्यालयीन समय में कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, कलेक्टर कार्यालय भवन सारंगढ़ से प्राप्त कर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गए आवेदन में त्रुटि सुधार 21 से 27 जनवरी तक निर्धारित है। प्रवेश हेतु चयन परीक्षा की तिथि पृथक से दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना के तहत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उप योजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए सघन तैयारी करायी जाती है।

प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 20 जनवरी तक

पायनियर संवाददाता ➤ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

आदिवासी विकास शाखा कोण्डागांव के सहायक आयुक्त द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में अध्ययनरत प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रयास आवासीय विद्यालय में उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु सघन तैयारी कराई जाती है। वर्ष 2025-26 में इन विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी 20 जनवरी 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन भरे गये आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 21 से 27 जनवरी तक कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी जिला सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास एवं परियोजना प्रशासक कोण्डागांव के कार्यालय एवं वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

धूम्रपान व तंबाकू है कैंसर का कारक : डॉ. निराला, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल खुरसुला में मनाया स्वास्थ्य पे चर्चा कार्यक्रम

पायनियर संवाददाता ➤ सारंगढ़/बिलाईगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देशन में जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एफ आर निराला ने विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुरसुला में स्वास्थ्य पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित कर स्वास्थ्य पर चर्चा के तहत बताया कि तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है। युवा पीढ़ी में धूम्रपान का चलन बढ़ा है। ऐसे में ये नहीं भूलना चाहिए कि तंबाकू कैंसर का कारक है।उन्होंने नागरिकों को धूम्रपान न करने की सलाह दी साथ ही लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए शपथ दिलाई।

कोटपा कानून के तहत होगी कार्यवाही

कोटपा कानून के तहत यह प्रावधान दिया गया है कि यदि कोई व्यक्ति सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करता है या उससे सम्बंधित व्यसाय करता है तो उस पर क़ानूनी कार्यवाही की जा सकती है। यह सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान नही करने को (कोटपा तंबाकू नियंत्रण कानून) लेकर किया गया है। सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना दंडनीय कोटपा कानून के धारा 4 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना दंडनीय अपराध के तहत आता है। इस धारा में यह भी कहा गया है कि सार्वजनिक स्थलों पर बोर्ड लगाकर धूम्रपान निषेध क्षेत्र होने और ऐसा करने पर दंडनीय अपराध का बोर्ड लगाना है और इसके लिए शिकायत कहाँ करनी है इसका भी मोबाईल नम्बर डिस्प्ले करना है। सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट लाइटर बीड़ी व सिगरेट जलाने के लिए माचिस इत्यादि उपलब्ध नहीं करवाना है।

शिक्षण संस्थानों के पास गुटखा और तंबाकू का दुकान निषेध

शिक्षण संस्थान से 100 गज के दायरे में तम्बाकू पदार्थ बेचना दंडनीय अपराध किया गया है। शिक्षण संस्थानों के प्रभारी को मुख्य प्रवेश द्वार पर एक बोर्ड लगाना आवश्यक है, जिसमें लिखा हो कि शिक्षण संस्थान के 100 गज के दायरे में तम्बाकू पदार्थ बेचना दंडनीय अपराध है।उक्त नियमों के उल्लंघन पर 200 दो शौ जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कार्यक्रम में बताया कि राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निक्षय-निरामय छत्तीसगढ़ के लिए 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान सात दिसंबर से शुरू किया गया है। यह अभियान 24 मार्च 2025 तक चलाया जाएगा। जिसमें टीबी, कुष्ठ, मलेरिया जांच व उपचार एवं वयोवृद्धों को देखभाल की सलाह दी जाएगी। जिले के तीनों ब्लॉक सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ में अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग लगा हुआ है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर सर्वे कर टीबी के लक्षणों और जांच करवाने के लिए लोगों को जागरूक कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में दीवारों पर स्लोगन लिखकर टीबी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। घरों के सामने सर्वे का नंबर और दिनांक भी लिखा जा रहा है। वहीं कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति बालवाड़ी ब्लॉक नोडल बिलाईगढ़ संजीव राजेत्री प्रभारी प्राचार्य रामसहाय डड़सेना, संकुल समन्वयक राजकुमार नायक,शिक्षक सालिक राम साहू, शिक्षिका अंतिमा कंवर, शिक्षक चितचोर चेलक, मैग्नेस्वर यादव, नरेंद्र कुमार सोनी, पवन साहू, मनीराम यादव, लोकनाथ ताण्डेंय, चन्द्र प्रकाश जायसवाल, कृष्ण कुमार साहू, संजीव राजेत्री एवं सैकड़ों की संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

कोपरा में अध्यक्ष पद ओबीसी मुक्त के लिए आरक्षित, चुनावी मुकाबला हुआ दिलचस्प

गोरेलाल सिन्हा की दावेदारी सबसे मजबूत

पायनियर संवाददाता ➤ गरियाबंद
www.dailypioneer.com

गरियाबंद जिले के नगर पंचायत कोपरा में इस बार अध्यक्ष पद ओबीसी मुक्त के लिए आरक्षित किया गया है। रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित लॉटरी प्रक्रिया के तहत यह आरक्षण तय हुआ। इस फैसले ने चुनावी मैदान को और दिलचस्प बना दिया है, क्योंकि अब इस वर्ग के उम्मीदवारों के बीच मुकाबला तेज हो गया है।

कौन बनेगा कोपरा का पहला अध्यक्ष?

यह कोपरा नगर पंचायत का पहला चुनाव है, और जनता के साथ-साथ उम्मीदवार भी इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर उत्साहित हैं।

ओबीसी मुक्त आरक्षण के तहत अब क्षेत्र के योग्य पुरुष और महिला उम्मीदवार अपनी दावेदारी पेश कर सकते हैं।

प्रबल दावेदार कौन?

चुनावी दौड़ में कई नाम उभरकर सामने आ रहे हैं। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार गोरेलाल सिन्हा को जनता का समर्थन मिल रहा है। उनके सामाजिक कार्य और अनुभव ने उन्हें जनता के बीच एक मजबूत विकल्प बनाया है। इसके अलावा, रूप नारायण साहू और नोगेश्वर साहू जैसे उम्मीदवार भी चर्चा में हैं। रूप नारायण साहू को उनकी संगठन क्षमता के लिए जाना जाता है, जबकि नोगेश्वर साहू अपनी सादगी और जनसंपर्क के लिए मशहूर हैं।

जनता की अपेक्षाएं और चुनावी मुद्दे

कोपरा में पिछले कुछ समय से विकास कार्य ठप पड़े हैं। जल आपूर्ति, सड़कों की हालत और सफाई जैसे बुनियादी मुद्दे चुनावी चर्चा के केंद्र में हैं। जनता इस बार ऐसा नेतृत्व चाहती है जो इन समस्याओं का समाधान कर सके। स्थानीय निवासी महेश साहू कहते हैं, हमें एक ऐसा अध्यक्ष चाहिए, जो वादे करने के बजाय काम करके दिखाए। वहीं, युवा वर्ग रोजगार और शिक्षा के बेहतर अवसरों की उम्मीद कर रहा है।

चुनाव का महत्व

कोपरा नगर पंचायत में ओबीसी मुक्त आरक्षण के तहत अध्यक्ष पद का यह चुनाव न केवल ऐतिहासिक होगा, बल्कि यह विकास और नेतृत्व की नई दिशा भी तय करेगा। जनता की उम्मीदें ऊंची हैं, और सभी की निगाहें इस पर टिकी हैं कि कौन कोपरा का पहला अध्यक्ष बनकर इस क्षेत्र को प्रगति के पथ पर ले जाएगा। आगामी चुनाव न केवल कोपरा बल्कि पूरे गरियाबंद जिले की राजनीति में एक नई लहर लेकर आने वाला है।

लिटिल फ्लावर स्कूल के विद्यार्थियों को किया खेल सामग्री का वितरण

रामानुजगंज। ज्ञान यज्ञ परिवार के मुखिया एवं प्रख्यात समाज विज्ञानी बजरंग मुनि के निर्देशानुसार लिटिल फ्लावर स्कूल के विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक विकास

हेतु खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर ज्ञान यज्ञ परिवार के अध्यक्ष मोहन गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों के जीवन में स्वस्थ मानसिकता एवं शारीरिक विकास के लिए खेल अति आवश्यक है इसी बात का ध्यान रखते हुए उनको खेल सामग्री वितरण किया जा रहा है। व्ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों के मानसिक विकास के लिए प्रत्येक शनिवार को शिक्षिका हिमांशी गुप्ता के नेतृत्व में अलग-अलग विषयों पर चर्चा एवं परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जहां विद्यार्थी गण बड़े उत्साह के साथ इसमें सम्मिलित होते हैं। विद्यालय के अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल ने कहा कि हम चर्चा एवं परिचर्चा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों एवं उनके शिक्षकों को प्रोत्साहन राशि भी देंगे। आयोजित कार्य म में मुख्य रूप से सामाजिक विचारक नरेंद्र,रवि रंजन पाल,अजय गुप्ता(तूती) विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी गण उपस्थित

छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, मोपका मे स्व.रामनाथ वर्मा महाविद्यालय सम्मान समारोह और वार्षिकोत्सव में शामिल हुए

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा, मोपका मे स्व.रामनाथ वर्मा महाविद्यालय सम्मान समारोह और वार्षिकोत्सव में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को विश्व सिरमौर बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की जरूरत है। शिक्षण संस्थाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा छात्रों तक पहुंचाना सुनिश्चित करना होगा। शिक्षण संस्थाओं को नवाचार को बढ़ावा देकर छात्रों को रचनात्मक सोच के लिए प्रोत्साहित करना होगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिवरतन शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए समर्पित होकर अध्ययन करना चाहिए, जिससे उनका कैरियर उज्ज्वल हो सके। शिवरतन शर्मा ने आगे कहा की देश की बागडोर आने वाले समय युवा ही संभालेंगे, इसलिए उन्हें हर तरह की खुबियों से परिपूर्ण रहना होगा। उन्हे अपने अंदर पढ़ाई के साथ-साथ नेतृत्व क्षमता और अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी साथ लेकर चलना होगा। शिवरतन शर्मा ने बताया की स्कूल शिक्षा के बाद महाविद्यालय स्तर की शिक्षा हर विद्यार्थी के लिए बहुत महत्वपूर्ण होती है। महाविद्यालयीन शिक्षा के दौरान ही छात्र-छात्राओं के भविष्य की दिशा तय होती है। शिवरतन शर्मा ने महाविद्यालय संस्था को आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया। इसअवसर राकेश तिवारी, मथुरा यदु, देवक साहू, संकेत अग्रवाल, सालिक राम वर्मा, चेतन वर्मा, ड़ॉ. योगेंद्र ठाकुर, प्राचार्य अभिलाषा सैनी, महाविद्यालय के प्राध्यापक सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी, पालकगण और ग्रामवासी उपस्थित थे।

ओकाया ईवी ने ओपीजी मोबिलिटी के रूप में नया ब्रांड नाम अपनाया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी बाजार की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में, ओकाया ईवी गर्व से अपनी नई ब्रांड पहचान ओपीजी मोबिलिटी का अनावरण करता है। यह रीब्रांडिंग कंपनी की अत्याधुनिक डिज़ाइन, भविष्य के लिए तैयार प्रौद्योगिकी, और टिकाऊ, सुरक्षित उत्पादों के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो भारत के गतिशील उपभोक्ता आधार की बदलती जरूरतों को पूरा करती हैं। बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, ओपीजी मोबिलिटी देश भर में एक व्यापक डीलर नेटवर्क का लाभ उठाएगी। यह ब्रांड दो उप-ब्रांडों में विभाजित होगाः फेराटो, जो प्रीमियम इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलों और स्कूटरों को समर्पित है, और ओटोपीजी, जो यात्री और माल ढुलाई जैसे तीन-पहिया वाहनों पर केंद्रित है। भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में, ओपीजी मोबिलिटी अपनी नई ब्रांडिंग के तहत अपना पहला उत्पाद लॉन्च करेगा और अपनी पूरी रेंज के उन्नत इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रदर्शित करेगा। इसमें मौजूदा मॉडल्स शामिल हैं जिनकी उत्पाद दक्षता में सुधार किया गया है, और अब इनमें ओपीजी मोबिलिटी का लोगो होगा। बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक्स प्रौद्योगिकी में कंपनी की 40 साल की मजबूत धरोहर ने इसे भारत के इलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित किया है, जो उच्च गति और निम्न गति वाले इलेक्ट्रिक स्कूटर, प्रीमियम इलेक्ट्रिक बाइक, और यात्री और माल ढुलाई जैसे तीन-पहिया वाहनों का विविध पोर्टफोलियो पेश करता है।

भारतीय जनता पार्टी जिला बलौदाबाज़ार भाटापारा छ ग का बैठक संपन्न

भाजपा जिलाध्यक्ष बने आनंद यादव

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाज़ार
www.dailypioneer.com

भाजपा जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के जिलाध्यक्ष चुनाव के परिपेक्ष्य में आयोजित बैठक में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति अनुसार सर्वप्रथम भारत माता की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बैठक में जिला चुनाव अधिकारी एवं पूर्व मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए निर्देशानुसार पार्टी की नीतियों एवं अवधारणाओं से अवगत कराया तथा संगठन में अनुशासन के महत्व को परिभाषित करते हुए सभी को इसका अनुशरण करने हेतु प्रेरित किया। बैठक में जिला चुनाव अधिकारी एवं पूर्व मंत्री डॉ कृष्णमूर्ति बांधी द्वारा राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए निर्देशानुसार आनंद यादव को भाजपा जिला बलौदाबाजार का जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने की घोषणा की गई। नव निर्वाचित जिलाध्यक्ष आनंद यादव को बधाई देते हुए फटाके एवं मिठाई बाटा गया। इस बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू जिलाध्यक्ष डॉ सनम जांगड़े प्रदेश मंत्री श्यामबाई साहू प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉक्टर अजय राव टेसुलाल धुरंधर पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र टिकरिया सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान जिंक ने किया शिक्षा संबल शीतकालीन शिविर के माध्यम से लगभग 1700 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारत की सबसे बड़ी और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक कंपनी हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड ने शिक्षा पर केंद्रित शिक्षा संबल परियोजना के शीतकालीन शिविर का सफलतापूर्वक समापन किया, जिसमें वंचित ग्रामीण इलाकों के लगभग 1700 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हुए। शीतकालीन शिविरों में प्रदेश के 6 जिलों के 47 राजकीय विद्यालयों के पहली पीढ़ी के शिक्षार्थियों को शामिल किया गया। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत् शीतकालीन शिविर, शिक्षा-केंद्रित सामाजिक प्रभाव पहल, 2008 से राजस्थान में संचालित हो रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के 2 लाख से अधिक विद्यार्थी सालाना लाभान्वित हो रहे है। शिक्षा संबल का उद्देश्य उन शिक्षार्थियों को सहायता प्रदान करना है, जो वित्तीय, सामाजिक और सुविधा संबंधी बाधाओं के कारण पढ़ाई और संतोषजनक करियर को आगे बढ़ाने का विकल्प नहीं चुन सकते हैं। यह पहल कक्षा 10वीं के छात्रों को शैक्षणिक सहायता प्रदान करती है जो त्यौहारी अवकाश के दौरान अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के अंतिम चरण में हैं और संरचित सत्रों, विशेष कार्यपुस्तिका अभ्यास और विज्ञान के छात्रों के लिए व्यावहारिक प्रयोगशाला कार्य के साथ-साथ गणित और अंग्रेजी के लिए उन्नत पुस्तकालय कार्य के माध्यम से पढ़ने, लिखने, गणित और विज्ञान जैसे मूलभूत विषयों में सहायता प्रदान करती है।

मदरसा बोर्ड की हाईस्कूल, हायर सेकेंडरी परीक्षा के फार्म का वितरण

- सामान्य शुल्क के साथ 06 फरवरी तक जमा होंगे फार्म

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पत्राचार पाठ्यक्रम परीक्षा 2025 के आवेदन फार्म का वितरण 06 जनवरी से प्रारंभ होगा।

छत्तीसगढ़ मदरसा बोर्ड के अध्यक्ष अलताफ अहमद ने बताया है कि सामान्य शुल्क के साथ फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 06 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। रायपुर जिले हेतु उर्दू कन्या उ.मा.वि. शास्त्री बाजार रायपुर तथा नूरानी उ.मा.वि. राजातालाब रायपुर को अग्रेषण केन्द्र बनाया गया है। विलंब शुल्क 250 रू. के साथ 14 फरवरी 2025 तथा विलंब शुल्क 500 रू. के साथ 21 फरवरी 2025 तक अग्रेषण केन्द्रों में परीक्षा फार्म जमा किये जा सकते हैं। परीक्षा फार्म वितरण एवं जमा करने हेतु प्रदेश के विभिन्न जिलों में अग्रेषण केन्द्र बनाये गये हैं। अग्रेषण केन्द्रों के नाम उर्दू कन्या उ.मा.वि., शास्त्री बाजार रायपुर, नूरानी उ.मा.वि. राजातालाब रायपुर, शा.उ.मा.वि. तकियापारा दुर्ग, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फरीद नगर भिलाई, शा.क.उ.मा.वि., बालोद, शा.बहु.उ.मा.वि. राजनांदगांव स्वामी करपात्री जी शा.उ.मा.वि. कवर्धा, शा.कन्या हाईस्कूल, मांझापारा, कांकेर, शा.बहु.उ.मा.वि. पेण्ड्रा, शा.उ.मा.वि. महावीरगंज, शा.आ.रा. उ.मा.वि. बैकुण्ठपुर, शा.आ.बा. उ.मा.वि. सिमगा, डॉ. शो.दे. शा.उ.मा.वि., धमतरी, शा.उ.मा.वि. राजेन्द्र नगर, बिलासपुर, शा.बा.उ.मा.वि. सूरजपुर, तथा शा.कन्या उ.मा.वि. मनेन्द्रगढ़ से परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक छात्र-छात्राऐं परीक्षा फार्म जमा कर सकते हैं।

न्युवोको विस्टास ने वडराज सीमेंट लिमिटेड का अधिग्रहण पूरा किया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्वी भारत में एक प्रमुख कंपनी, वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के अधिग्रहण को पूरा कर लिया है। न्युवोको, वीएसएल के सफल एसआरए के रूप में उभरा है, जो वर्तमान में कॉर्पोरेट इनसॉल्वेंसी समाधान प्रक्रिया से गुजर रहा है। न्युवोको द्वारा प्रस्तुत रेजोल्शून प्लान को कमेटी ऑफ क्रेडिटर्स ('सीओसी') द्वारा मंजूर किया गया है, और एक लेटर ऑफ इंटेंट (एलओआई) जारी किया गया है। ट्रांजेक्शन पर पूरी तरह से अमल न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी वान्या कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। न्युवोको अपने कंसोलिडेटेड डेट स्तरों में उल्लेखनीय वृद्धि के बिना लेनदेन को फंडिंग करने का इरादा रखता है। एसेट्स के नवीनीकरण और वीसीएल प्लांट्स के ऑपरेशनल सुधार को बढ़ावा देने के लिए चरणबद्ध निवेश 15 महीनों में किया जाएगा। उत्पादन शुरू करने की अनुमानित लक्ष्य तारीख वित्त वर्ष 27 की तीसरी तिमाही के आसपास है, जो रेजोल्यूशन प्लान के लिए नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) की मंजूरी के अंतगर्त है। इस महत्वपूर्ण मौके पर जयकुमार कृष्णास्वामी, मैनेजिंग डायरेक्टर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि यह अधिग्रहण, न्युवोको के सफल सफर में एक महत्वपूर्ण क्षण है, जो भारतीय सीमेंट इंडस्ट्री में पांचवें सबसे बड़े उत्पादक के रूप में हमारी स्थिति को मजबूत करता है और हमारी बाजार में पकड़ को और मजबूत करता है। यह हमारे मौजूदा ऑपरेशंस को पूरी तरह से सफल और संपूर्ण बनाता है।

सीग्रम्स रॉयल स्टैग पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर ने ग्लोबल सेंसेशन नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ की साझेदारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

सीग्रम्स रॉयल स्टैग ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड-तोड़ सफलता हासिल करने वाली सीरीज़ स्क्विड गेम के दूसरे सीज़न के साथ साझेदारी की घोषणा की है। स्क्विड गेम के साथ यह साझेदारी रॉयल स्टैग की लिव इट लार्ज फिलॉसफी के साथ गहराई से जुड़ी हुई है। यह दर्शकों को दुनिया के एक सबसे लोकप्रिय सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने का एक बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है जो अब तक लाखों दिलों को जीत चुका है। आज के युवाओं के बीच के-ड्रामा बहुत ही लोकप्रिय है। ऐसे में यह सहयोग ब्रांड को युवाओं के जुनून का हिस्सा बनने, उनसे जुड़ने और उनकी आकांक्षाओं में शामिल होने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करता है। इस सहयोग के बारे में बात करते हुए, पेरनोड रिकार्ड इंडिया के मार्केटिंग जनरल मैनेजर जॉयदीप बसुरॉय ने कहा, नेटफ्लिक्स के स्क्विड गेम के साथ रॉयल स्टैग का यह सहयोग ब्रांड को के-कल्चर के प्रति युवाओं की दीवानगी का लाभ उठाने में मदद करेगा। इस साझेदारी के साथ न सिर्फब्रांड युवाओं के साथ भावनात्मक रूप से जुड़ेगा, बल्कि इससे ब्रांड की युवा छवि को भी उभारने में मदद मिलेगी। रॉयल स्टैग ब्रांड हमेशा उन लोगों के साथ खड़ा रहा है जो बड़े सपने देखते हैं और पूरे जुनून और उद्देश्य के साथ अपनी जिंदगी जीते हैं। ठीक वैसे ही जैसे कि इस शो में दिखाया गया है। स्क्विड गेम सीजन 2 के साथ यह साझेदारी हमें अपने दर्शकों और आज की पीढ़ी को एक जीवंत अनुभव और ठोस सामाजिक मूल्य प्रदान करने में मदद करता है। ब्रांड रहस्यमयी नकाबपोश गार्ड और शो के सिग्नेचर सिंबल के साथ स्क्विड गेम के एलिमेंट को प्रदर्शित कर रहा है।

विप्र कॉलेज में राज्य स्तरीय टीएलएम प्रतियोगिता में दिखे, रोचक और ज्ञानवर्धक वर्किंग मॉडल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ युवा विकास संगठन संचालित विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा 16 वीं राज्य स्तरीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने-अपने वर्किंग मॉडल को प्रदर्शित किया। जिसके अंतर्गत पर्यावरणीय समस्याओं से संबंधित तथा भविष्य में होने वाली सामाजिक समस्याओं के निराकरण हेतु तरह-तरह के वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए गए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के साथ-साथ विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापक गण भी उपस्थित थे। इस अवसर पर विप्र कॉलेज के प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता का उद्देश्य शिक्षक प्रशिक्षणार्थियों में बौद्धिक स्तर का विकास करना है। जिससे विद्यार्थि स्वयं को नवाचार से जोड़ सकें एवं अध्ययन अध्यापन के साथ दक्षता और कुशलता हासिल कर सके। शिक्षा विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉ. दिव्या शर्मा द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का महत्व बताते हुए बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में डॉ मधु अग्रवाल (पं. रवि. शुक्ल वि. वि.), डॉ मोनिका चौबे एवं साधना शर्मा ग्रेसियस कॉलेज ऑफ एजुकेशन)उपस्थित थी। 16 वीं राज्य स्तरीय टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृति स्कूल आफ मैनेजमेंट के यशराज देवांगन ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग की छात्रा प्रियंका ठाकुर ने तथा स्पेक्ट्रम कॉलेज के दर्शन साहू तीसरे स्थान पर रहे। प्राचार्य डॉ मेघेश तिवारी ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को ट्रॉफी प्रदान कर पुरस्कृत किया। इसके साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न महाविद्यालय के प्राध्यापक गण सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। विप्र पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने भी मॉडल का अवलोकन कर रोचक और ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त किया।

विप्र कॉलेज में 10 जनवरी से इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता

रायपुर। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में विप्र कला, वाणिज्य एवं शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय द्वारा 10 व 11 जनवरी को इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ.मेघेश तिवारी ने बताया कि 10 जनवरी से आयोजित इंटर कॉलेज सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में मेजबान विप्र कॉलेज सहित पंडित रविशंकर शुक्ला महाविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय की टीमें हिस्सा लेगी। प्रतियोगिता के आधार पर रविवि टीम का गठन किया जाएगा। जो अखिल भारतीय इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता में रविवि का प्रतिनिधित्व करेगी

वनस्पति,फल और औषधि , जड़ी बूटी की देवी मां शाकम्भरी हमें शक्ति और स्वस्थ जीवन प्रदान करती है : सम्पत अग्रवाल

मां शाकम्भरी पूजन महोत्सव में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल, पटेल समाज भवन का किया उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मां शाकम्भरी को देवी दूर्गा का अवतार माना जाता है। उन्हें वनस्पतियों की देवी के रूप में पूजा जाता है। शाकम्भरी महोत्सव बसंत ऋतु के आगमन का प्रतीक है। यह एक महत्वपूर्ण समय है जब लोग देवी शाकम्भरी से आशीर्वाद मांगते हैं।

यह बात विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने बसना विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पोटापारा में मरार (पटेल) समाज द्वारा आयोजित मां शाकम्भरी पूजन महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा। विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने अपनी प्रार्थना में कहा कि वनस्पति,फल और औषधि , जड़ी बूटी की देवी मां शाकम्भरी हमें शक्ति और स्वस्थ जीवन प्रदान करती है।

पटेल (मरार) समाज भवन का किया उदघाटन

कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने पटेल (मरार) समाज भवन का उद्घाटन किया तथा ग्रामवासियों को विकास कार्यों की बधाई देते हुए कहा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में जनकल्याण के हित मे प्रतिमान स्थापित करते हुए विकास की ओर सतत रूप से अग्रसर हैं। पूरे देश में छत्तीसगढ़ के विकास मॉडल की चर्चा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार ने समाज के सभी वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाने का काम कर रहा है। क्षेत्र में महानदी की अविरल धारा की तरह ही बसना विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, भाजपा मण्डल गढफुलझर अध्यक्ष नरहरी पोर्ते, मरार समाज अध्यक्ष उद्धव पटेल, सुकुनदास पटेल, प्रहलाद पटेल, विजय पटेल, जयदेव पटेल, कुशलाल पटेल, तेजराम पटेल, साबित पटेल, अनिल कंवर, ठण्डाराम पटेल, जयपाल पटेल, मनीष साव, महिपाल निषाद, वृन्दा प्रसाद पटेल, भावेश साव, मानसाय पटेल, सुंदरलाल पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद थे।

गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशोत्सव पर विधायक ने गुरुद्वारा में मत्था टेका

रायपुर। गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव नगर स्थित गुरु गोविन्द सिंह सभा गुरुद्वारा में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरु पर्व पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने गुरुद्वारे में पहुंच कर मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया तथा गुरु पर्व पर आयोजित लंगर में सेवा दिये। गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश उत्सव पर विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने सभी को गुरु पर्व की शुभकामनाएं दी। वही गुरुद्वारा प्रबंधक की ओर से विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल को सरोपा पहना कर सम्मानित किया। विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह भक्ति और शक्ति के प्रतीक थे। गुरु गोबिंद सिंह ने धर्म की रक्षा के लिए अपना सारा जीवन न्योछावर कर दिया यहां तक कि उन्होंने अपने साहिबजादो की भी कुर्बानी दे दी थी, मानवता व इतिहास में इसको भुलाया नहीं जा सकता। ये हम सब के लिए जरूरी भी है कि उनके बताए हुए मार्ग पर चलना चाहिए।

भाजपा महासमुंद जिला अध्यक्ष बने एतराम साहू, विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने बधाई

रायपुर। छत्तीसगढ़ में लगातार दूसरे दिन भाजपा जिला अध्यक्षों की नियुक्ति जारी है। कई जिला अध्यक्षों के नामों का ऐलान किया गया है। रविवार को 15 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई थी। वहीं सोमवार को महासमुंद जिला अध्यक्ष की भी घोषणा कर दी गई है। एतराम साहू को महासमुंद जिला अध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा कार्यालय में प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने सांसद रूपकुमारी चौधरी, बसना विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा सहित भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में नाम की घोषणा की। बसना विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल ने एतराम साहू को भाजपा जिला अध्यक्ष घोषित होने पर फुलमाला पहनाकर बधाई दी व सफल कार्यकाल की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित किये। इस दौरान जिला एवं सभी मंडल के पदाधिकारियों के अलावा जिले के तमाम बड़े नेता मौजूद रहे।

गुरु गोविंद सिंह का बलिदानी जीवन हमे राष्ट्र प्रेम के लिए सदैव प्रेरित करता रहेगा : विधायक इन्द्र साव

■ प्रकाश पर्व मे शामिल हुए विधायक इन्द्र साव

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

गुरुद्वारा नानक दरबार सिमगा मे सिख पंथ के दसवें गुरु एवं खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोविंद सिंह का पावन प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह सहज पाठ की समाप्ति के उपरांत रायपुर से आए कीर्तनी जसप्रीत सिंह बिट्टू द्वारा कीर्तन, कथा विचार की गई उन्होंने गुरुद्वारे में वीर रस से भरे शबद गायन करते हुए धर्म के लिए दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह द्वारा दिए गए बलिदानों को बतलाया इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक इंद्र साव भी प्रकाश पूरब में शामिल हुए सिख समाज एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मान किया। साव ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जब खालसा पंथ की स्थापना हुई थी उस समय समाज वर्णों में बंटा था। गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ में सभी प्रकार की जातियों का समावेश कर पंथ की सृजना की औरंगजेब हिंदुओं को बहुत प्रताड़ित कर रहा था। उन्हें जबरन मुसलमान बनाने के साथ-साथ पूरे भारतवर्ष को इस्लामिक देश बनाने का सपना संजोए बैठा था, जिसके लिए गुरु ने अपने माता-पिता एवं बच्चों की शहादत देकर औरंगजेब के मंसूबों पर पानी फेर दिया। साव ने गुरु गोविंद सिंह द्वारा दी हुई कुर्बानियों को नमन करते हुए उन्हें महान संत बतलाया उन्होंने कहा ऐसे महान गुरु के प्रकाश पर्व में मुझे शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। जिन्होंने धर्म जातियों की समानताओं को एक दृष्टिकोण से देखते हुए मानुस की जात सबै एक पहचानबो के संदेश दिए। उन्होंने प्रबंधक कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा की गुरु घर में हम सब मांगने आते हैं, मगर उनके आशीर्वाद से मुझे आप लोगों की सेवा करने का अवसर मिला है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के भाइयों से सलाह लेकर जो कुछ भी गुरु घर की ज़रूरतें होगी उन्हें हम अवश्य पूरा करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि ईश्वर सिंह ठाकुर, दिवाकर मिश्रा अमरजीत सिंह विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया हरदीप सिंह भाटिया अमरजीत सिंह खालसा गगन भाटिया काकू भाटिया सत्यजीत सेडे, जसमीत सिंह, गुरमीत सिंह भाटिया, हैप्पी मान, जंग बहादुर सिंह भाटिया, कन्हैया पंजवानी, जयदीप सिंह, माया सलूजा जश्न दीप आदि गुरुद्वारे में उपस्थित थे।

देवी महापुराण कथा आरम्भ, प्रथम दिवस पर भव्य कलश शोभायात्रा एवं भागवत महत्तम की हुई कथा

■ जीवन के कल्याण के लिये है भागवत कथा,,भागवत एक नाव है और नाव में जो बैठेगा वो भवसागर पार कर लेगा : विष्णु अरोड़ा

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com



भाटापारा में नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा कल्याण क्लब मैदान निहलानी हॉस्पिटल के सामने मध्यप्रदेश के जिला जावरा निवासी संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा के मुखारविंद से 6 जनवरी से 14 जनवरी तक श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। जिसके प्रथम दिवस पर पंचायती मंदिर से कलश शोभायात्रा निकाली गई, जो गोविंद चौक, राम सप्ताह चौक, आजाद चौक, हाई स्कूल से होते हुए कथा स्थल कल्याण क्लब मैदान भाटापारा पहुंची। धूमधाम से शोभायात्रा में जस गीत, भजन, देवी स्तुति गाते बजाते नाचते हुए शोभायात्रा निकाली गई। कथावाचक संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा का धूमधाम से भजन संगीत के साथ कथा पंडाल में आगमन हुआ। नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के सदस्यों के द्वारा कथावाचक का स्वागत सम्मान हुआ एवं प्रथम दिवस की कथा आरंभ की गई जिसमें कथा प्रवचनकर्ता विष्णु अरोड़ा ने बताया कि मां भगवती के आशीर्वाद से आज से हम लोग देवी भागवत महापुराण प्रारंभ करने जा रहे हैं और मैं अपने आप को बहुत ज्यादा गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं कि नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के तत्वाधान में चौथी बार भाटापारा में कथा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसके पूर्व भी इसी स्थान पर चर्चा हो चुकी है और वर्तमान में भी देवी भागवत कहने जा रहा हूं और इस भागवत का महत्व ज्यादा इसलिए मानता हूं क्योंकि इस कथा का उद्देश्य ही सभी का कल्याण करना है, जीवन के कल्याण के लिए हम लोग यह सत्संग कर रहे हैं और ऐसी भूमि पर बैठकर हम लोग यह कथा कह रहे हैं जिसका नाम ही कल्याण है। श्रीमद् भागवत एवं श्रीमद् देवी भागवत में बहुत सारी समानताएं हैं भागवत में भी 12 स्कंध है एवं देवी भागवत में भी 12 स्कंध है, श्रीमद् भागवत में भी 18 हजार श्लोक हैं और देवी भागवत में भी 18 हजार श्लोक हैं, श्रीमद् भागवत के पीछे भागवत शब्द लगा है, वहीं देवी भागवत के पीछे भी भागवत शब्द लगा है यहां तक कुछ विद्वानों का मानना है कि यह दोनों ग्रंथ अलग-अलग ग्रंथ है ही नहीं अपितु एक ही ग्रंथ है, लेकिन बहुत बड़ा ग्रंथ हो जाने के कारण इसे दो भागों में बांट दिया गया है। श्रीमद् भागवत में भगवान के 24 अवतारों की स्तुति की गई है लेकिन समझने की बात यह है की 24 अवतारों की स्तुति तो श्रीमद् भागवत में है लेकिन 24 अवतारों की कथा भागवत में नहीं है, कुछ अवतारों की कथा देवी भागवत में है अर्थात अगर 24 अवतारों की कथा सुननी है तो दोनों को मिलाना होगा तब 24 अवतारों की कथा संपूर्ण होगी।

जुआ खेल रहे 2 जुआड़ियों को रामानुजनगर पुलिस ने किया गिरफ्तार, नगदी रकम, मोबाईल व बाईक किया जप्त

पायनियर संवाददाता ➤ सूरजपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध बड़ी तत्परतापूर्वक लगातार कार्यवाही करने में लगी हुई है। इसी बीच 06.01.2025 को थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम छिन्दिया बाबुपारा में कुछ जुआड़ी हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना से एसएसपी सूरजपुर को अवगत कराए जाने पर उन्होंने सतर्कता बरतते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। थाना रामानुजनगर की पुलिस टीम के द्वारा ग्राम ग्राम छिन्दिया बाबुपारा में घेराबंदी कर 2 जुआड़ी (1) उमेश गुप्ता पिता जगरनाथ गुप्ता उम्र 28 वर्ष निवासी रामानुजनगर (2) नारायण प्रसाद पैंकरा पिता धोबी राम पैंकरा उम्र 51 वर्ष ग्राम लब्जी, थाना रामानुजनगर को जुआ खेलते रंगे हाथों धर दबोचा, जुआड़ियों के पास व जुआ फड़ से 12100 रूपये जप्त किया गया। मौके से जुआड़ियों के 2 नग मोबाईल, 3 नग मोटर सायकल भी जप्त किया गया है। मामले में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्यवाही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी राजेन्द्र साहू, एएसआई क्षेत्रपाल सिंह, आरक्षक कृष्णा साहू, सम्हर लाल, जेठू सिंह, सैथ्नक देवचंद पाण्डेय व रजनीश पटेल सक्रिय रहे।

एनएसएस स्वयंसेवकों के द्वारा कोड़ेनार माध्यमिक शाला में किया गया कम्पोष्ट खाद हेतु गहरे का निर्माण

पायनियर संवाददाता ➤ किरन्दुल
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय किरन्दुल के एनएसएस के छात्र-छात्राओं द्वारा शिविर के छठवें दिवस में परियोजना कार्य अंतर्गत कोड़ेनार पंचायत स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में कम्पोस्ट खाद हेतु गड्ढे का निर्माण किया गया एवं शाला स्थित क्यारियों की साफ-सफाई की गई।एनएसएस के द्वितीय रुप द्वारा कोड़ेनार पंचायत भवन स्थित हैण्डपंप के पास सोख्ता गड्ढे का निर्माण कर भूमिगत जल संचय का कार्य किया गया। भोजन पश्चात् बौद्धिक चर्चा एवं समीक्षा बैठक अंतर्गत पोस्ट आफिस के अधिकारी स्वधा कर्ष द्वारा पोस्ट ऑफिस संबंधी योजनाओं एवं इससे मिलने वाली फायदों के बारे में बहुत ही अच्छी जानकारी बच्चों को दी गई।शिविर में अधिकारी रत्ना वर्मा, सहयोगी परमेश्वरी एवं दिनेश चेलक उपस्थित थे। समस्त कार्यक्रम का संचालन प्राचार्या उमा ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया।

शासकीय वाहनचालक संघ द्वारा सईद खान गोरी को दी गई भावभीनी विदाई

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

छ.ग.प्रदेश शास. अर्धशास. वाहनचालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ कबीरधाम द्वारा लालपुर नर्सरी में विदाई/नववर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमे विगत माह हमारे संघ के पूर्व प्रांतीय महामंत्री/जिला सलाहकार व महिला बाल विकास विभाग कबीरधाम के वाहनचालक सईद खान गोरी आपने सेवाकाल से अर्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्ति हुए थे। जिनके विदाई समारोह में संरक्षक होरीलाल धुर्वे जिलाध्यक्ष अशोक पाली उपाध्यक्ष फागूराम सचिव राजेंद्र चंद्रवंशी द्वारा सईद खान गोरी को पुष्पगुच्छ शाल श्रीफल स्मृतिचिन्ह भेंटकर कर संघ द्वारा भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विदाई कार्यक्रम उपस्थित हमारे संघ के कर्मठ जुझारू वाहनचालक सुरेंद्र झारिया, कुबेर साहू, कमलेश साहू, ओमप्रकाश, परमेश्वर पटेल सहित जिले के सभी विभागों के वाहनचालक उपस्थित रहे।

सरदारनी महिंदर कौर का निधन

अमलीडीह(कल्पतरु) निवासी सरदारनी महिंदर कौर अरोरा (पत्नी स्व. सरदार अमर सिंह अरोरा) का निधन दिनांक 6 जनवरी 2025 को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार राजेंद्र नगर मुक्ति धाम में किया गया। वे राजिंदर सिंह अरोरा की माता थी।

किरन्दुल में साहू समाज द्वारा राजिम माता जयन्ती मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ किरंदुल
www.dailypioneer.com

तहसील साहू समाज किरंदुल के तत्वाधान में राजिम माता जयंती एवं तहसील साहू समाज के नवीन भवन के भूमिपूजन का कार्यक्रम साहू समाज किरंदुल के भवन में भव्यता से किया गया। सर्वप्रथम साहू समाज के भवन में प्रातः सत्यनारायण पूजा अर्चना के बाद राजिम माता की महाआरती की गई एवं समस्त भक्तों को भोग प्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात तहसील साहू समाज किरंदुल के लिए एनएमडीसी किरंदुल परियोजना की ओर से बनने वाले नए भवन निर्माण का भूमिपूजन एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस दौरान एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक वर्क्स किशन आहूजा, महाप्रबंधक उत्पादन राजा कुमार, महाप्रबंधक माइनिंग एस के कोचर, महाप्रबंधक कॉन्ट्रेक्ट सेल इम्परान, उप महाप्रबंधक कार्मिक बी के माधव, उप महाप्रबंधक कार्मिक के एल नागवेणी, उप महाप्रबंधक सिविल टी एस रामनाथ, सचिव एस के एम एस कार्यकारी अध्यक्ष रोशन मिश्रा, सचिव इंटक एके सिंह, थाना प्रभारी प्रहलाद साहू अतिथियों के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान तहसील साहू समाज के अध्यक्ष टीकम साहू, सचिव देवेंद्र साहू, लाला राम साहू, योगेश साहू, ओम साहू, जीवन साहू, ओमप्रकाश, अनिल साहू, हेमन्त साहू विशेष रूप से मौजूद रहे।

बेहतर कानून व्यवस्था के लिए जिला नशा मुक्त होना जरूरी : राजेंद्र कटारा

■ कलेक्टर की अध्यक्षता में त्रैमासिक बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ बलरामपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की अध्यक्षता एवं एसपी बैंकर वैभव रमनलाल की उपस्थिति में जिला स्तरीय नार्को समन्वय समिति (एनसीओआरडी) की तिमाही बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर कटारा ने कहा कि जिले में मादक पदार्थों, नशीली दवाइयों के खिलाफ औषधि, पुलिस एवं आबकारी विभाग को मिलकर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि जिले में नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर नियंत्रण करने की कार्यवाही की समीक्षा करते हुए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के आपसी समन्वय से जिले में लगातार नशीली दवाओं के अवैध व्यापार पर लगातार कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने स्कूल और कॉलेजों के आसपास कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित कर नशा मुक्ति हेतु जन जागरूकता लाने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि समाज कल्याण विभाग द्वारा मिशन रोड बलरामपुर में नशामुक्ति केन्द्र का संचालन भी किया जा रहा है,जहां नशा पीड़ित व्यक्तियों की काउंसलिंग की जाती है तथा नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसे नशा पीड़ित व्यक्ति की पहचान कर नशामुक्ति केन्द्र में प्रवेश दिलाया जा सकता है। वहीं एसपी ने कहा कि नशीली दवाओं की निगरानी के लिए मेडिकल स्टोर का सघन जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सूचना तंत्र मजबूत रखते हुए त्वरित कार्यवाही करें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रेना जमील,अपर कलेक्टर इन्द्रजीत बर्मन,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

पीएम श्री विद्यालयों में अंशकालिक योग, खेल, शिक्षक, प्रशिक्षक पद हेतु चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी

सूरजपुर। राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, छत्तीसगढ़, रायपुर विज्ञापन जारी किया जाकर 28 अक्टूबर को सायं 05:30 बजे तक जिले के पीएम श्री विद्यालयों में अंशकालिक योग, खेल, शिक्षक, प्रशिक्षक पद हेतु पृथक-पृथक विद्यालयों हेतु आवेदन आमंत्रित किये गए थे। विभागीय जांच समिति द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया गया। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात् अंतिम वरीयता सूची का प्रकाशन 12 दिसंबर 2024 को किया। 17.12.2024 को वरीयता क्रमानुसार 10 उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाया गया था। उपस्थित उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन उपरांत आज चयन एवं प्रतिक्षा सूची जारी कर दिया गया है।

विधायक भावना बोहरा ने करोड़ों के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ➤ कवर्धा
www.dailypioneer.com

पंडरिया विधानसभा में अधोसंरचना विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहें हैं। सौन्दर्यीकरण से लेकर जनता की सुविधाओं हेतु सड़क, नाली, पुल-पुलिया निर्माण, प्रकाश व्यवस्था हेतु हाई मास्ट लाइट व स्ट्रीट लाइट जैसे विकास कार्यों के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने करोड़ों के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उन्होंने सोमवार को इंदौरी नगर पंचायत में अधोसंरचना मद के अंतर्गत 1 करोड़ 78 लाख 70 हजार की लागत से होने वाले कुल 12 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने नगर पंचायत पांडातराई में हाई मास्ट लाइट एवं शेड निर्माण हेतु 34 लाख 5 हजार तथा नगर पालिका परिषद् पंडरिया में कुल 49 लाख 37 हजार की लागत से शेड व आहता निर्माण तथा सांस्कृतिक कला मंच एवं प्रकाश व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस तरह कुल 2 करोड़ 62 लाख 12 हजार के विकास कार्यों का भूमिपूजन विधायक भावना बोहरा द्वारा किया गया। इस दौरान भावना बोहरा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। हमारे पंडरिया विधानसभा में भी पांच वर्षों तक कांग्रेस के शासनकाल में जो विकास कार्य ठप्प पड़े थे वह अब तीव्र गति से हो रहें हैं। सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है तो जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी उनकी आकाँक्षाओं के अनुरूप किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास से लेकर सौन्दर्यीकरण व प्रकाश व्यवस्था की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। वहीं हमारे शहरी क्षेत्रों में भी व्यावसायिक गतिविधियों को गति देने के लिए अधोसंरचना विकास व सौन्दर्यीकरण, चौक-चौराहों का निर्माण तथा सुगम आवागमन के लिए सड़कों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास, सौन्दर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु प्रतिबद्धता और पारदर्शिता के साथ डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा विकास कार्यों की सौगात जनता को लगातार मिल रही है। इस सौगात के लिए मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करती हूँ।

सड़क सुरक्षा के तहत हटाया गया कब्जा

सड़क सुरक्षा को लेकर सतत रूप से चलता रहेगा अभियान मनोज राठौर

पायनियर संवाददाता ➤ कोरबा
www.dailypioneer.com

कोरबा प्रतिवर्ष 1 जनवरी से 31 जनवरी तक पूरे देश भर में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जाता है जिसके तहत लोगों को सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं से बचने की जानकारी दी जाती है इसी कड़ी में 1 जनवरी से यातायात पुलिस कोरबा के द्वारा जिले भर में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत यातायात नियमों को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है और आवश्यक जानकारी दी जा रही है यह अभियान लगातार जिले के अलग-अलग क्षेत्र में चल रहा है यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहित अपने अधिकारियों के निर्देशों का पालन करते हुए आम जनों को यातायात नियमों की जानकारी दी जा रही है वहीं इस दौरान सड़क के किनारे गलत तरीके से खड़े किए गए वाहनों के साथ-साथ सड़क के किनारे भेजो कब्जा करके ठेला गुमटी का संचालन करने वालों को हटाया जा रहा है मंगलवार को यह अभियान संयुक्त रूप से यातायात पुलिस कोरबा नगर निगम एवं परिवहन विभाग के द्वारा सुभाष चौक निहारिका से घंटाघर चौक तक चलाया गया इस दौरान सड़क के किनारे कब्जा करके व्यापार करने वाले व्यापारियों को समझाइए देकर वहां से हटाकर चौपाटी में शिफ्ट कराया गया यातायात पुलिस कोरबा के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर ने बताया कि न केवल सड़क सुरक्षा सप्ताह बल्कि अन्य दिनों में भी वर्ष भर सड़क सुरक्षा को लेकर सतत रूप से अभियान चलाया जाएगा जिस की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

जागरूकता बचाती है दुर्घटनाओं से डीएसपी डीके सिंह

वर्तमान में न केवल जिले में बाल कि देशभर में सड़क दुर्घटनाओं में लगातार वृद्धि देखी जा रही है इसमें सबसे अधिक मौत देश के भविष्य अर्थात युवाओं की हो रही है और इसकी मुख्य वजह जागरूकता का ना होना अथवा लापरवाही ही है यह कहना है यातायात पुलिस कोरबा के डीएसपी डी के सिंह का डीएसपी सिंह अपने मातहत यातायात पुलिस जवानों के साथ सड़क सुरक्षा के तहत यातायात नियमों के पालन को लेकर लगातार लोगों को जागरुक करते हुए जहां जरूरी है वहां आवश्यक कार्रवाई भी कर रहे हैं मंगलवार को चले सड़क सुरक्षा अभियान में नगर निगम के कर्मचारी परिवार विभाग के संजय वस्त्रकर यातायात पुलिस के सहायक उप निरीक्षक मनोज राठौर आरक्षक जय यादव एवं सत्यजीत सहित अन्य उपस्थित रहे।

भगवान संसार का तारणहार है: गोपिकेश्वरी

उतई। कालिका मंच उतई नगर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के षष्ठम् दिवस में कथा वाचिका गोपिकेश्वरी देवी ने कहा कि भगवान संसार का तारणहार है। जीवो को तारने के लिए ही भगवान धरती में आते हैं। धरती के कण कण में ईश्वर का वास है। मोह माया के बंधन में हम उन्हें पहचान नहीं पाते। आगे उन्होंने महारास की कथा बताते हुए पहले भगवान् की योगमाया शक्ति का स्वरूप बताया कि कैसे योगमाया की शक्ति से भगवान् अपने स्वभाव से विपरीत कार्य करते हैं। माया से परे होकर भी माया के समस्त कार्य करते हैं। इसलिए कभी भी भगवान् के कार्य सुन कर देख कर बुद्धि नहीं लगानी चाहिए न ही उनकी नकल करनी चाहिए। फिर महारास क्या होता है कैसे जीव को महारास प्राप्त हो सकता है ये सब विषय बताया गया। फिर कंस वध की कथा बताते हुए आगे रुक्मिणी की कथा श्रवण करवाई गई और बड़े हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण रुक्मिणी व्यहला उत्सव मनाया गया।

हर राज्य की अपनी एक विशिष्ट पहचान है : राज्यपाल रमेन डेका

राजभवन में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख का स्थापना दिवस

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

राजभवन में कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख राज्यों का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने इस अवसर पर कहा कि भारत विभिन्न रंगों के अनेक पुष्पों की एक माला है। हर राज्य की अपनी एक अलग पहचान है। इन राज्यों के लोग अपनी विशिष्ट पहचान के साथ छत्तीसगढ़ में निवास करते हुए व्यवसाय या नौकरी कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर शुरू की गई केन्द्र सरकार के एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत विविधता में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए सभी राज्य एक-दूसरे राज्यों का स्थापना दिवस मना रहे हैं। इसी कड़ी में राजभवन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले कर्नाटक, तमिलनाडु, दिल्ली, झारखंड, उत्तराखंड, जम्मू व कश्मीर और लद्दाख राज्य एवं केन्द्र शासित प्रदेशों के लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राज्यपाल ने स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि इस कार्यक्रम के पीछे का विचार, विभिन्न राज्यों की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और प्रथाओं के ज्ञान का आदान-प्रदान करना है, जो आपसी समझ और सद्भाव को बढ़ावा देगा, जिससे भारत की एकता और अखंडता मजबूत होगी। इस परिप्रेक्ष्य में आज का कार्यक्रम एक गौरवपूर्ण क्षण है। राज्यपाल डेका ने कहा कि हर राज्य का स्थापना दिवस, उस राज्य के इतिहास में एक महत्वपूर्ण दिन होता है। राज्य की समृद्धि और विकास का गवाह यह दिन हमें अपने राज्य की स्थापना के मूल उद्देश्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने का रास्ता दिखाता है। उन्होंने कहा कि इन राज्यों का स्थापना दिवस, केवल उनके विकास की यात्रा का उत्सव नहीं है बल्कि भारत की विविधता और एकता का प्रतीक है। राज्यपाल डेका ने विभिन्न राज्यों की विशेषताओं को रेखांकित किया। माटी का स्वर्ग, कर्नाटक अपने अद्वितीय प्राकृतिक सौंदर्य और संस्कृति के साथ-साथ भाषा और साहित्य में समृद्ध है। यह राज्य कन्नड़ साहित्यकारों और कवियों का घर है, जिन्होंने भारतीय साहित्य को अद्वितीय ऊंचाईयां प्रदान की है। तमिलनाडु राज्य के संबंध में कहा कि यह भारत की द्रविड़ सभ्यता का केंद्र है जो अपनी कला, संस्कृति, भाषा, साहित्य, आध्यात्मिक धरोहर के लिए विख्यात है।

नक्सली हिंसा में शहीद हुए जवानों को राजभवन में दी गई श्रद्धांजलि

बीजापुर जिले में नक्सली घटना में शहीद हुए जिला रिजर्व गार्ड के जवानों को राजभवन में श्रद्धांजलि दी गई। राजभवन में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के आरंभ होने के पूर्व राज्यपाल रमेन डेका एवं उपस्थित विभिन्न राज्यो के प्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, विद्यार्थियो, राजभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन धारण कर मृत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुधार हेतु नगर निगम की पहल

उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने किया शहर के पहले ई-चार्जिंग स्टेशन का लोकार्पण

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुधार कार्य योजना के तहत रायपुर शहर में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के सहयोग से स्थापित पहले ई-चार्जिंग स्टेशन का लोकार्पण उपमुख्यमंत्री अरूण साव के कर कमलों से हुआ। इस दौरान साव ने सांसद बृजमोहन अग्रवाल, स्थानीय विधायक सुनील सोनी व उत्तर रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा की उपस्थिति में जन जागरूकता से जुड़े स्वच्छ वायु संदेश युक्त पोस्टर का विमोचन भी किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन विकास विभाग के संचालक कुंदन कुमार, रायपुर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, बीरगांव नगर निगम आयुक्त युगल उर्वशा सहित नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिला प्रशासन रायपुर के मार्ग दर्शन में रायपुर नगर निगम व बीरगांव नगर निगम, जिला परिवहन कार्यालय, सीएसआईडीसी पर्यावरण संरक्षण मंडल, पुलिस व यातायात विभाग मिलकर स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुधार कार्य योजना पर काम कर रहे हैं। 15 वें वित्त आयोग भारत सरकार के दिशा निर्देश में रायपुर व बीरगांव में ई-चार्जिंग स्टेशन का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है एवं सघन वृक्षारोपण के साथ ही धूल मुक्त सड़कों के निर्माण की दिशा में पहल की जा रही है। प्रदूषण के स्वास्थ्यगत खतरों को देखते हुए नॉन मोटराइज्ड मार्ग निर्धारित करने, पक्षी विहार तैयार करने व शहरी उद्यानों के रख-रखाव पर ध्यान दिया जा रहा है। रायपुर में नगर निगम द्वारा सी एण्ड डी प्लांट भी शुरू किया गया है, जिससे भवन निर्माण व विध्वंस सामाग्री से पुनः उपयोग किए जाने हेतु पेवर, गमले व निर्माण कार्य में उपयोग किए जाने सामाग्री का निर्माण किया जा रहा है। इस संयंत्र का संचालन महिला स्व-सहायता समूह कर रही है। सी.सी. रोड और बी.टी. मार्गों का निर्माण व संधारण भी नगर निगम कर रहा है, जिसके माध्यम से धूल को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्य मार्गों की सफाई यांत्रिक पद्धति से कर धूल को निगमित किए जाने रूप रेखा भी नगर निगम ने तैयार की है। जागरूकता अभियान के अंतर्गत सोशल मीडिया व संवाद के विभिन्न साधनों का उपयोग करते हुए इस अभियान में आम नागरिकों की भागीदारी ली जा रही है।

आश्रम-छात्रावासों में 'स्वच्छ परिसर स्वच्छ जीवन' अभियान चलाया जाए : सोनमणि बोरा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सानमणि बोरा ने विभागीय अधिकारियों की बैठक लेकर काम-काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आश्रम-छात्रावासों में साफ-सफाई के लिए 'स्वच्छ परिसर स्वच्छ जीवन' अभियान चलाया जाए। बोरा ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना नियद नेल्लानार, पीएम जनमन एवं धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के लक्ष्यों को समय-सीमा में पूरा कर करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के तहत पात्र हितग्राही योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे इसका भी विशेष रूप से ध्यान दिया जाए। बैठक नवा रायपुर स्थित आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। समीक्षा बैठक में आयुक्त पी.एस.एल्मा, अपर संचालक संजय गौड़ सहित सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कहा कि छात्रावास आश्रमों में प्राप्त सामग्री के उपयोग से पूर्व निर्माण एवं क्रय समिति से अनुमोदन के साथ ही सामग्री का भौतिक सत्यापन भी कराया जाए। उन्होंने सहायक आयुक्तों को अनुदान प्राप्त शासकीय संस्थाओं की हर चार माह में बैठक लेने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की और लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास-आश्रमों की साफ-सफाई के संबंध में स्वच्छ परिसर स्वच्छ जीवन अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

सभी जोन कमिश्नर अनिवार्य रूप से आमजनों की समस्याएं सुनकर उनके त्वरित निदान हेतु उपलब्ध रहें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर नगर पालिक निगम कार्यालय में प्रशासक जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा की उपस्थिति में अपर आयुक्तगणों, उपायुक्तगणों, जोन कमिश्नरों की बैठक लेकर नगर निगम के कार्यो की समीक्षा कर जनहित की दृष्टि से आवश्यक निर्देश दिये। प्रशासक ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया है कि वे सप्ताह में प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक जोन कार्यालय में आने वाले आमजनों से मिलकर उनकी समस्याएं सुने एवं सभी समस्याओं का त्वरित निदान करवाने का कार्य सुनिश्चित करें। किसी भी जोन में एवं नगर निगम मुख्यालय में शासन की लोककल्याणकारी सामाजिक सुरक्षा पेंशन और निराश्रित पेंशन के तहत कोई भी आवेदन लंबित ना रहे एवं उसकी स्वीकृति में अनावश्यक विलंब कदापि ना हो, इसका विषेष ध्यान संबंधित अधिकारी रखें। जिला कलेक्टर, प्रशासक ने निर्देशित किया है कि सफाई कार्य राजधानी शहर के अनुरूप पूर्ण गंभीरता से करवाया जाये, निर्धारित सफाई कामगारों की ड्यूटी पर शत प्रतिशत संख्या में उपस्थिति सुनिश्चित हो एवं सफाई कार्य को निरंतर मॉनिटर कर जनअपेक्षित रूप में गुणवत्ता युक्त करवाया जाये।

भाजपा सरकार किसानों को धान की कीमत 3100 रु क्विंटल नहीं दे रही : दीपक बैज

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानों से 2300 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी कर रही है और उसी दर से किसानों को भुगतान कर रही है। भाजपा ने विधानसभा चुनाव में किसानों से वादा किया था धान के खरीदी 3100 रु क्विंटल की दर से की जाएगी और एकमुश्त भुगतान ग्राम पंचायत भवन में किसानों को नगद किया जाएगा। जो अब तक धान खरीदी के दौरान कहीं देखने को नहीं मिला है, यह किसानों के साथ धोखा है और भाजपा का चरित्र वादाखिलाफी करना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि किसान धान बेचने भटक रहे, उन्हें बारदाना नहीं मिल पा रहा है, टोकन नहीं दिया जा रहा है, धान खरीदी केंद्रों में धान जमा हो गया है, कस्टम मिलिंग हो नहीं पा रहा है। प्रदेश के कई धान केंद्रों में एक सप्ताह से अधिक हो गया है धान की खरीदी नहीं हो रही है। सरकार फर्जी और गुमराह करने वाले आंकड़े जारी करके धान खरीदी को बेहतर बता रही है और खुद के हाथ से पीठ थपथपा रही है जबकि किसान हताश और परेशान धान खरीदी केंद्रों का चक्कर लगा रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा का चरित्र ही धोखा बाजी है। भाजपा की केंद्र सरकार 11 साल से किसानों को धोखा दे रही है। छत्तीसगढ़ में 15 साल के भाजपा सरकार के दौरान भी किसानों को भारी तकलीफों का सामना करना पड़ा था और एक बार फिर वही स्थिति और परिस्थितियों किसानों के सामने उत्पन्न हो गई है।

पीएचसी के लिए आरक्षित जमीन से हटाया गया बेजा कब्जा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर जिले में सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाईयां तेज कर दी गई हैं। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने भी समय सीमा की साप्ताहिक बैठकों में शासकीय जमीनों पर अवैध रूप से किए गए कब्जों को हटाने में तेजी लाने के निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए है। इसी क्रम में तहसीलदार पवन कोसमा ने दतरेंगा और डोमा ग्राम पंचायतों में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। तहसीलदार की मौजूदगी में ग्राम पंचायत दतरेंगा में सरकारी जमीन पर नियम विरूद्ध बनाई गई बाउड्रीवाल को जेसीबी मशीन से गिरा दिया गया। वहीं ग्राम डोमा में तालाब के ऊपर किए जा रहे अवैध कब्जे को भी हटा दिया गया। इस दौरान क्षेत्र के पटवारी, ग्राम पंचायतों के सरपंचों के साथ अन्य राजस्व अमला भी मौजूद रहा। तहसीलदार कोसमा ने बताया कि ग्राम दतरेंगा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए आरक्षित की गई शासकीय भूमि पर पंजवानी नाम के व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा था। इस भूमि पर पंजवानी ने अवैध रूप से बाउड्रीवाल भी खडी कर ली थी। तहसीलदार द्वारा इस अवैध कब्जे के खिलाफ पंजवानी को नोटिस जारी कर उसे हटाने के निर्देश दिए गए थे। तहसीलदार ने यह भी बताया कि जारी नोटिस के बाद भी पंजवानी ने अवैध कब्जा नहीं हटाया। लगभग 50 डिसमिल शासकीय भूमि को घेरकर बनाई गई बाउड्रीवाल को आज जेसीबी मशीन से गिराकर कब्जामुक्त कर दिया गया है। अब इस भूमि पर लोगों की सुविधा के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बन सकेगा। तहसीलदार ने डोमा गांव में भी तालाब के किनारे ग्रामीणों द्वारा सीमेंट पोल गडाकर तार से घेरा बना शासकीय जमीन पर किए जा रहे कब्जे को हटवाया।

08 Jan. 2025
Pride Of Raipur

जगह उपलब्ध
कोचिंग एवं ट्यूशन क्लास
के लिए शहर के प्राइम लोकेशन में फुल्ली फर्निश्ड जगह उपलब्ध।
1. सिविल लाइन, 2. चौरसिया कॉलोनी, संतोषी नगर, रायपुर में, पार्किंग सुविधा के साथ। संपूर्ण सुविधायुक्त क्लासरूम, टेबल, चेयर और बोर्ड्स सहित।
समय - 2 बजे से रात 10 तक
संपर्क - 7828253335, 9300253335

9589386162, 7354929810

माली चाहिए
फार्म हाऊस हेतु
पिरदा, रायपुर स्थित 4 एकड़ फार्म हाउस के लिए अनुभवी कृषक परिवार की आवश्यकता है जो फॉर्म में लगे फलों के पौधों का रखरखाव और सब्जी लगाने में जानकार हो साथ ही गार्डन साफ-सफाई करने में सक्षम हो, रहने की सुविधा उपलब्ध।
संपर्क : 8435034111

जय श्री कृष्णा
अंकित बाउण्ड्रीवॉल

अब आपके बेशकीमती प्लाट को सुरक्षित रखना हुआ आसान
प्रिकास्ट, ब्रिक्स बाउण्ड्रीवाल, डी.पी. सी पोल फेसिंग करवाने हेतु संपर्क करें।
V.I.P. रोड रायपुर
98279-59655

RIDERZONE
SINCE 2017
■ हेलमेट ■ राइडिंग जैकेट ■ राइडिंग ग्लव्स
■ राइडिंग पैंट ■ राइडिंग जूता ■ एसेसरीज

श्याम नगर, रायपुर (छ.ग.)
CONTCAT - 80162-38584

TENSILE SHADE
WE PERSENT ONLY THE BEST
CAR PARK SHADE
WEATHER PROTECTION
tensile + membrane + structure

R.B.Plus RAIPUR
81091 11313
86028 11220

होमलोन व मार्डगेज लोन
10 लाख से 10 करोड़ तक
राष्ट्रीयकृत एवं प्रतिष्ठित बैंक द्वारा
होम लोन ब्याज दर मात्र 8.70%*
मार्डगेज लोन ब्याज दर मात्र 9.50%*
वर्तमान होमलोन को ट्रांसफर करायें कम ब्याज दर पर 8.70%
पायें उतना ही अतिरिक्त लोन, होम लोन दर पर 8.70%*
SHRI SIDDHI VINAYAK FINACE
Near Samudayik Bhawan, Jorapara, Raipur
Mob.: 9329002356
नोट - बैंकिंग एवं फायनेंस सेक्टर में कार्य करने हेतु अनुभवी लड़कों की आवश्कता है।

क्या आपके यहां बार - बार चोरी हो रही है ?
तो ब्रांडेड कैमरे ही लगवायें
हम सामान ही नही, सर्विस भी अच्छी देते है
शहर से बाहर गोडाउन, घर एवं शॉप को मोबाईल पर लाईब देखें
क्या आप सस्ते कैमरे लगवाकर नाखुश है ?
सेल्स एण्ड सर्विस के लिए संपर्क करें -
लक्ष्मी सिक्यूरिटी सिस्टम
91652-22223, 93292-94567

Cartridge Refiling
Refiling @ Your Door Step

JB Mall, Lower Ground Floor, M.G. Road, Raipur (C.G.)
Callaway Print Your Omagination With Us..
9302787900, 9425211789

विज्ञापन के लिये संपर्क करें : 9827146567, 9329846567

नगर पालिक निगम रायपुर में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के कुल 143 प्रकरण की सूची जारी

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम रायपुर में सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के आश्रित अभ्यर्थियों को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने के संबंध में अभ्यर्थियों के अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरण में संलग्न समस्त दस्तावेजो का परीक्षण रायपुर नगर निगम मुख्यालय स्थित तृतीय तल के सभा कक्ष में 26 दिसम्बर 2024 से 1 जनवरी 2025 तक दावा आपत्ति मंगाई गयी, जिसमे आश्रित अभ्यर्थियों द्वारा दावा आपत्ति प्रस्तुत की गयी है। सेवाकाल के दौरान दिवंगत कर्मचारियों के कुल 143 प्रकरण की सूची जारी की गई है। सभी नागरिको से अनुरोध किया गया है कि यदि कोई व्यक्ति / कर्मचारी अनुकंपा नियुक्ति हेतु पैसे की मांग करता है, तो इसकी लिखित सूचना आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर को तत्काल देने का कष्ट करे।

दिव्यांग को कलेक्टर के निर्देश पर तत्काल 500 रू. मासिक निराश्रित पेंशन ऑनलाईन स्वीकृत की गई

निराश्रित पेंषन हेतु नगर निगम कार्यालय के चक्कर लगा रहे नगर निगम जोन 10 के तहत गुरू घासीदास वार्ड क्रमांक 49 के निवासी दिव्यांग अरूण ध्रुव को नगर निगम रायपुर के प्रशासक एवं जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर तत्काल प्रक्रिया के तहत नियमानुसार 500 रू. निर्धारित मासिक पेंशन को ऑनलाईन सिस्टम में स्वीकृति दे दी गई है। प्रशासक एवं जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को दिव्यांग नागरिक के निराश्रित पेंशन हेतु कार्यालय के चक्कर लगाने की जानकारी मिलते ही उन्होने इसे तत्काल संज्ञान में लिया एवं संबंधित की पात्रता के अनुरूप शासकीय योजना अनुसार उनको पेंशन स्वीकृति देने आवश्यक कार्यवाही के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। दिव्यांग अरूण ध्रुव निराश्रित मासिक पेंशन हेतु नियमानुसार पात्र पाये गये एवं उन्हें तत्काल सिस्टम में ऑनलाईन स्वीकृति निराश्रित मासिक पेंशन 500 रू. प्रति माह देने प्रदान कर दी गई। रायपुर नगर निगम प्रशासक एवं जिला कलेक्टर द्वारा इस पर अप्रसन्नता व्यक्त की गई कि नगर निगम क्षेत्र में पात्र दिव्यांग नागरिक को निराश्रित पेंशन के प्रकरण में स्वीकृति हेतु अनावश्यक विलंब हुआ उन्होने निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरण की पुनरावृत्ति नगर निगम में ना हो यह सुनिश्चित किया जाये। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने इसे संज्ञान में लेते हुए नगर निगम जोन 10 की राजस्व उपनिरीक्षक नीलिमा ठाकरे को निराश्रित पेंशन का कार्य समय सीमा में नहीं करने एवं इससे पेंशनरों को आर्थिक परेशानी होने को लेकर इस हेतु संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक जोन क्रमांक 10 की आगामी एक वेतन वृद्धि असंचयी भाव से रोके जाने का आदेश दिया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403